सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
14.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 269 | 06 | वर्तमान भारत में डॉ अंबेडकर की स्वीकार्यता




# छविरंजन और पत्नी समेत 22 ठिकानों पर इडी का छापा

## रांची, टाटा, सिमडेगा समेत गोपालगंज और कोलकाता में एक साथ रेड

›› बड़गाई अंचलकर्मी भानू गिरफ्तार, घर से मिले जमीन से जुड़े कई अहम दस्तावेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गुरुवार की सुबह रांची के पूर्व डीसी (वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के निदेशक) छवि रंजन के रांची आवास, जमशेदपुर के कदमा स्थित उनकी पत्नी लवली चौबे के आवास समेत बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल में स्थित 22 ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की। छापेमारी में इडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे। जमशेदपुर आवास से लवली चौबे के घर के कैश भी बरामद किया गया है। इडी की टीम ने रांची बड़गाई अंचल के सीआइ भानू के बरियातू और सिमडेगा स्थित घर में दबिश दी। इडी ने उसके घर से जमीन संबंधी दस्तावेज, फर्जी स्टांम्प समेत कई दस्तावेज को बरामद किया है। पुलिस ने सीआइ भानु प्रताप को गिरफ्तार कर लिया है। यह छापामारी सेना की जमीन खरीद बिक्री के मामले में तीन राज्यों में एक साथ 22 ठिकानों पर की गयी। इडी के कहर में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, जमीन कारोबारी अफसर अली, सद्दाम हुसैन, अधिवक्ता मदन कुमार, इम्तियाज अली, राजस्व कर्मी अशोक सिंह, भानु प्रताप और दीपक कुमार के घर पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इडी की टीम ने कोलकाता के आसनसोल स्थित प्रदीप बागची के यहां छापेमारी की गयी। इडी ने बिहार के गोपालगंज में जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बनतैल गांव में कुचायकोट प्रमुख बबली सिंह के भाई राजेश राय के घर भी छापा मारा और वहां से जमीन संबंधी दस्तावेज जब्त किया।

(शेष पेज 11 पर)




### भानु के यहां मिले कागजात से इडी हैरान

ईडी की टीम बड़गाई के अंचल कर्मी भानु प्रताप के बरियातू स्थित घर पहुंची थी। घर में जांच के दौरान ईडी को एक कमरा बंद मिला। उस कमरे में ताला बंद था। जब कमरे को खोल कर इडी के अफसर अंदर गये तो वे चौंक उठे। कमरे के अंदर स्टील के कई बक्से पड़े थे जिनके अंदर हजारों की संख्या में जमीन संबंधित दस्तावेज थे। पूछताछ में जानकारी मिली कि कर्मचारी सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज घर में ही रखता था, ताकि जरूरत के हिसाब से उन में हेर-फेर किया जा सके। जानकारी के मुताबिक भानु प्रताप के घर से बड़े-बड़े बक्सों में रखे गये कई महत्वपूर्ण जमीनों के कागजात इडी ने बरामद किये हैं। वहीं अफसर खान के घर हुई छापेमारी में इडी ने कोलकाता रजिस्ट्रार ऑफिस से संबंधित फर्जी स्टांप बरामद किया है। फर्जी कागजातों के जरिये जमीन का हस्तांतरण करने में महारत हासिल करने वाले अफसर अली के घर पर दो कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के फर्जी स्टांप तक बरामद किये गये हैं। अफसर के घर से कई ऐसे दस्तावेज बरामद हुए हैं जो यह साबित करते हैं कि जमीन माफिया और सीओ ऑफिस के कर्मचारियों के बीच गहरी सांठगांठ है।

### कहां- कहां हुई कार्रवाई

नामकुम सीओ विनोद प्रजापति के आवास, रांची हिंदपीढ़ी निवासी अशरफ खान उर्फ चुन्नू के आवास, बड़गाई अंचल के सीआई भानू प्रसाद के सिमडेगा स्थित पैतृक आवास पर छापा, भानू प्रसाद का पैतृक आवास सिमडेगा बस स्टैंड के समीप झूलन सिंह चौक पर स्थित घर। आइएएस छवि रंजन के रांची स्थित आवास और जमशेदपुर कदमा स्थित आवास पर छापा, कागजात, जेवरात और कैश बरामद, बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बनतैल गांव में कुचायकोट प्रखंड प्रमुख बबली सिंह के भाई राजेश राय के घर पर दबिश, कोलकाता के आसनसोल में प्रदीप बागची के घर छापा।

**टाटा आवास से बरामद कैश की गिनती :** जमशेदपुर के कदमा स्थित छवि रंजन के आवास पर इडी को भारी मात्रा में कैश मिला है। छवि रंजन के मास्टर बेडरूम के फ्लैट के अंदर स्पेशल सेफ्टी (तीन अलग-अलग दरवाजा) का इंतजाम है। इडी की टीम ने आदित्यपुर स्थित उनके रिश्तेदार को यहां बुलाकर फ्लैट को खुलवाया। रिश्तेदार फ्लैट का केयरटेकर है।

**सेना की जमीन से जुड़ा है मामला** इडी ने यह कार्रवाई करम टोली में सेना की 4.55 एकड़ जमीन को गलत तरीके से बेचने के मामले में की। इसके साथ ही कई जमीन की रजिस्ट्री, उसका म्यूटेशन भी गलत तरीके से कराने का मामला शामिल है। इसमें जिला प्रशासन की भूमिका को इडी ने संदिग्ध पाया था। जब जमीन की हेराफेरी हुई थी तो उस वक्त छवि रंजन रांची के डीसी थे। बनतैल गांव निवासी राजेश राय के पिता जगदीश राय (अब स्व.) तब झारखंड के जमशेदपुर में किसी विभाग में कार्यरत थे। इसी बीच उन्होंने एक 22 कट्ठा जमीन खरीदी थी लेकिन इसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। इसी दौरान जमशेदपुर का एक व्यक्ति राजेश राय के घर पहुंचा और लीज पर जमीन की मांग की और राजेश राय ने लीज पर जमीन दे दी। इसके बाद पता चला कि ये जमीन सेना की है। मामला संज्ञान में आने के बाद इडी ने उस वक्त बिहार के तीन जगह एक साथ रेड मारा था।

# अतीक अहमद का बेटा असद मुठभेड़ में ढेर



›› 5 लाख का था इनाम, झांसी में यूपी एसटीएफ से हुई भिड़ंत, शूटर गुलाम भी मारा गया

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में यूपी एसटीएफ ने माफिया अतीक अहमद के बेटे असद का एनकाउंटर कर दिया। इसके अलावा एक और शूटर गुलाम को भी पुलिस ने ढेर कर दिया है। दोनों उमेश पाल हत्याकांड में शामिल थे। दोनों पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था। गुरुवार को झांसी में डीएसपी नवेंदु और डीएसपी विमल के नेतृत्व में यूपी एसटीएफ की टीम के साथ दोनों की मुठभेड़ हो गयी। इसमें दोनों ढेर हो गये। पुलिस ने बताया कि वह भागने की फिराक में था और उसने 40 राउंड तक गोली भी चलायी लेकिन वह भागने में सफल नहीं हो सका और वहीं पर ढेर हो गया। एसटीएफ ने दोनों के पास से कई विदेशी हथियार भी बरामद किये हैं। पुत्र के मारे जाने की खबर सुन कर पिता अतीक अहमद कोर्ट में ही फूट-फूट कर रोने लगा और बेहोश हो कर गिर पड़ा। इससे पहले यूपी एसटीएफ ने प्रयागराज पुलिस के साथ उमेश पाल हत्याकांड में चार आरोपियों को एनकाउंटर में ढेर कर चुकी है। इसके बाद ये पांचवां एनकाउंटर झांसी में हुअ, जिसमें माफिया अतीक का बेटा असद मारा गया। असद, उमेश पाल हत्याकांड में मुख्य आरोपी था। गुलाम भी इसी मामले में वांछित था और पांच लाख का इनामी था। उमेश पाल हत्याकांड में यूपी एसटीएफ की यह कार्रवाई बड़ी मानी जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

**5 दिन के रिमांड पर अतीक, कोर्ट में ही रोने लगा :** माफिया अतीक अहमद और उसके छोटे भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की पांच दिन की कस्टडी रिमांड पुलिस को मिल गयी है। सीजेएम कोर्ट ने पुलिस को 13 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल की शाम 5 बजे तक की कस्टडी रिमांड दे दी है। माफिया अतीक अहमद को पेशी के लिए प्रयागराज कोर्ट लाया गया था। यहां उसके पुलिस रिमांड पर दिये जाने के मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी। उसी बीच असद के एनकाउंटर की खबर मिली। अतीक फफक-फफक कर रोने लगा। इसके साथ ही कोर्ट में पेशी पर आया अतीक का भाई और असद के चाचा अशरफ की आंखों से भी आंसू निकलने लगे।

## न्यूज डायरी

### खूंटी: तालाब में डूबकर स्कूली छात्र की मौत

**खूंटी।** हुटूबदाग बस्ती के खेत में नगर पंचायत से खोद गये नये तालाब में गुरुवार को स्कूली छात्र की डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान खूंटी के टंगराटोली निवासी मुनूरेन होरो के पुत्र सैम होरो (12 ) के रूप में हुई है।

### झारखंड के सात जिलों का पारा 40 के पार

**रांची।** झारखंड के सात जिलों का अधिकतम तापमान 40° तक पहुंच गया है। अभी गर्मी और बढ़ेगी, पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में तापमान अभी और बढ़ने की संभावना है, जिससे कई हिस्सों में लू और गर्म हवाएं तेज होने लगी है।

### बीबीसी इंडिया पर अनियमितता का केस

**नयी दिल्ली।** ईडी ने विदेशी फंडिंग में अनियमितताओं के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत बीबीसी इंडिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कदम ऐसे समय उठा है, जब आयकर विभाग ने कई कार्यालयों में आयकर ने सर्वे चलाया था।

### 17 को रांची में जुटेंगे छात्र 19 को बंद का आह्वान

**रांची।** झारखंड में नियोजन नीति को लेकर छात्रों के एक गुट के झारखंड बंद बुलाने के बाद एक बार फिर छात्र संगठनों ने 19 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। इससे पहले 17 अप्रैल को सीएम आवास घेराव की तैयारी है।

### सचिवालय घेराव : कई नाम अनुसंधानकर्ता ने जोड़े

**रांची।** सचिवालय घेराव के दौरान पत्थरबाजी और उपद्रव के मामले में जिन-जिन नेताओं के नाम छूटे थे उनके नाम पुलिस ने अपनी डायरी में जोड़ लिये। पलिस ने डायरी में पूर्व डीजीपी सह सांसद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व कई विधायकों के नाम जोड़े जो प्रदर्शन में मौजूद थे।

### नक्सलियों के बंद की घोषणा से प्रशासन अलर्ट

**रांची।** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 14- 15 अप्रैल को दक्षिणी बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जायेगी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,500 रु./प्रति किलो |

# तीन जिले बनाये जा रहे हैं वनोपज हब : सीएम



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में वनोपज आधारित उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर जीविका का महत्वपूर्ण स्त्रोत बनाया जा सकता है। वह गुरुवार को सिद्धो-कान्हो कृषि व वनोपज सहकारी लिमिटेड के निदेशक पर्षद की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने पर बल दें। सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड राज्य में कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी, फल, इमली, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, लाह, महुआ, करंज, रेशम सहित अन्य का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण तथा क्रय-विक्रय के लिये मार्केटिंग की कारगर व्यवस्था तैयार करें। (शेष पेज 11 पर)


### मास्टर प्लान के तहत बने एमएलए फ्लैट: मुख्यमंत्री

सीएम सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी के निदेशक पर्षद की बैठक हुई। जिसमें जीआरडीए अंतर्गत एचईसी क्षेत्र में 45 एकड़ भूमि पर विधायकों के लिए बनाये जाने वाले आवास निर्माण से संबंधित जानकारी सीएम के समक्ष रखी गयी। विधायकों के लिए 70 आवास बनाया जाना प्रस्तावित है। बैठक में सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीआरडीए ) विधायकों के लिए बनाये जाने वाले आवासों में मास्टर प्लान के तहत हो। सीवरेज ड्रेनेज, सड़क एवं पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें। ससमय आवास निर्माण कार्य पूरा किया जा सके। बैठक में मुख्य सचिव समेत तमाम अधिकारी उपस्थित थे।



### देवघर एम्स में भीषण आग, जांच के आदेश

**देवघर।** निर्माणाधीन एम्स में गुरुवार को भीषण आग लग गयी। आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। अस्पताल में मौजूद सभी लोग जान बचाकर बाहर निकल आये। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। प्रथमदृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बतायी जा रही है। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि देवघर एम्स की मुख्य बिल्डिंग के पोर्टिको के बाद वाले भाग में आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी जानमाल की क्षति नहीं हुई। शुरुआती जांच में पाया गया कि आग वेल्डिंग के दौरान वेस्ट मैटेरियल में लगी थी, जिसे पूर्ण रूप से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया गया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने देवघर एम्स में आग लगने की खबर पर संज्ञान लिया है। एम्स डायरेक्टर से हादसे की जानकारी ली और जांच के आदेश दिये।




## रोजगार मेला में पीएम ने 71 हजार अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र

# रांची में मुंडा ने 272 युवाओं को दिया लेटर

➲ मोदी सरकार युवाओं के उत्थान को कटिबद्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार के द्वारा चलाये जा रहे रोजगार मेला के तहत गुरुवार को पीएम मोदी ने झारखंड सहित देश भर के 71 हजार 506 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। 10 लाख युवाओं को रोजगार देने के अभियान के तहत इस चौथी रोजगार मेला में झारखंड से चयनित 272 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

राजधानी स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस सभागार में मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित हुए। पीएम के संबोधन के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड से चयनित 25 अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंप उन्हें बधाई दी।

**दरभंगा हाउस में समारोह :** इस चौथे रोजगार मेला में झारखंड से 272 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। पीएम के कार्यक्रम में रांची स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस सभागार में झारखंड के अभ्यर्थी ऑनलाइन जुड़े थे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, कांके विधायक समरी लाल और रांची विधायक सीपी सिंह समेत कई नेता मौजूद थे।

(शेष पेज 11 पर)



### अब हर क्षेत्र में हो रहा है विकास : पीएम मोदी

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देश में स्टार्टअप के माध्यम से मिल रहे रोजगार पर खुशी जताते हुए कहा कि सरकारी नौकरी के साथ-साथ स्टार्टअप के माध्यम से बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिल रहा है। 2014 से आज की तारीख की तुलना करते हुए कहा कि देश हर क्षेत्र में विकास के रास्ते पर बढ़ा है और बड़े पैमाने पर विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं लघु उद्योग के क्षेत्र में तेजी से रोजगार सृजन हुए हैं और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। अभ्यर्थियों ने खुशी जताते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार जताया और कहा कि कड़ी परिश्रम के बाद जो सफलता मिली है उससे हम बेहद उत्साहित हैं।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ**

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/27/2022-23

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed Quotation are hereby invited from registered & experience agency/forms for supply of (i) Proposed Up-Gradation of Pandit Deendayal Upadhyay Smriti Bhawan (Auditorium) at Medininagar, Palamu. (Part-I) and (ii) Proposed Up-Gradation of Pandit Deendayal Upadhyay Smriti Bhawan (Auditorium) at Medininagar, Palamu. (Part-II) with all fitting and equipment with all labour charge and accessories. the completed Quotation will be received on 20.04.2023 up to 1:00 Pm in the Office of the Executive Engineer, Building Construction, Division, Daltonganj and S.E Office-2 at Ranchi and Same will be opened on the 24.04.2023 up to 3:00 Pm in the Office of the E.E B.C.D Daltonganj.

*Detail Terms and Condition of Tender may be seen at www.jharkhand.gov.in& office notice board.*

Executive Engineer
Building Division, Daltonganj

PR 295130 Building (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या–1, गिरिडीह।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01 वर्ष 2023–2024**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या–1, गिरिडीह।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक – 19.04.23 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक – 20.04.23 अपराह्न 03:30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक – 20.04.23 अपराह्न 04:00 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या–1, गिरिडीह।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या–1, गिरिडीह।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या–1, गिरिडीह।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of 1 No. HYDT for ITI, Pachamba, Giridih under DWSD No.-1, Giridih for the year 2022-23 on term key basis | 370622.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |

कृपया निविदा की नियम एवं शर्त कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। संवेदक परिमाण विपत्र का मूल्य बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे जो कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, गिरिडीह के पदनाम से भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या–1
गिरिडीह।

PR 295102 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda,**
**Ranchi – 834002, JH Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the**
**General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e- Short Tender Notice**

**e-NIT No.- 20 /PR/ JUSNL/ 2023 – 24**

e- Short Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following works :-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Annual maintenance of GSS, Line and housekeeping work at 132/25KV Railway TSS Nagar untari for the period from 16.05.2023 to 31.03.2024. |
| Period of Work | 16.05.2023 to 31.03.2024 |
| Tender fee (Nonrefundable) | Rs.2,950.00/- (in the form of DD in favour of "Accounts Officer, Transmission Zone -IV, Daltonganj payable at Daltonganj". |
| Earnest Money Deposit | Rs.28,700.00/- in form of DD in favour of "Accounts Officer, Transmission Zone -IV, Daltonganj payable at Daltonganj". |
| Start Date and time of downloading of tender documents | 13.04.2023 at 03:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 13.04.2023 at 04.00 PM |
| End date and time of upload of BID | 26.04.2023 upto 04.00 PM |
| Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD in the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar (Daltonganj) | 27.04.2023 upto 05.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part - I) | 28.04.2023 at 12.00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, New transmission colony, Bypass road, Sudna, Daltonganj, Pin Code – 822101 (Jharkhand). |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Please contact **9771850485** for any enquiry.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 295087 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 23-24 (D)



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, चतरा**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) थाना कांड सं0–126 / 2016, दिनांक–01.03.2016, धारा–364(ए) / 302 / 201 / 120(बी) / 34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के अप्रा0 अभि0 निर्मल कुमार महतो, पे0–धनेश्वर महतो, सा0–बरवा टोला, महुआ खोंचा, बडगॉव, थाना–टंडवा, जिला चतरा का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri kr. Saurabh tripathi**
**J.M-III, Ranchi**
Schedule XLIII- High Court(M) 31c, [Old Crimina Process No.4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED SUKHDEV NAGAR(PANDRA O.P)-126/2016
[From No.4 Schedulle II Act 2 1974] (Section 82 of the code of criminal procedure.)

1. नाम व शिला पता — चूकीं मेरे पास नालिश की गई है(1)
Nirmal Kumar Mahto S/o- Dhaneshwar Mahto, Vill- Barwa Tolla, Bargaon, P.S-Tandwa, Dist-Chatra
2. किया है या करने का उसपर शुबहा है। — जो व–मुजिब दफा के सजा लायक है(2)
3. नाम — और व–तामीला वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)
4. फरार हुआ है या रूपोश है — ताके वारन्ट मजकुर उसपर जारी पाये नही जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया न हो सके गया है कि(3) जब
5. मोकाम। — U/S-364(A)/302/201/120(B)/34 IPC & 27 Arms Act मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे — अ–हजुर(6) ब–तारीख **22.05.2023** माह नालिश–मजकुर करे जवाब देही के लिए हाजिर हो आज तारीख **31.03.2023** माह सन Sd- Sri Kr. Saurabh Tripathi J.M, III, Ranchi

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि अप्रा0 अभि0 निर्मल कुमार महतो कही मिलते / दिखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय / Court of Sri Kr. Saurabh Tripathi J.M, III, Ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दे या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दे।

पुलिस अधीक्षक चतरा — 9431706359
पुलिस उपाधीक्षक(मु0) — 9431706360
डी0सी0बी0 प्रभारी चतरा — 9315853606

पुलिस अधीक्षक, चतरा।

PR.NO.295078 Police(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0-II, राँची**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02 / 2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0– I I, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 28.04.2023 से 08.05.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 09.05.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 09.05.2023, 03:30 बजे अपराह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0– I I, राँची। (2) उप विकास आयुक्त का कार्यालय, राँची।
6. निविदा का मद :– सी0एस0आर0 मद
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| क0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हेहल के शमशान घाट का सौन्द्रर्यीकरण का कार्य। | 45,68,300.00 | 91,400.00 | 5,000.00 | 3 Months |
| 2 | राजाउलातु (सिदरौल) शमशान घाट का सौन्द्रर्यीकरण का कार्य। | 19,08,400.00 | 38,200.00 | 5,000.00 | 3 Months |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0– I I, राँची

PR 295055 NREP (23-24)_D



**ई-प्रोक्योरमेंट सेल**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, राँची**

**ई-प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा (प्रथम आमंत्रण)**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– 02 / 2023–24 — दिनांक :– 12.04.2023

| SL. NO. | Name of Works | Block | Estimated Cost (In Rs) | Earnest money (In Rs) | BOQ Cost (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Mini Rural Pipe Water Scheme in Birhor Residence School in Bagodar Block under Drinking Water & Sanitation Division No.-2, Giridih (on Turn Key Basis) | Bagodar | 11,47,516 | 23,000/- | 2500/- |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (एक) महीना | | | |
| 3 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | From 15-04-2023, 4:00P.M | | | |
| 4 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 21-04-2023 up to 4:00P.M | | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि / समय | 24-04-2023 up to 4:00P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | |
| 6 | निविदा प्राप्त बिड खोलने की तिथि / समय | 25-04-2023 up to 01:00 P.M | | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह। | | | |
| 8 | निविदा खोलने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | |
| 9 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7292898986 | | | |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2480345 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह

PR 295032 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


## सभी जिलों में निकला न्याय मार्च, समाहरणालय पर विरोध प्रदर्शन, बोले सुदेश

# झारखंड को राजनीतिक रूप से कमजोर एवं आर्थिक रूप से खोखला बना रही सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार झारखंड को सामाजिक और राजनीतिक रूप से कमजोर एवं आर्थिक रूप से खोखला बना रही है। मुख्यमंत्री और जितने दिन गद्दी पर रहेंगे इस राज्य का नुकसान ही होगा। इसलिए सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का समय है। इसी मकसद से आजसू ने राजव्यापी सामाजिक न्याय मार्च निकाली है। उन्होंने ये बातें रांची में आयोजित सामाजिक न्याय मार्च में कही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में आजसू पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं, समर्थकों ने सात सूत्री मांगों को लेकर यह मार्च निकाली और समाहरणालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया तथा उपायुक्तों को मांग पत्र सौंपा। झारखंड की राजधानी रांची में मोराबादी स्थित बापू वाटिका से यह मार्च निकाली गई, जिसमें झंडे-बैनर के साथ हजारों कार्यकताओं ने शिरकत की। सामाजिक न्याय मार्च में सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंडी समाज के सामाजिक मुद्दों, खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति, जातीय जनगणना एवं पिछड़ों को आबादी अनुसार आरक्षण, पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थी, उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करना, सरना धर्म कोड पर कोई नितिगत निर्णय नहीं ले पा रही है। सरकार ने जनादेश का अपमान किया है, जनता उसका बदला लेगी। सरकार जनता के बीच अपना विश्वास खो चुकी है। सवा तीन साल में इस सरकार ने कायदे से एक भी वादे पूरे नहीं किए। उन्होने कहा कि अधिकारियों के चयन में दक्षता नहीं लुट को मानक बनाया गया है। उसी का उदाहरण दिखाई पड़ रहा है। लूट पर दबिश पड़ते ही सरकार को खतियान और ओबीसी आरक्षण की याद आई और फिर आरक्षण, नियोजन नीति को अपना पॉलीटिकल एजेंडा बनाने की कोशिश की। इसके बाद भी झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं। श्री महतो ने कहा, हमने 1932 खतियान आधारित/अंतिम सर्वे पर स्थानीय व नियोजन नीति की मांग की हेमंत सोरेन ने 2023 की स्थानीय नीति थोप दी। लूट और भ्रष्टाचार का बोलबालाः आजसू प्रमुख ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अपराध बेतहाशा बढ़े हैं। राजधानी रांची में दिनदहाड़े गोलियां चल रही। जो अफसर ज्यादा लूट मचायेगा उसे मनचाही और क्रीम पोस्टिंग मिलेगी। दक्ष और काबिल अफसरों को किनारे रखने का रिवाज है। प्राकृतिक और खनिज संपदा के संरक्षण की दुहाई देने वाला झामुमो सरकार के संरक्षण में सबसे ज्यादा इन संसाधनों की लूट हो रही है।

**श्वेत पत्र जारी करे सरकार :** जब हेमंत सरकार आयी थी उस समय उन्होंने एक झारखंड की वित्तीय स्थिति पर एक श्वेत-पत्र जारी किया था। अब सरकार के तीन साल पूरे होने पर वर्तमान वित्तीय स्थिति पर श्वेत-पत्र जारी करें।

**न्याय मार्च में ये थे शामिल :** न्याय मार्च में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, हटिया विधानसभा प्रभारी भरत काशी, खिजरी विधानसभा प्रभारी, प्रकाश लकड़ा, राजेंद्र शाही मुण्डा, पार्वती देवी, सरिता देवी सहित हजारों की संख्या में नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए।

# झारखंड में तेजी से पांव पसारने लगा है कोरोना, आंकड़े 100 के पार

## पिछले 24 घंटे में मिले 27 नये मामले, फिर भी जांच में तेजी नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धीरे-धीरे झारखंड के विभिन्न जिलों में कोरोना तेजी से पांव पसारने लगा है। पूरे राज्य में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़कर 124 हो गये हैं। पिछले 24 घंटे में 27 नए कोरोना के मामले सामने आए है। राज्य में 197 दिनों बाद यह देखने को मिला है, जब संक्रमित मरीजों की संख्या 100 पार कर गई है। डरानेवाली बात यह है कि राज्य के 14 जिले इस वक्त कोरोना संक्रमण की चपेट में है।

**रांची में कोरोना के सक्रिय मामले 48 :** राजधानी रांची में कोरोना मरीजों का सक्रिय मामला 48 हो गई है। बताते चलें कि बीते दिन बुधवार (12 अप्रैल) को राज्यभर में कोरोना के 29 नए मामले सामने आए थे। वहीं राजधानी रांची में भी एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या 29 पहुंच गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक रांची में 10 नए मरीज मिले है। हालांकि इस बीच 2 मरीज कोरोना से ठीक भी हो गए है।

**जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भुवनेश्वर भेजे गए सैंपल :** हालांकि राज्य में किस वैरिएंट से यह कोरोना संक्रमण का प्रसार हो रहा है, इसकी जानकारी के लिए राज्य स्वास्थ्य विभाग जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए 12 सैंपल भुवनेश्वर भेज चुकी है। इसकी जानकारी देते हुए विभाग के अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने बताया कि 27 मार्च को कई जगहों से जमा किए गए 12 सैंपल को भुवनेश्वर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि रिम्स में 43 सैंपल जमा है इसके अलावे जैसे ही और सैंपल आएंगे सभी का जीनोम सीक्वेंसिंग कराया जाएगा।

**बढ़ते कोरोना को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने की थी बैठक**

मालूम हो कि राज्य में दिनों दिन बढ़ रहे कोरोना मरीजों की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के विभिन्न जिलों के डीसी और सिविल सर्जन के साथ बैठक की थी। जिसमें उन्होंने कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए जिलों में कोरोना वायरस के जांच की संख्या में तेजी लाने का निर्देश दिया था। इस बीच मंत्री ने यह भी कहा था राज्यभर के बस स्टैंड्स और रेलवे स्टेशनों पर स्क्रीनिंग और टेस्टिंग की व्यवस्था दुरूस्त की जाए, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को ट्रेस किया जा सके।

## राज्य सरकार के कई और दागी ऑफिसर्स की भी जांच करे इडी : दीपक

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरूवार को राज्य के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार के महा गर्त में धकेल दिया है। रोज नये- नये कारनामे उजागर हो रहे हैं। ईडी की कारवाई में अधिकारियों के घर से अकूत अवैध संपत्ति, नकदी बरामद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी राज्य संपोषित भ्रष्टाचार के ही परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि जितने लोग ईडी की चंगुल में अबतक आ चुके हैं। ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार के कारनामे केवल उन्हीं तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिसप्रकार से भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं उससे यही लगता है कि दाल में काला नही है बल्कि राज्य सरकार की पूरी दाल ही काली हो चुकी है।

## अमिताभ कौशल, चंद्रशेखर, प्रशांत कुमार और विप्रा भाल ने संभाली नये विभागों की जिम्मेदारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमिताभ कौशल ने खाद्य आपूर्ति विभाग में गुरुवार को सचिव के पद पर योगदान कर दिया। साथ ही राजस्व, भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग का भी चार्ज ले लिया। वहीं, चंद्रशेखर ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इनके अलावा विप्रा भाल ने भी वाणिज्यकर विभाग में सचिव का पद संभाल लिया। इनके अलावा प्रशांत कुमार ने भी योजना एवं विकास विभाग में योगदान कर दिया है। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में योगदान के साथ ही काम करना शुरू कर दिया। भूमि सुधार और वाणिज्यकर तथा आपूर्ति विभाग में अधिकारियों के नहीं रहने से वेतन का मामला फंसा था। परंतु अधिकारियों के योगदान के साथ ही वहां कार्यरत अधिकारियों-कर्मियों ने राहत की सांस ली है।

इधर ग्रामीण विकास विभाग में चंद्रशेखर के योगदान के साथ ही वहां मौजूद विभागीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मौके पर निवर्तमान सचिव प्रशांत कुमार ने भी उन्हें पौधे देकर वेलकम किया और शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व ग्रामीण विकास विभाग पहुंचने पर चंद्रशेखर का मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, जेएसएलपीएस के सीईओ सूरज कुमार, संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

**सभी को साथ लाकर सर्विस डिलीवरी का प्रयास होगा : सचिव :** योगदान के बाद चंद्रशेखर ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की जितनी भी संस्थाएं हैं, उनके बीच समन्वय स्थापित कर, सभी स्टेकहोल्डर को एक मंच पर लाकर सर्विस डिलीवरी का प्रयास होगा।

## खबर एक नजर में

### लालू की सजा बढ़ाने को लेकर हाइकोर्ट में सुनवाई कोर्ट ने मामले को सक्षम बेंच में भेजने का दिया निर्देश

**रांची।** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस याचिका को सक्षम खंडपीठ में भेजने का निर्देश दिया है। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता पीएएस पति ने पैरवी की। वही लालू प्रसाद की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार ने पैरवी की। बता दें कि इस मामले में पूर्व में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है।

### मधु कोड़ा के मनी लांड्रिंग मामले में इडी के डिप्टी डायरेक्टर की दर्ज हुई गवाही

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े 3500 करोड़ रुपये से अधिक के मनी लांड्रिंग मामले में गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दूसरे दिन भी ईडी के तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर सह रांची के प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गई, जो पूरी नहीं हो सकी। 17 अप्रैल को भी उनकी गवाही जारी रहेगी। बचाव पक्ष की ओर से दिल्ली के वकील अंशुमन सिन्हा जिरह कर रहे हैं। 17 अप्रैल को भी वह दिल्ली से ही ऑन लाइन जुड़कर गवाह का जिरह करेंगे। इसकी इजाजत कोर्ट से मिल चुकी है। कोरोना काल में लगभग दो साल तक सुनवाई प्रभावित रही। लेकिन, सामान्य होने के बाद भी एक साल से अधिक समय तक गवाह अदालत नहीं पहुंच पा रहे थे। सुनवाई के दौरान मामले के आरोपी मुध कोड़ा, विनोद कुमार सिन्हा,विकास कुमार सिन्हा व विजय जोशी मौजूद थे। वहीं तीन आरोपी मनोज पुनमिया, अरविंद व्यास एवं अनिल बस्तावड़े ने कोर्ट में उपस्थिति रहने की छूट की अनुमति ले रखी है।

### दाहू यादव की याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची।** झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले से जुड़े पंकज मिश्रा के सहयोगी राजेश यादव उर्फ दाहु यादव की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। अब मामले में कोर्ट अपना आदेश सुनाएगी। दाहू यादव एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। दरअसल, दाहू यादव ने ईडी कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट एवं कुर्की करने के लिए जारी वारंट को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी कोर्ट ने 30 अप्रैल को दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया है। कई बार समन के बाद भी दोनों ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे, जिसके बाद सबसे पहले उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया, फिर इश्तेहार की कार्रवाई हुई और बाद में उनकी संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया गया है। दाहू यादव पहली बार 18 जुलाई 2022 को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर हुआ था। बाद में ईडी पंकज मिश्रा और उसे आमने–सामने बैठाकर पूछताछ करना चाहती थी। इसके लिए उसे समन किया गया था। लेकिन दाहू यादव ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ था।

### पंकज मिश्रा व प्रेम प्रकाश की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** 1000 करोड़ रुपये से अधिक के मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, बच्चू यादव एवं सत्ता के करीबी कारोबारी प्रेम प्रकाश की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों तक बढ़ा दी गई है। गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जेल से पेश किया गया। इसके बाद अदालत ने अगली पेशी की तारीख 27 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किया जा चुका है। अब मामले में ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करना है।

### आखिरी जुमे को अवकाश घोषित हो : हाजी मतलूब

**रांची ।** झारखंड राब्ता हज कमिटी के अध्यक्ष हाजी मतलूब इमाम ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर पवित्र रमजान के मलीने के आखिरी जुमे को राज्य के सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की है। उन्होंने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि 21 अप्रैल को पवित्र रमजान के आखिरी जुमा है। झारखंड के उच्च न्यायालय यहां तक की बिहार मे भी सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित है। अतः झारखंड के भी सभी सरकारी कार्यालयों में उक्त तिथि को अवकाश घोषित किया जाये। यह जानकारी हाजी मतहूब इमाम ने दी।

# नियोजन नीति : 72 घंटे का महाआंदोलन, 17 अप्रैल को सीएम आवास का घेराव, 19 को झारखंड बंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में नियोजन नीति को लेकर छात्रों के एक गुट द्वारा 11 अप्रैल बुलायी गयी बंद को विफल हो जाने के बाद एक बार फिर छात्रों का एक गुट ने झारखंड स्टेट स्टूडेंटस युनियन के बैनर तले 19 अप्रैल का झारखंड बंद बुलाया है। इससे पहले 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के देवेंद्र नाथ महतो ने मीडियाकर्मियों को बताया कि राज्य सरकार के 60/40 नियोजन नीति के खिलाफ तथा झारखंड में झारखंडियों को नौकरी की मांग को लेकर यूनियन पिछले 4 महीनों से आंदोलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा आश्वासन बार-बार दिया जा रहा है लेकिन उसका पालन नहीं किया गया है। इस वजह से झारखंडी छात्र बाध्य होकर 17 अप्रैल से त्रिदिवसीय 72 घंटे का महाआंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल 2023 यानी सोमवार को सुबह 10 बजे झारखंड के सभी जिलों से छात्र मोराबादी मैदान में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

18 अप्रैल को शाम 5 बजे राज्यभर के सभी प्रखंड और जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकाला जाएगा तथा 19 अप्रैल को झारखंड बंद किया जाएगा। बंद के दौरान आकस्मिक मेडिकल सेवा को अलग रखा गया है।

### झारखंड बंद को कई छात्र संगठनों का समर्थन मिलने का दावा

मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि झारखंड बंद का विभिन्न छात्र संगठनों ने समर्थन किया है। जिसमें आदिवासी छात्र संघ, आयसा छात्रसंघ, आदिवासी सेंगल अभियान, आदिवासी जन परिषद, आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के अलावा कई अन्य संगठन ने समर्थन किया है। मीडिया से बात करने के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, मनोज यादव, अमनदीप मुंडा, मनोज उरॉव, योगेश भारती, अशोक नायक, सूरज मंडल के अलावा अन्य छात्र शामिल थे। गौरतलब है कि 60–40 नियोजन नीति के खिलाफ छात्र पिछले कई महीनों से सोशल मीडिया के जरिए विरोध जता रहे थे। उसके बाद बजट सत्र के दौरान विधानसभा घेराव करने बड़ी संख्या में छात्र पहुंचे थे जिस दौरान लाठीचार्ज की घटना भी हुई। उसके बाद नाराज छात्रों ने सरकार पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए झारखंड बंद की घोषणा की थी लेकिन इस दौरान शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामयिक निधन की वजह से छात्रों का इस गुट ने आंदोलन को तत्काल स्थगित करते हुए 17 से 19 अप्रैल तक आंदोलन की घोषणा की थी।

# विवि का मुख्य लक्ष्य है रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से विद्यार्थियों का प्लेसमेंट : डॉ टीके शांडिल्य

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति सभागार में गुरुवार को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट कंपनी के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का कार्य है सकारात्मक सोच के साथ परिश्रम करना और विश्वविद्यालय का लक्ष्य रहेगा उनके परिश्रम को रोजगार का मूर्त रूप प्रदान करना। उन्होंने आगे कहा कि विगत 2 वर्षों में विश्वविद्यालय के विभिन्न वोकेशनल पाठ्यक्रमों के द्वारा प्लेसमेंट को ध्यान में रखकर पाठ्यक्रमों की संरचना की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों को रोजगार आसानी से मिल सके।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करते समय उसके प्लेसमेंट संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहती है। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने विभागीय शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप विद्यार्थियों के परिश्रम को विश्वविद्यालय प्लेसमेंट के द्वारा फलीभूत करता है। आगे भी विश्वविद्यालय आपके साथ रहेगा। इसके पूर्व विभाग के निदेशक डॉ अशोक नाग ने स्वागत भाषण करते हुए विभागीय कार्यकलापों की जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल 18 विद्यार्थियों का चयन वेदांत एसेट कंपनी में हुआ है।

शीघ्र ही आईसीसीआई, आईडीबीआई बैंक, लोबार्ड जैसी कंपनियां कैंपस के लिए विश्वविद्यालय आयेंगी। नियुक्ति पत्र पानेवाले विद्यार्थियों में अमित कुमार लोहरा, नारायण महतो, स्वदेश कुमार, रूपेश कुमार महतो, शौकत आलम, सलोमी टोप्पो, गौरव कश्यप, नीतीश बहेरा, भावना शर्मा आदि शामिल थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक के अलावा निदेशक डॉ अशोक कुमार नाग, विभागीय शिक्षक अनन्या प्रिया, विक्रांत कुमार रवि आदि उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### हरमू मैदान में तीन दिवसीय मिथिला महोत्सव आज से

**रांची।** झारखंड मिथिला मंच के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय महोत्सव सह सांस्कृतिक महाकुंभ शुक्रवार से हरमू के लेकगार्डेन बैंक्वेट हॉल में हो रहा है। इसकी शुरूआत कवि स्म्मेलन से होने जा रहा है। मंच के अध्यक्ष मनोज मिश्र ने बताया कि शुक्रवार को संध्या 4 बजे होटल रेडीसन ब्लू के बगल में बाबा विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। इसके पश्चात संध्या 05 बजे से लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल में साहित्यिक एवं कवि सम्मेलन के साथ प्रारंभ होगा। इस अवसर पर मैथिली के नामचीन कवि, गीतकार एवं साहित्यकार पधार रहे है। जगदीशचंद्र ठाकुर, फूलचंद्र झा, प्रवीण हितनाथ झा, अमित पाठक कमलेश प्रेमेन्द्र और दीप नारायण एक से बढ कर एक कविता का पाठ करेंगे। डॉ उज्ज्वल राय कार्यक्रम का आरंभ अपने गायन से करेंगे।

### संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा

# झारखंड आंदोलनकारियों ने रोका कैलाशपति की प्रतिमा का निर्माण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के वैनर तले गुरुवार को बिरसा चौक स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। झारखंड आंदोलनकारी विरोध प्रदर्शन के माध्यम से रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने चौराहे पर स्व कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा लगाने से रोक दिया। आंदोलनकारियों ने कहा कि उच्च न्यायालय की रोक के बाबजूद चोरी छिपे गलत तरीके से कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा लगाई जा रही है। आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के दर्द एवं दास्तान का ज्ञान नहीं है। राष्ट्रीय दल झारखंड विरोधी तत्वों की प्रतिमाएं गैर कानूनी तरीके से स्थापित कर अलग राज्य के मूल्यों को धूमिल करना चाहते हैं। विरोधियों को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव ने कहा कि झारखंड विरोधियों की प्रतिमा लगाकर यहां की पहचान को मिटाने की साजिश की जा रही है। दुती पहन और ललित ललित उरांव जैसे नेताओं की प्रतिमा लगायें जाये। वरना आदिवासी समाज विरोध करेगा। राजी पड़ा के महानगर अध्यक्ष सोनू खलखो ने कहा कि हम झारखंड विरोधियों की प्रतिमा लगाने नहीं देंगे। मजदूर नेता भुवनेश्वर केवट ने कहा कि कैलाशपति मिश्रा की ना तो स्वतंत्रता आंदोलन में और ना ही झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में कोई भूमिका है। रोजलिन तिर्की ने धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विरोध कार्यक्रम में दिवाकर साहू, अजय सिंह शिबू काली मैत्री, अनंतराम, बसंत कजूर, आयता उरांव, राहुल तिर्की, छेदी अंसारी, बंधना टोप्पो, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, जोसेफ मिंज महाबीर लोहार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास निंदनीय : संजय सेठ

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने बिरसा चौक के समीप स्थित गुजरात के पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किये जाने के प्रयास पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कैलाशपति मिश्र जैसे महापुरुष की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया और प्रशासन अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और जन जागरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों के राज्यपाल रहे कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा किया गया यह कार्य, अक्षम्य अपराध है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब इस मामले में कार्रवाई करने, दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों को अविलम्ब गिरफ्तार किया जाना चाहिये।



भाजपा सांसद ने जिला प्रशासन से कहा कि यह अक्षम्य अपराध है, दोषियों पर कार्रवाई करें

## सीएमपीडीआइ में साइबर सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के कांफ्रेसहॉल में साइबर सुरक्षा- बदलते परिदृश्य के लिए अनुकूल विषय पर एक प्रशिक्षण-सह-जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सीएमपीडीआई के मुख्य प्रबंधक (सिस्टम) एसपी बेहरा द्वारा सत्र में उपस्थित कर्मियों को सम्यक पर विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री पुष्कर, महाप्रबंधक (टीएस/जनसम्पर्क) संजय कुमार दुबे सहित अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण और कर्मी उपस्थित थे। वहीं सीएमपीडीआई के सभी क्षेत्रीय संस्थान के प्रतिनिधि/प्रतिभागीगण इस सत्र में वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

कार्यक्रम में हरेक क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन को दिए जाने वाले महत्व को ध्यान में रखते हुए कहा गया कि साइबर सुरक्षा ने अधिक महत्व प्राप्त कर लिया है। इसलिए संगठन साइबर सुरक्षा को डिजिटल परिवर्तन प्रक्रिया के एक गैर-उपयोगी भाग के रूप में नहीं देख सकते हैं। इस सत्र में सीएमपीडीआई के सुरक्षा ढांचे पर चर्चा की गई और प्रतिभागियों को अनुचित साइबर गतिविधियों के परिणामों से अवगत कराया गया।

# चोर को चोर कहने की सजा मिली राहुल गांधी को : सुबोधकांत सहाय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एक चोर(अडानी) को चोर कहने कि सजा राहुल गांधी को मिली है। इतिहास में पहली बार हुआ है कि एक सवाल पर सत्ता पक्ष के द्वारा ही सदन नहीं चलने दिया गया। उसका एक ही कारण था कि मोदी और अडानी पर राहुल गांधी ने सवाल उठाया। उनकी सदस्यता चली गयी। अडानी को विशेष छूट देने के लिए कानून को बदल दिया। दो लाख के अडानी को 2 लाख करोड़ का मालिक बना दिया। इसमें प्रधानमंत्री का चेहरा सामने आ गया। सुबोधकांत गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, रांची जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महता, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा उपस्थित थे।

सुबोधकांत ने कहा कि आज देश बहुत ही बुरे दौर से गुजर रहा है। पूरा देश बेरोजगारी, महंगाई और संवेधानिक संस्थाओं के हाथो की कठपुतली बन गया है। नरेन्द्र मोदी कि सरकार में भ्रष्टाचार पराकाष्ठा पर पहुंच चुका है। इसलिए हमलोगों ने जय भारत सत्याग्रह का रूप लेकर आएं है। सत्याग्रह के बलपर जिस प्रकार महात्मा गाँधी ने अंग्रेजों को भगाया था। उसी प्रकार मोदी सरकार को भगाने के लिए कांग्रेस सत्याग्रह संकल्प यात्रा शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने संकल्प लिया था कि हमारा विरोध सडक से लेकर संसद तक होगा और हम अपनी बात रख रहे हैं।

श्री सहाय ने कहा कि 20 जिलों का भ्रमण कर आज सिमडेगा, गुमला, रामगढ़ व खूंटी में जय भारत सत्याग्रह का कार्यक्रम हो रहा है। 16 अप्रैल को इसका समापन होगा, अब तक प्रखंडों, पंचायतों, गली, मुहल्लों में नुक्कड़ सभा कर मोदी सरकार की कारगुजारियों को बताने का काम किया गया है। गॉव में ये अभियान जारी रहेगा। 16 की तैयारी चल रही है। सभा पुराना विधानसभा मैदान में होगा।

पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की हिटलरशाही के खिलाफ कांग्रेस ने सदन से लेकर सड़क तक आंदोलन चला रही है। 13 दिनों के आंदोलन का समापन 16 को होगा। जिसको लेकर तैयारी चल रही है। सभा में सभी प्रखंड अध्यक्ष से लेकर मंच व मोर्चा के पदाधिकारियों को शामिल होने को कहा गया है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी जिम्मेवारी सौंपी गयी है। पूर्व डीसी के खिलाफ आज हुए ईडी की छापेमारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो गलत करते हैं, उनके खिलाफ जांच होनी चाहिए। लेकिन भाजपा की तरफ की भी जांच होनी चाहिए।





रांची के मेन रोड स्थित एक दुकान में ईद के लिए कपड़ों की खरीदारी करते लोग।

# 8वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए करीब पांच लाख विद्यार्थी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों की आठवीं बोर्ड की परीक्षा गुरुवार को हुई। इस परीक्षा में राज्य के विभिन्न जिलों में बनाये गये परीक्षा केंद्रों पर करीब 5 लाख बच्चों ने परीक्षा दी। पहली पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद उन्हें दोपहर का खाना खिलाया गया। इसके बा बच्चों को दूसरी पाली की पीरक्षा में बैठाया गया। जैक सचिव महीप कुमार सिंह ने बताया कि 8वीं के बच्चों का एसेसमेंट पहले ही ऑनलाइन कर लिया गया है। आज की परीक्षा के दौरान उनसे ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे गये थे। इधर राज्य के स्कूलों में आयोजित 8वीं बोर्ड की परीक्षा को लेकर सुबह में ही शिक्षक और हेडमास्टर स्कूल पहुंच गये थे। स्कूल जाने के साथ ही सीटिंग एरेंजमेंट समेत अन्य कार्यों को पूरा किया और परीक्षा आयोजित की गयी।





## स्पीड न्यूज

### 29 को मां जानकी जन्म महोत्सव मनाने का निर्णय

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने 29 अप्रैल को मां जानकी जन्म महोत्सव मनाने का निर्णय लिया है। गुरुवार को इसकी तैयारी को लेकर समिति कार्यालय में जयंत झा की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि मां जानकी नवमी वैशाख मास के शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को प्रकट हुई थी। इसलिए इस तिथि को मां जानकी जन्म महोत्सव के रूप में सारा संसार में मनाया जाता है। बाबा विद्यापति स्मारक समिति मां जानकी जन्म महोत्सव जानकी नवमी के दिन धूमधाम से मनाने का फैसला किया है।

### दर्जन भर भाजपाई पहुंचे कर्नाटक

**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह सांसद सुनील कुमार सिंह, निशिकांत दुबे, आदित्य साहू गुरूवार को कर्नाटक पहुंच गये हैं। दरअसल, भाजपा आलाकमान की ओर से इन नेताओं को कर्नाटक चुनाव में प्रचार करने के लिये दायित्व दिया गया है। इसके अलावा पार्टी के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, विधायक अनंत ओझा, डॉ नीरा यादव,नवीन जायसवाल, कोचे मुंडा को भी कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में कैम्प करने को कहा गया है। साथ ही, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व अन्नपूर्णा देवी को भी कर्नाटक चुनाव प्रचार में लगाया गया है।

### पूर्व विधायक को देखने पहुंचे कर्मवीर सिंह

**रांची।** अपनी गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से घायल गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येन्द्र तिवारी का कुशलक्षेम जानने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह पारस हॉस्पिटल पहुंचे। श्री सिंह ने पूर्व विधायक के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, विधायक भानु प्रताप शाही पारस हॉस्पिटल पहुंचकर पूर्व विधायक का कुशल क्षेम पूछा। इसके अलावा अमित सिंह, शिवपूजन पाठक, राकेश भास्कर भी उपस्थित थे।

### एनआइए ने नक्सली गंझू को कोर्ट में किया पेश

**रांची।** एनआईए ने भाकपा मोओवादी के कैडर मुनेश्वर गंझू उर्फ बीतन गंझू उर्फ मुंशी जी एवं गोविंद विरजिया को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के बाद गुरुवार को विशेष अदालत में पेश किया गया। एनआईए टीम ने अदालत के आदेश पर 10 मार्च को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से अपने साथ ले गयी थी।

# जेबीवीएनएल के बिजली टैरिफ पर जनसुनवाई पूरी

## रांची में सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं ने किया टैरिफ का जोरदार विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेबीवीएनएल के वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर गुरुवार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आइएमए भवन में जनसुनवाई की। यह अंतिम सुनवाई थी। इसके बाद आयोग बिजली टैरिफ पर अंतिम फैसला लेगा। आयोग की यह छठी जनसुनवाई थी। इसके पहले डालटनगंज, चाईबासा, दुमका, देवघर, धनबाद में जनसुनवाई पूरी हो चुकी है।

रांची में हुई जनसुनवाई में बिजली उपभोक्ताओं ने टैरिफ बढ़ाने का पुरजोर विरोध किया। कहा कि अव्यवस्थाओं के लिए जेबीवीएनएल कुख्यात है। इसे टैरिफ बढ़ाने की छूट नहीं मिलनी चाहिए। आदेशों का अनुपालन नहीं करने के कारण अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए। जनसुनवाई में आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता, सदस्य अतुल कुमार व महेंद्र प्रसाद शामिल थे। वहीं जेबीवीएनएल की ओर से जीएम राजस्व ऋषि नंदन समेत कई पदाधिकारी शामिल थे।

आयोग के चेयरमैन जस्टिस अमिताभ कुमार ने कंज्यूमरों को कहा कि रांची एरिया बोर्ड के द्वारा विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गये हैं, जिसका फायदा कंज्यूमर उठा सकते हैं। ग्रामीण से लेकर शहरी, इंडस्ट्रीज एवं जनप्रतिनिधियों के लिए अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जिस पर शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं। इसका फायदा कंज्यूमरों को उठाना चाहिये।




**वित्तीय वर्ष 2021-22 में 25 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर बढ़ाने का है प्रस्ताव :** जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में वर्तमान बिजली दर से 25 पैसा प्रति यूनिट बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। परंतु आयोग के निष्क्रिय होने के कारण बढ़ोतरी प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं हो सका। आयोग के पास वित्तीय वर्ष 2021-22, 22-23 और 2023-24 का बिजली टैरिफ का पिटीशन दिया जा चुका है। लेकिन आयोग ने अभी वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर कार्यवाही शुरू की है। आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह तीनों वर्ष का एक साथ टैरिफ पर निर्णय लेगा या फिर एक-एक कर। यह पूरी तरह से आयोग पर निर्भर करेगा। हालांकि उपभोक्ताओं ने पूर्व के वर्षों को छोड़ कर वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए टैरिफ निर्धारित करने का अनुरोध किया था।

**जेबीवीएनएल से नहीं संभल रहा तो निजी हाथों में सौंप दिया जाए :** जमशेदपुर आये उपभोक्ता अशोक बियानी ने कहा कि जेबीवीएनएल का हर डाटा और आंकड़ा झूठ का पुलिंदा है। इससे बिजली लेने वाली औद्योगिक इकाई के लोग परेशान हैं। जिन क्षेत्रों में विकल्प है, वहां के औद्योगिक कंज्यूमर दूसरी बिजली कंपनी से बिजली लेने का विकल्प चुन लिया है। क्योंकि जेबीवीएनएल सुधरने नहीं जा रहा है। जब जेबीवीएनएल से बिजली व्यवस्था नहीं संभल रहा है, तो इसे निजी हाथों में सौंप दिया जाए। वर्तमान वित्तीय वर्ष के टैरिफ क्यों सुनवाई नहीं हो रही है।

**कंज्यूमर के प्रति जवाबदेह नहीं है जेबीवीएनएल**

**चैंबर** के अजय भंडारी ने कहा कि जनसुनवाई में जन ही गायब रहता है। केवल कुछ लोग हिस्सा लेते हैं। रही बात जेबीवीएनल की तो कुछ भी हो जाए इस पर कोई असर नहीं होगा। घाटा होगा तो सरकार इसका घाटा पाट देगी। जेबीवीएनएल एक कुख्यात कंपनी बन कर रह गयी है। कंज्यूमर के प्रति जवाबदेही इसके पास नहीं है। इसके अफसर आयोग और कोर्ट के आदेश को नहीं मानते हैं।

## खबर एक नजर में

### सर्वजन पेंशन योजना का लाभ सभी लाभुकों को मिले : डीसी

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना को ससमय पूरा करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि एक–एक आवास जो इस योजना से बन रहे हैं, उसे फील्ड में जा कर देखें। प्रत्येक दिन मॉनिटरिंग करें कि निर्माण कार्य कैसा चल रहा है। उपायुक्त ने विशेष रूप से बुंडू, लापुंग, तमाड़, चान्हो, मांडर, बुढ़मू प्रखंड को ध्यान देने का निर्देश देते हुए इसे तय सीमा में पूरा कराने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र चौबे, जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

### भवन नियमितीकरण योजना का चैंबर ने किया स्वागत

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिमंडल ने गुरुवार को चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में नगर विकास विभाग के सचिव विनय चौबे से मिला। मुलकात के दौरान मुख्य रूप से भवन नियमितीकरण योजना के मुद्दे पर चर्चा हुई। जहां चैंबर प्रतिनिधियों ने चैंबर के सुझाव को समाहित करने की बात कहीं। होल्डिंग टैक्स में कमी के कैबिनेट के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के व्यापारियों व उद्यमियों की ओर आभार जताया। भवन नियमितीकरण योजना के प्रारूप में कुछ महत्वपूर्ण सुझावों को समाहित करने के लिए चैंबर अध्यक्ष द्वारा एक ज्ञापन भी सौंपा गया। वार्ता के क्रम में अध्यक्ष किशोर मंत्री ने आग्रह किया कि वैसे भवन जिनकी उंचाई 15 मीटर से 21 मीटर तक है, उन्हें भी दोगुणा फाइन लेकर नियमितीकरण करने का प्रावधान किया जाये और प्लिंथ एरिया को 500 स्कवॉयर मीटर से 600 स्कवॉयर मीटर कर दिया जाये।

### विप्स ने छात्राओं के लिए मासिक धर्म पर संवाद सत्र का किया आयोजन

**रांची।** फोरम ऑफ वीमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), सीएमपीडीआई शाखा ने गुरुवार को बिरसा उच्च विद्यालय,हथिया गोंदा, डैमसाइड,कांके रोड, रांची की छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर एक संवाद सत्र (इंटरएक्टिव सेशन) का आयोजन किया। इस सत्र में रांची के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मला सिंह ने मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व और आवश्यकता के बारे में बताया और सत्र में उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया। इस अवसर पर छात्राओं को कृमि नाशक दवाइयां,आयरन की गोलियां और सेनेटरीनैपकिन वितरित किए गए। मौके पर सीएमपीडीआई के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी–सह–विप्स समन्वयक डॉ.शिल्पी स्वरूप, विभागाध्यक्ष (आईएडी) एवं विप्स कोषाध्यक्ष स्वाप्नाली बसु, श्रीमती मेहता, अनामिका और अमित कुमार उपस्थित थे।

### यादव महासम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद के बैनर तले जनजागरण अभियान को लेकर शुक्रवार को यादव समाज की एक बैठक मुख्य संरक्षक कैलाश यादव की अध्यक्षता में एचईसी सेक्टर– 2 में हुई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों में राजद, कांग्रेस, जेडीयू,बीजेपी, जेएमएम सहित कई सामाजिक संगठन के महत्वपूर्ण लोग शामिल हुए। बैठक में आगामी 30 अप्रैल को श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखंड के तत्वाधान में एचईसी धुर्वा स्थित स्कूल में आयोजित यादव महासम्मेलन में हम सभी लोग पार्टी एवं दलगत भावना से ऊपर उठकर यादव समाज की एकता, एकजुटता, एवं सामाजिक विकास के लिए एक मंच पर एक साथ खड़े रहने का संकल्प लेते हैं।

### विधानसभा चुनाव लड़ चुका है अशरफ उर्फ चुन्नू खान

**रांची।** गुरुवार को इडी की टीम ने जब हिंदपीढ़ी में अशरफ खान उर्फ चुन्नू खान के घर पर दबिश दी तो अशरफ खान शांत मुद्रा में था। अशरफ खान उर्फ चुन्नू खान आजसू पार्टी का नेता भी है। अशरफ खान के हिंदपीढ़ी समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी हुई तो देर शाम अशरफ खान ने न्यूज में चल रहे खबर को देर शाम फेसबुक वॉल पर पोस्ट कर दिया। वह रांची विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुका है। लेकिन, इस चुनाव में अशरफ खान को हार मिली थी। इडी को जानकारी मिली थी कि अशरफ उर्फ चुन्नू खान बड़े पैमाने पर जमीन का कारोबार करता है और उसका सांठगांठ कई अंचलाधिकारियों के साथी है।

### परिचारिका निबंधन परिषद की रजिस्ट्रार से मिलीं नर्सिंग की छात्राएं

**रांची।** सत्र 18–22 के रिम्स की छात्राएं अपने नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर की मांग को लेकर गुरुवार को युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रौशन के नेतृत्व मे झारखंड परिचारिका निबंधन परिषद कार्यालय पहुंची एवं रजिस्ट्रार का घेराव किया। दर्जनों छात्राएं सुबह 10 बजे से ही कार्यालय परिसर में जुटीं एवं परिषद की रजिस्ट्रार कल्पना कुमारी का घेराव किया। छात्राओं ने कहा कि यह कैसी व्यवस्था है कि 18 – 22 के छात्रों का रजिस्ट्रेशन 2023 मे भी नही हो पाया है? विदित हो की नर्सिंग के छात्रों का कोर्स समाप्त होने के बाद उन्हें एक निबंधन संख्या निर्गत किया जाता है, जो उन्हें किसी भी नियुक्ति में अनिवार्य होता है। एक तो विवि की गलती से छात्रों का सत्र विलम्ब हो गया और अब जेएनआरसी के उदासीन रवैये का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। वे अब किसी भी अस्पताल एवं नियुक्ति में अपनी सेवा नहीं दे पा रही हैं।

### आरआरआर फ्रेंड्स के मिलन समारोह में 48 साल बाद मिले सहपाठी, खिल उठे सबके चेहरे



**रांची।** करीब 48 साल बाद जब सभी सहपाठी एक बार फिर मिले तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। सभी एक–दूसरे से मिल रहे थे, बीते दिनों को याद कर रहे थे। सभी के चेहरे बदल गए थे। पर जज्बा वही पुराना था। रातू रोड के एक रेस्टोरेंट में उन सभी के लिए सोमवार का दिन खास था। जी हां रातू रोड स्थित गौरीदत्त मंडेलिया स्कूल के 1974 बैच के 20 सहपाठी कई दशकों बाद मिले। इन लोगों ने इस ग्रुप का नाम आरआरआर फ्रेंड्स दिया है। ग्रुप के सदस्य विभिन्न मुकामों में काम कर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सभी के अपनी उपलब्धियों और अनुभव को साझा किया, जो बहुत ही रोचक था। ग्रुप के कुछ साथी जो बिछड़ गए उनके लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उन्हें याद किया।

# बाबा साहेब के कारण ही कमजोर लोग अपने हक को हो रहे हैं मुखर : पांडेय



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम में संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ दिनेश कुमार, डॉ अटल पांडेय, डॉ मालवी विश्वकर्मा, अनिमा मिंज, डॉ सुनीता मिश्रा ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दिनेश कुमार ने छात्रों को सामाजिक समरसता के साथ एकजुट होकर रहने को कहा। ग्रामीण विकास के प्राध्यापक डॉ अटल पांडेय ने बताया कि समाज को डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त प्रमुख हथियार संविधान है। इसके दम पर समाज के हर वर्ग के लोग अपने हक और अधिकार के लिए मुखर हो रहे हैं। कहा कि डॉ अंबेडकर ने कई सारी सामाजिक कुरीतियों का अपने जीवन काल में सामना किया और मानवीय मूल्यों को समझा, उनके दुख और तकलीफ को ध्यान में रखकर, प्रखर रूप से विरोध भी किया।

# बायोम इंस्टीट्यूट में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी को 15 बैच शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट के न्यू नगरा टोली और हिनू स्थित सेंटर में गुरुवार को विभिन्न बच्चों की 15 नये बैच की शुरुआत की गयी। 11वीं में प्रवेश कर रहे विद्यार्थी के लिए फाउंडेशन बैच, 12वीं में प्रवेश कर रहे छात्रों के लिए प्रेशर बैच और 12वीं पास आउट के लिए टारगेट बैग शुरू किया गया है। 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए संचालित बैच में विद्यार्थियों की संख्या 60 से 65 तय की गयी है। कक्षाएं ऑफलाइन मोड पर शुरू की गयी हैं। फिर भी, विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास का भी लाभ दिया जायेगा। फिलहाल ऑनलाइन क्लास की सुविधा वैसे विद्यार्थियों को दी जा रही है, जो ईद तक संस्था पहुंचने में असमर्थ हैं।



संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि प्रेशर विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम बेसिक स्तर से शुरू किया जायेगा। 12वीं कक्षा से संस्था में जुड़े विद्यार्थियों को 11वीं की विभिन्न अध्याय का रिवीजन कराया जायेगा। संस्था से जुड़ रहे विद्यार्थियों को स्टडी मैटेरियल, क्लास के लिए पीडीएफ नोट्स, लाइब्रेरी के साथ-साथ हॉस्टल और मेस की सुविधा कैंपस में ही उपलब्ध करायी जायेगी। बायोम इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न बैच से जुड़ने के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। 20 अप्रैल से नये बैच की शुरुआत होगी। अभिभावक और विद्यार्थी न्यू नागरा टोली व हिनू सेंटर से एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। विभिन्न बैच के लिए एडमिशन टेस्ट प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार, रविवार को आयोजित किया जा रहा है। एडमिशन टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति दी जायेगी। इसके बाद 20 अप्रैल से नये बैच की शुरुआत की जायेगी।

# मानव संसाधन में डिजिटल के प्रति विश्वास जगायें : सेल अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल-सीआइएल), मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (एमओआइएल), जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) और नेशनल एचआरडी नेटवर्क, रांची चैप्टर के साझा सहयोग से धातु और खनन उद्योग में क्षमता निर्माण के लिए डिजिटल एचआर पर आयोजित संगोष्ठी का समापन गुरुवार को गण्यमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। इस दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ) रांची के सभागार में किया गया था।



खचाखच भरे एमटीआइ सभागार में समापन दिवस पर प्रातः दो तकनीकी सत्र आयोजित किये गये। इनमें बड़े संगठनों में स्मेक टेक्नोलॉजी अपनाने तथा इमर्सिव इंप्लायी एक्सपीरियंस जैसे विषयों पर आकर्षक प्रस्तुति दी गयी तथा गहन विचार विमर्श किया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि सेल की अध्यक्ष श्रीमती सोमा मंडल का स्वागत संजीव कुमार, कानि (मासंवि) द्वारा अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिह्न देकर किया गया। सेल अध्यक्ष श्रीमती सोमा मंडल ने अपने अभिभाषण में मानव संसाधन की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा कहा कि संगठन मानव संसाधन से ही चलता है। उन्होंने मानव संसाधन में डिजिटल के प्रति विश्वास जगाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा की सीखने की प्रवृत्ति यहीं समाप्त नहीं होनी चाहिए।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग वर्कशॉप आयोजित

## 12वीं कक्षा के सभी स्ट्रीम के छात्रों ने लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल ने गैल्वेनाइजिंग पोटेंशियल (जीपी) रांची के साथ स्कूल परिसर में कक्षा 12वीं के सभी स्ट्रीम के छात्रों के लिए एक करियर काउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। वर्कशॉप में लगभग 150 ऊजार्वान छात्रों की भागीदारी देखी गयी। वर्कशॉप का संचालन जीपी टीम के गोपालजी झा और प्रवीण शर्मा ने किया।



उन्होंने 12वीं के बाद ड्रीम करियर आफ्टर (डीसीएटी) पर छात्रों को अपनी बहुमूल्य जानकारी दी। यह वर्कशॉप 12वीं कक्षा के बाद छात्रों के लिए उपलब्ध नये और वैकल्पिक करियर विकल्पों पर केंद्रित था। सत्र में प्रमुखता से वर्तमान में 12वीं के बाद अति लोकप्रिय और भविस्योन्मुख करियर विकल्प क्लैट (12वीं के बाद एनएयू) एवं आइपीमैट (12वीं के बाद आइआइएम) में सफलता के महत्व को रेखांकित किया गया। छात्रों ने वर्कशॉप को बहुत ही व्यावहारिक पाया और वे टीम जीपी मेंटर्स से इस तरह के और वर्कशॉप की आशा कर रहे हैं।

**कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में याद किये गये डॉ अंबेडकर**



**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में गुरुवार को संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर के जीवन, चरित्र और उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए उन्हें याद किया गया। मौके पर प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का श्रेष्ठ और सबसे बड़ा संविधान है। हमारे देश का संविधान समानता, स्वतंत्रता, एकता और अखंडता का पक्षपोषक होने के साथ–साथ करीब डेढ़ सौ करोड़ जनसंख्या वाले देश के नागरिकों के लिए न्याय और विश्वास का प्रतीक भी है। इस श्रेष्ठ संविधान के शिल्पकार डॉ अंबेडकर सदियों तक भारतीयों के दिलों में रहेंगे। इससे पहले, छात्र शैलोज सिंह ने डॉ अंबेडकर की जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। 'श्रेष्ठ संविधान का तू शिल्पकार, तू ने ही सिखाया है समानता का सार' शीर्षक गीत पर प्रियांशु घोष, तनु सिंह और निधि द्विवेदी ने नृत्य के माध्यम से संविधान निमार्ता के योगदान की जीवंत प्रस्तुति दी। अयान अली ने डॉ अंबेडकर की भूमिका निभायी। बच्चों ने सामूहिक रूप से प्रस्तावना का पाठ किया। कार्यक्रम का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज और विनीता वर्मा ने किया, जबकि संचालन शिक्षिका विनीत कौर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सतीश कुमार मिश्र, अनुमेहा, मोनिका मुंडू और प्रियंका चक्रवर्ती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जयंती पर याद किये गये डॉ बीआर अंबेडकर

## बैशाखी, बिहू और पोइला बैसाख पर भी हुए कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बच्चों ने अंबेडकर जयंती, बैसाखी, बिहू और पोइला बैसाख बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया। छात्रों ने जलियांवाला बाग नरसंहार के दौरान निर्दोष लोगों के बलिदान को भी याद किया। साथ ही, भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये।



कार्यक्रम की शुरुआत प्रस्तावना वाचन से हुई, जो कि भारतीय संविधान का सार है। छात्रों ने बैसाखी के फसल कटाई के उत्सव की जीवंत प्रस्तुति एक लघु नाटिका द्वारा की। यह समस्त कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष की थीम पर आधारित था।

विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और फसल उत्सव के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने माता-पिता, छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और रचनात्मक प्रदर्शन के लिए उनके प्रयासों की सराहना की और समारोह के लिए बधाई दी।

स्पीड न्यूज

## सिल्ली: अंबेडकर पार्क में आज मनेगी बाब साहेब की जयंती

**सिल्ली।** सिल्ली अम्बेडकर पार्क में शुक्रवार को अंबेडकर विकास समिति सिल्ली के तत्वाधान में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अपराहन 2 बजे ग्राम विकास हाई स्कुल सिल्ली से अम्बेडकर पार्क तक मोटर साईकिल रैली सह शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। वहीं शाम 4 बजे बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अम्बेडकर ग्राम विकास समिति के संरक्षक सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने आम जनों को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## सिल्ली में आठवीं की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा आयोजित आठवी की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। दो पाली में परीक्षा ली गई। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि आठवीं की बोर्ड परीक्षा में इस साल करीब 1356 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। इसके लिए इलाके में 15 सेंटर बनाए गए थे।

## रातू: दलादिली बाजार से बाइक की चोरी

**रातू।** दलादिली बाजार से बुधवार की शाम अपराधियों ने बाईक जेएच 0बीएच 4737 की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसारए नयाटोली सिमलिया निवासी महली उरांव बाइक से सब्जी खरीदने आया था। छह बजे बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर सब्जी खरीदने गया। आधे घंटे बाद वापस आया तो बाइक गायब पाकर उसके होश उड़ गये। मामले को लेकर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## ग्रामीण आज वनरक्षा की लेंगे शपथ

**ओरमांझी।** भारतीय संविधान निमार्ता समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को टुंडाहुली के अंबवा कोचा में आरा-केरम व आसपास के ग्रामीण वनरक्षा की सपथ लेगें। पंचायत के मुखिया रमेष बेदिया ने इसकी जानकरी देते हुए बताया कि पिछले आठ वर्ष से आरा-केरम के ग्रामीण वन्य जीव व वनो की सरक्षा के लिए रक्षाबंधन कार्यक्रम करती आ रही है। कार्यक्रम में वन विभाग के अलावे कई जनप्रतिनिधि शामिल होगें।

## मांडर: चोरी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने तबरेज अंसारी नामक एक युवक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। वह थाना क्षेत्र के ही मलती गांव का रहने वाला है। उसके ऊपर चोरी की घटना को अंजाम देने को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। गांव में उसके होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सोनाहातू-राहे में आठवीं की बोर्ड परीक्षा संपन्न

**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड में गुरुवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा आयोजित आठवी की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई।

# रातू में 12 हजार लीटर अवैध डीजल बरामद, एक गिरफ्तार

### डीएसपी ने गुप्त सूचना पर काटू में की छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** डीएसपी प्रवीण सिंह ने बुधवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के काटू स्थित शहदेव महतो के मकान में छापेमारी की। इस दौरान उन्हें टैंकर से उतारा गया 12 हजार लीटर अवैध डीजल, टैंकर से डीजल निकालने वाली टूलू मशीन, सात ड्रम में भरे डीजल, दर्जन भर खाली ड्रम, थिनर, फिनाइल व केमिकल्स बरामद किये गये हैं। वहींए चालक सुरेश राम को भी गिरफ्तार किया गया है। वह गिरिडीह जिले के पीरटांड़ का रहने वाला है। सरगना राजेश कुमार साहू और अनिल कुमार साहू फरार हो गये।

### 15 साल से चल रहा है धंधा



काटू में पिछले 15 वर्षों से यह धंधा फलफूल रहा है। राजेश और अनिल इसके प्रोपराइटर हैं। इसके एवज में दोनों माहवार लाखों रुपये मैनेज करते हैं। हाल के दिनों में इनके पास बेसुमार दौलत है। सफेदपोश से इनका गहरा नाता है। यह एक दल विशेष के मजबूत कार्यकर्त्ता भी हैं। जब्त डीजल मूलत: केरोसिन है। थिनर मिलाकर डीजल बनाना इनका पेशा है। गिरोह का इलाके के कई पेट्रोल पंप मालिकों से सांठगांठ है। पंप में मिलावटी डीजल की बिक्री की जाती है।

### लहना के हैं राजेश और अनिल

दोनों धंधेबाज क्रमश: लहना निवासी हरिचरण साहू व शंकर साहू के पुत्र हैं। पुलिस ने टैंकर ओडी 15 डी 0688 को जब्त कर लिया है, जबकि डीजल भरे ड्रम की जब्ती सूची बना ली गयी है। थानेदार सपन कुमार महथा के बयान पर रातू थाने में मकान मालिक और चालक समेत राजेश और अनिल के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## खलारी: आंबेडकर जयंती को लेकर तुमांग में निकाली गयी बाइक रैली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर तुमांग पंचायत में बाइक रैली निकाली गई। धमधमिया बिरसा चौक पर सभी बाइक के साथ एकत्र हुए और नीला झंडा हाथों में लेकर बाइक रैली निकाली गई। यह बाइक रैली आयोजन समिति अध्यक्ष सरजू सिंह के नेतृत्व में धमधमिया बिरसा चौक से रोहिणी कॉलोनी खिलानधौड़ा होते हुए मैनेजर बंगला करकट्टा बस्ती नाबाडीह होते हुए बिरसानगर ए धमधमिया बी टाइप से वापस पंचायत भवन पहुचा।

### रैली में जय भीम का लगाया गया नारा

रैली में सभी लोग जय भीम का नारा लगाते हुए चल रहे थे। मौके पर मुखिया संतोष कुमार महली पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली रामजी यादव विनोद कुमार राम बलराम राम ध्वजा राम धोबी रमेशर भोगता दिनेशर सिंह अभय नारायण राम बबलू उरांव प्रदीप कुमार सिंह विशाल पासवान धर्मेंद्र पासवान जफरुद्दीन अंसारी जलेश्वर यादव सुरेश मुंडा कृष्णा राम रोहित राम रजनीश गोपाल सिंह दिलीप राम मौजूद थे।

## एक नजर में

### थाना परिसर में पीसीसी पथ निर्माण कार्य शुरू



सिल्ली। सिल्ली थाना परिसर में पीसीसी पथ निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है करीब 700 फीट इस पीसीसी के निर्माण पर करीब 17लाख रुपए खर्च किए जायेंगे। जिला परिषद योजना से इसका शिलान्यास करीब महीने भर पहले किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि इस पीसीसी के बन जाने से थाना आने वाले लोगों को कीचड़ समेत अन्य परेशानियों का सामना नहीं पड़ेगा।

### मुखिया ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन



**पिपरवार।** किचटो पंचायत अंतर्गत चिरैयाटांड़ स्थित मंगरदाहा टोला में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किचटो पंचायत के मुखिया संगीता देवी ने गुरुवार को फीता काटकर किया स इसके पश्चात उक्त आंगनबाड़ी केंद्र को आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका एवं सहिया को सौपा गया । कार्यक्रम के दौरान पंचायत के उप मुखिया ललिता देवीए रोजगार सेवक कन्हाई सिंहए बीएफटी रामचरण महतोए मुखिया प्रतिनिधि अंगद महतोएमणिलाल महतोए अजय गंझुए पन्नेनाथ महतोए कैलाश करमालीए आंगनबाड़ी सेविका सुनीता कुमारी सहित पंचायत के वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण तथा विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

### मंडा पूजा का संकल्प लेने को उत्साहित हैं युवा



**ओरमांझी।** शिव मंडा पूजा समिति कुल्ही द्वारा कुल्ही में 15 अप्रेल को शाम सात बजे से मंडा पूजा का आयोजन किया गया है। इस मंडा में पूजा का संकल्प लेने (प्रवेश) के लिए गांव के युवा काफी उत्साहित हैं। समिति के पदाधिकरियों व सदस्यों के साथ ग्रामीण आयोजन को सफल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए समिति के संरक्षक नबुलाल महतो ने बताया कि इस वर्ष दो सौ से अधिक भक्त मंडा पूजा में प्रवेष करेगें। आयोजन के लिए अध्यक्ष संतोष महतो, सचिव सकुंद महतो, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, संरक्षक मुखिया समुंदर पाहन, नबुलाल महतो, बिरजु महतो, बालकिषुन महतो, चुन्नू महतो, जन्मंजय महतो व भुनेषवर महतो सहित कार्यकारणी सदस्य बनाए गऐ हैं।

## रातू: बिजली चोरी के खिलाफ छह पर केस, एक लाख तेरह हजार का जुर्माना

### आरोपियों में हड़कंप, पुलिस कर रही है पड़ताल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** विद्युत उर्जा विकास निगम के आदेश पर बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। कनीय अभियंता अशोक प्रिय की अगुआई में चलाये गये अभियान के दौरान छह लोगो को बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकडा गया। इसके उपरांतए रातू थाने में न केवल प्राथमिकी दर्ज करायी गयीए बल्कि 1,13, 293 रुपए का जुमार्ना भी किया गया है। इससे चोरी की बिजली जलाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### इन आरोपियों पर लगा जुर्माना

आरोपियों में भीम सिंह पिता शंकर सिंह झखराटांड निवासी पर 24,638 हजार, पंचु महतो पिता सोमरा महतो छपरगढा उषामातु रातू पर 10266, बिरेन्द्र कुमार पिता विजय प्रसाद छपरगढा, उषामातु 19505, पुरन महतो पिता किशुन महतो छपरगढा, उषामातु निवासी पर 15,768, कार्तिक उरांव पिता स्व सुकरा उरांवए उषामातु पर 19,505 एवं अंजना कुजुर पति प्रवीण तिर्की होचरए उषामातु पर 23,611 रुपए शामिल हैं। अभियान में प्रवीण कुमार रजक, भीम सिंह, मिथुन कुमार व विवेक द्विवेदी आदि शामिल थे। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## रोजेदारों ने देश में अमन-चैन की मांगी दुआ

### चान्हो बाजारटांड़ में दावत-ए-इफ्तार पार्टी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** बाजारटांड़ में प्रखंड कांग्रेस कमिटी चान्हो की ओर से रमजान के शुभ अवसर पर गुरुवार को दावत-ए-इफ्तार पार्टी का एहमाम किया गया। दावत ए इफ्तार मे झारखंड के पूर्व मंत्री बंधू तिर्कीए स्थनीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की साहित बड़ी संख्या में रोजेदार एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर देश व दुनिया की अमन चैन और तरक्की के लिये दुवा किया गयाए रोजेदारों को सम्बोधित करते हुएए पूर्व मंत्री ने कहा कीए रमजान का महीना पवित्र महीना है। इस महीने मे रोजेदारों के साथ बैठ कर इफ्तार करने से आपसी मोहब्बत और भाई चारगी को बढ़ावा मिलता है। रोजा से इबादत के साथ शारीरिक फायदे भी हैए इस तरह के कार्यक्रम से गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिलता है । इससे पूर्व मौलाना साहब ने कहा. रोजेदारों को इफ्तार कराने से काफी सवाब मिलता है रोजेदार खुदा के नेक बंदे होते हैं। मौके पर चान्हो मो इस्तेयाक, मौलाना साहब, इरशाद खान, लतीफ अंसारी, मो मोजिबुल्लाह, मो इब्राहिम, अजीत सिंह, शिव उरांव अब्दुल्लाह अंसारी, अमरेज अंसारीए जावेद अली मोजिब शहीम जुलफइक्कर अली ए अजमल अंसारीए मोहम्मद ग्यासआदि मौजूद थे।

# दांड़ी और कुएं के पानी से बना रहा मध्याह्न भोजन

### राजकीय उत्क्रमित असरो उच्च विद्यालय में पेयजल संकट गहराया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत स्थित राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय असरोए बेड़ो में पेयजल की भारी समस्या उतपन्न हो गई है। जहां स्कूल के बच्चे किताब से भरी बैग के साथ पीने के पानी को ढोने पर विवश हैं। वही स्कूल में मध्याह्न भोजन का खाना बनाने वाली रसोइया अनिता देवी गांव के अन्य स्थलों पर बनी चापाकलए दाड़ीए कुएं व से पानी लाकर खाना बनाती है। इधर स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि भीषण गर्मी पड़ने से स्कूल में लगे चापानल की पानी की स्तर नीचे चला गया हैए जिससे काफी देर चलाने पर चापानल से बहुत कम मात्रा में गंदा पानी निकलता है वह भी पीने योग्य नहीं है। जिसमें पानी के साथ साथ मिट्टी भी निकलता है। इधर शिक्षकों ने बताया कि इस विद्यालय में कुल 430 छात्र छात्राएं पढ़ने के लिए आते है। वहीं विद्यालय में 324 बच्चों का प्रतिदिन मध्याह्न भोजन का खाना बनाया जाता है। जिसके लिए कई लीटर पानी की आवश्यकता होती है। जहां विद्यालय के बच्चे यहां पानी की समस्या से प्रतिदिन जूझ रहे हैं। वही विद्यालय के रसोइया व शिक्षकों ने प्रशासन से स्कूल में पेयजल की समस्या को देखते हुए तत्काल पानी की व्यवस्था किए जाने की मांग किया है। ताकि इस भीषण गर्मी में बच्चों को शुद्व पेयजल मिल सके। वहीं पंचायत के मुखिया रमेश उरांव से इस संदर्भ में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि स्कूल जाकर देखने के बाद ही कुछ कह सकते हैं। कि पेयजल कैसे उपलब्ध कराया जाए।

## केसरवानी वैश्य सभा नगड़ी की कमेटी गठित

**पिस्कानगड़ी।** केसरवानी वैश्य सभा नगड़ी की आम सभा सत्संग भवन आयोजन किया। आम सभा का अध्यक्षता समाज के पुर्व अध्यक्ष द्वारिका नाथ साहू की अध्यक्षता किया गया। मौके पर केसरवानी वैश्य सभा के पुरानी कमिटि को भंग कर एक नवगठित समिति का गठन किया गया। मौके पर एक चयन समिति के सदस्यों मे नगड़ी वरिष्ठ समाजसेवी तपेश्वर केसरीएदौलतराम केसरी और मोहन चौधरी एपुर्व अध्यक्ष द्वारिका नाथ साहू और पुर्व महामंत्री हेमंत केसरी शामिल थे । इन्होंने चयन प्रक्रिया आरंभ किया उपस्थित सैकड़ों केसरवानी समाज के लोगों ने केसरवानी वैश्य सभा के 2023 से 2026 के लिए सर्वसम्मति से नगड़ी के समाजसेवी जीवन केसरी उर्फ ;रामजीवन केसरीद्ध को अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया ।वहीं महामंत्री के लिए नगड़ी पंचायत के पुर्व मुखिया सह समाजसेवी दिनेश केसरी तथा कोषाध्यक्ष पद के युवा समाजसेवी दीपक केसरी ;पससद्ध का चयन किया गया।

## 1226 परीक्षार्थियों ने दी आठवीं बोर्ड की परीक्षा

### शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में आठवीं की बोर्ड परीक्षा गुरुवार को छह अलग.अलग परीक्षा केंद्रों कदाचार रहित तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। एक ही दिन दो अलग.अलग पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। स्कूली छात्र छात्राओं ने पहली बार ओएमआर शीट पर प्रश्नों के उत्तर दिए। कई छात्र.छात्राएं ओएमआर शीट पर गोल घेरे को काले रंग से घेरने में असमर्थ नजर आ रहे थे। शिक्षक शिक्षिकाओं ने ऐसे छात्रों का मार्गदर्शन किया। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया परीक्षा केंद्र में 204 छात्र.छात्राओं में से दो अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक प्रकाश उरांव सह केंद्राधीक्षक नागेश प्रसाद की देखरेख तथा कुशल नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान समीउल्लाह हकए वीक्षक के रूप में अरसेन होरोए हफिन्द्र प्रधानए संजय महतोए संजीव कुमार खलखोए महावीर राम सहित उत्तम कुमार मंडलए सूरज प्रसाद सिंहए जितेंद्र उरांवए काली चरण चौधरी सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया परीक्षा केंद्र में 82 में से 81 छात्र.छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा आयोजन में यहां केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापिका स्वर्ण लता कुजूरए संचिता टोप्पनोए वीक्षक के रूप में रेखा आरती कुजूरए दिव्या कांता कच्छपए आगुस्टीन लकड़ा सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग परीक्षा केंद्र में 329 में से 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग परीक्षा केंद्र में 213 में से दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## बेड़ो में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 26 अप्रैल से

**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर स्थित मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवारए प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वाधान में आगामी 26 अप्रैल से आहूत चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।जिसे लेकर गायत्री परिवार बेड़ो के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जहां यज्ञ के पहले दिन 26 अप्रैल को कलशयात्राएसंध्या में युग गायन एवं युग संदेश एदूसरे दिन 27 अप्रैल को देवपूजन गायत्री महायज्ञए विभिन्न संस्कार तीसरे दिन 28 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ विभिन्न संस्कार चौथे दिन 29 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ संस्कार तथा पूणाहुति एवं टोलियों को भावभीनी विदाई दी जाएगी।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01/2022–23 (2nd call)

1. कार्य का नाम :– 15वें वित्त आयोग मद

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर उंटारी | ग्राम–कुम्बाखुर्द में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |

2वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–15.04.2023
3ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.04.2023
4जिला परिषद कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate की मूल प्रति जमा करने की तिथि एवं समय–26.04.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
5निविदा खोलने की तिथि एवं समय–28.04.2023 को 3:00 बजे
6निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–7004019730
8निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा, जो लौटायी नहीं जायेगी।
9निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10एनेक्चर–02 में दिये गये प्रपत्र में ही शपथ–पत्र देना होगा।
11प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
12भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, गढ़वा

PR 295103 (Rural Development)23-24*D

**ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, राँची**

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/02/2023-24 दिनांक– 13/04/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नवनिर्मित झारखण्ड विधान सभा, धुर्वा राँची स्थित 4 अदद् 600TR सेन्ट्रलाईज वातानुकूलित संयंत्र के वार्शिक सम्पोषण का कार्य। | 1,42,32,052=00 | 10,000=00 | 2,85,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.04.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 26.04.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 03.05.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 04.05.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता–सह–मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 295126 Energy(23-24)#D

**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।**

*Re-Very Short Time E-Procurement Notice*

सर्वसधारण को सुचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़ के नवनिर्मित कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर को सरकारी बैंक/सरकारी बैंक/अर्द्ध सरकारी बैंक/निबंधित फार्म/निबंधित संस्थान/यथा बैंक/एल0आई0सी0 इत्यादि को कार्यालय हेतु बन्दोबस्ती प्रक्रिया 01 वर्ष के लिए दिनांक15/04/2023 को E-Procurement Notice के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त की जानी है। उच्चतम दर वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित स्थल का नाम | आकार/क्षेत्रफल | जमानत की राशि | प्रति माह/प्रति वर्गफीट की न्यूनतम डाक बोली की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद् कार्यालय निचला तल | 4675.17 वर्गफीट | 50000/–रू0 | 12/– रू0 |

जमानत की राशि का बैंक ड्राफ्ट नगर परिषद्, रामगढ़ के नाम से देय होगा।

| प्रस्ताव प्रारंभ की तिथि | प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि | प्रस्ताव निष्पादन की तिथि |
|---|---|---|
| दिनांक 15/04/2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अप0 05.00 बजे तक | दिनांक 29/04/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक | दिनांक 02/05/2023 अपराह्न 02:00 बजे |

नोट :– बन्दोबस्ती की नियम एवं शर्तें वेबसाइड http://www.jharkhandtenders.gov.in पर एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में नगर परिषद्, रामगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 295144 (District) 23-24 (D)


# ढोल-नगाड़े के साथ सिस्टा ने निकाली शोभायात्रा

### अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर पिपरवार में निकली शोभायात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में अंबेडकर जयंती पूर्व सिस्टा के द्वारा बचरा चार नंबर चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।इस शोभायात्रा में ढोल नगाड़े के साथ सिस्टा के कार्यकत्ताओ ने बचरा बाजार टांड एपिपरवार थाना चौक ए अशोक विहार ए अंबेडकरनगर ए विशझापा कॉलोनी ए बसंत बिहार कॉलोनी आदि का परिभ्रमण कर बचरा स्थित बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष समापन किया गया। इस शोभायात्रा में सिस्टा के सदस्यो सहित जनप्रतिनिधिए समाजसेवी एवं ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए।

### शोभायात्रा में हुए शामिल

इस शोभायात्रा में मुख्य रूप से कामेश्वर रामए बाबूलाल रामए कौशल प्रसादए राज कुमारए गणेश रामए हिमांशु चटरए देवेंद्र मलिकए बसंत कुमारए टिकेश्वर ठाकुरए संतोष रामए नागेश्वर रामए बिनोद कुमारए गंगा रामए दीपक कुमार रामए समाजसेवी गीता एक्काए वार्ड सदस्य किरण देवी एमुंशी रामए जेम्स उरांवए बासुदेव प्रजापतिए जगदीश गंझु एसंजय सावए जुगेश उरांवए टिकेश्वर ठाकुर एतीरथ पासवान एललिंद्र कुमारए गणेश रविदास एराज किशोर बैठाए बासुदेव गंझु ए देवेंद्र मलिकए बसंत कुमार एराज कुमारए रमेश रामए बिरेंद्र भगतए अनिल रामए देवनाथ राम एमुंशी राम एजेम्स उरांवए नरेश सेठए रामजीत रामए बच्चन रामए नागेश्वर रामए राजा उर्फ पप्पू सहित सैकड़ो सिस्टा केकार्यकर्ता शामिल थे।

## शूट आउट

यूपी पुलिस ने अपराधी अतीक के बेटे और पॉल हत्याकांड के आरोपी असद को एक पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। एक अपराधी का काउंटर किया जाना वैसे तो कोई बहुत बड़ी बात नहीं है लेकिन यूपी के सीएम योगी ने विधानसभा में दिन दहाड़ें हुए अपराध के वारदात पर कहा कि माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा। यूपी आज की राजनीति में सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। यूपी को विरासत में माफिया और अपराधी राज ही सीएम योगी को मिला था। लेकिन जिस प्रकार कठोर पुलिस प्रशासनिक कार्रवाई करके पूरे यूपी में शांति कायम किया और संगठित अपराध को नियंत्रित किया उसमें अतीक के लोग परेशानी में थे। यूपी में लगभग 200 अपराधियों का इनकाउंटर हो चुका है। सामान्य तौर पर आम लोग इस प्रकार की कार्रवाई से खुश होते हैं क्योंकि वे इन अपराधियों के वारदात से सहमें हुए होते हैं। दूसरी ओर चूंकि यूपी में राजनीतिक दलों के मुस्लिम कार्ड, दलित कार्ड, पिछड़ा कार्ड का खेल है और अतीक सहित कई अपराधी बसपा, सपा के संरक्षण में विधायक और सांसद बनें हैं इसलिये इस शूट आउट पर राजनीतिक ब्यानबाजी भी होने लगती है। दूसरी ओर 2024 के चुनाव और यूपी में अगले माह होने वाले निकायों के चुनाव में इस मुद्दें को लहराने का की संभावना है। प्रयागराज में दो पुलिसवाले और एक वकील जो एक विधायक के हत्याकांड का गवाह थे दिन दहाड़ें मार दिया जाता है। इसको लेकर राज्य पुलिस ने जो प्रयास किया है उसको लेकर न्यायिक जांच की मांग हो रही है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि अपराधी का कद ऐसा हो जाए कि न्यायधीश उसके मामले सुनने से बचने लगे तो कड़ी कार्रवाई समय की मांग है। पुलिस भी न्याय व्यवस्था का ही अंग है और पुलिस को अपराधियों पर कार्रवाई की छूट होनी चाहिए।

## मंदी की आहट

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नए वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण से जो वैश्विक आर्थिक तस्वीर उभर रही है वह चिंतित करने वाली है। मध्यम अवधि में वृद्धि में इतना सुधार होता नहीं दिख रहा है कि वह हाल के दशकों के स्तर तक दोबारा पहुंच सके। ताजा अनुमानों के मुताबिक 2023 में वैश्विक वृद्धि कमजोर पड़कर 2.8 फीसदी रह जाएगी जबकि 2022 में यह 3.4 फीसदी थी। अप्रैल का अनुमान जनवरी के आंकड़ों से 0.1 फीसदी कम है। आईएमएफ ने भी भारत के लिए अपने वृद्धि अनुमानों को संशोधित किया है। अब उसका अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 5.9 फीसदी होगी जो जनवरी में जताए गए अनुमान से 0.2 फीसदी कम है। उसने 2024-25 के लिए भी अनुमान को 0.5 फीसदी कम करके 6.3 फीसदी कर दिया है। निजी क्षेत्र के कुछ अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि चालू वर्ष में वृद्धि दर आईएमएफ के 5.9 फीसदी के अनुमान की तुलना में भी काफी कम रह सकती है। हालांकि आईएमएफ का अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष के दौरान भारत की वृद्धि दर में सुधार होगा लेकिन फिर भी मध्यम अवधि में यह कमजोर रह सकती है क्योंकि वैश्विक आर्थिक हालात अनुकूल नहीं रहेंगे। आईएमएफ के अनुमानों के मुताबिक वैश्विक अर्थव्यवस्था के महामारी के पहले की वृद्धि दर हासिल कर पाने की आशा नहीं है। अगर 2028 तक नजर डालें तो आईएमएफ ने वै?श्विक वृद्धि के तीन फीसदी रहने का अनुमान जताया है। यह सन 1990 के बाद मध्यम अवधि का सबसे कमजोर पूवार्नुमान है। इससे पहले 2000 से 2009 और 2010 से 2019 के बीच की अवधि में वैश्विक अर्थव्यवस्था सालाना क्रमशः 3.9 फीसदी और 3.7 फीसदी की दर से बढ़ी। इसके अलावा न केवल आधारभूत वृद्धि अनुमान कम है बल्कि इससे जुड़े कई जोखिम भी हैं।


# वर्तमान भारत में डॉ अंबेडकर की स्वीकार्यता



**बाबा** साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर मात्र एक व्यक्ति ही नहीं थे, बल्कि न्याय की सदृश ज्वलंत भावना का एक प्रतीक थे। उनके द्वारा प्रस्तावित विचारों, कृत्यों और कार्यों ने हमारे अतीत को न्यायोचित बनाया है, वर्तमान को रोशन किया है और भविष्य के लिए सतत मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। आज जब, राष्ट्र पवित्र आत्मा वाले उस महान व्यक्तित्व की 132वीं जयंती मना रहा है तब यह पल उस अमर व्यक्तित्व के नैतिक बल को पहचानने का है।

यह जयंती समारोह एक विशेष अवसर है, क्योंकि यह अम्बेडकर के शोध प्रबंध द प्रॉब्लम ऑफ रुपीः इट्स ओरिजिन एण्ड इट्स सोल्यूशन का 100वां वर्ष है, जिसने 1934 में भारतीय रिजर्व बैंक की नींव रखी थी। यह वही समय था जब देश औपनिवेशिकता की बेड़ियों में बंधे अपने आवरण से छूटने की योजना बना रहा था। डॉ. अम्बेडकर बहु-आयामी तरीके से राष्ट्र-निर्माण के महत्वपूर्ण उपायों की शुरूआत करने के कार्यों का उत्साहपूर्वक समर्थन कर रहे थे। साइमन कमीशन के समक्ष, तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भागीदारी के दौरान दलित वर्ग के उत्थान संबंधी कार्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए, वायसराय की परिषद में श्रमिक सदस्य (1942-46), संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष जैसे अपने प्रत्येक कार्य में उन्होंने लक्षित लोगों के यथोचित हितों का दृढ़तापूर्वक संरक्षण किया। उन्होंने एक न्यायपूर्ण समाज के लिए संस्थाओं की स्थापना करने पर बल दिया। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए दूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण रखते हुए उन्होंने नेहरू सरकार द्वारा उठाए गए जम्मू और कश्मीर के लिए विशेष दर्जा और यूएनओ हस्तक्षेप आदि जैसे कुछ कदमों का विरोध किया। नव स्वतंत्र भारत में, अम्बेडकर जी द्वारा प्रचारित कल्याण और न्याय के विचारों की स्वीकृति से हम उनके और अधिक निकट हो सकते हैं। इस दृष्टि से देखते हुए, यह प्रश्न उचित है कि क्या हमने अम्बेडकर की विचारधारा को पूर्ण रूप से स्वीकार किया है?

इतिहास के पन्नों को पलटने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस और अन्य सरकारों के लिए अम्बेडकर के व्यक्तित्व को स्वीकार करने हेतु उन्हें मान्यता प्रदान करने की यात्रा कठिन, या यह कहें कि बाध्यकारी थी। इस बात का प्रमाण यह है कि मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न प्रदान करने और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनका आदमकद चित्र स्थापित करने के लिए 34 वर्षों का निरंतर संघर्ष करना पड़ा। विडम्बना यह थी कि केंद्रीय हॉल में डॉ. अम्बेडकर की बैठी हुई मुद्रा में लगाए गए प्रथम चित्र (9 अगस्त 1989) को हटा दिया गया था जिसे बाद में 12 अप्रैल 1990 को पुनः लगाया गया, जबकि इसकी तुलना में मोतीलाल नेहरू, जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के चित्रों को लगाने में काफी कम समय लिया गया था। ये ऐतिहासिक रूप से प्रलेखित तथ्य स्पष्टतः अम्बेडकर को समग्र रूप में स्वीकार करने की उनकी मंशा को दशार्ते हैं।



**- अर्जुनराम मेघवाल**

> मौजूदा वक़्त आंबेडकर के व्यक्तित्व के विविध पहलुओं के ईमानदार विश्लेषण का है। और आंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) उनकी विरासत को लेकर एक नया, निष्पक्ष और रचनात्मक सार्वजनिक संवाद शुरू करने का उचित अवसर है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति पर आंबेडकर की पकड़, चीन को लेकर उनकी चेतावनी, और अर्थशास्त्र में उनकी असाधारण विद्वता को मौजूदा पीढ़ी के सामने लाया जाना चाहिए।

इसी तरह, नेहरू परिवार के सदस्यों के साजो-सामान और संबंधित वस्तुओं को परिरक्षित, संरक्षित किया गया और उन्हें उनके नामों पर बनाए गए स्मारकों में प्रदर्शित किया गया, जबकि बाबा साहेब द्वारा उपयोग में लाए गए साजो-सामान की सुरक्षा और संरक्षण की ओर इनके शासन काल में कोई ध्यान नहीं दिया गया। अम्बेडकर के अनुयायियों के सरोकारों के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई को करना मोदी सरकार का संवेदनशील दृष्टिकोण है। संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधानशाला, लखनऊ ने बाबा साहेब के साजो-सामान को दीर्घकालीन संरक्षण के लिए सुरक्षित रखा है। संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए गए टाइपराइटर सहित कुल 1358 वस्तुओं को संरक्षित किया गया है जिन्हें आगामी समय में नव निर्मित बाबा साहेब डॉ बी आर अंबेडकर सामाजिक-आर्थिक और संस्कृति केंद्र, चिंचोली, नागपुर में प्रदर्शित किया जाएगा। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की झलकियों को प्रदर्शित करते हुए, यह केंद्र एक पवित्र स्थल के रूप में उभरेगा। भारतीय-थाई वास्तुकला के संयोजन पक्षों को प्रदर्शित करने वाले 11.5 एकड़ में फैले इस केंद्र में अन्य सांस्कृतिक पक्षों के साथ-साथ एक संग्रहालय, स्मारक, ध्यान-योग कक्ष और पुस्तकालय भी मौजूद है।

2014 के बाद से, मोदी सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पूर्ण रूप से डॉ अंबेडकर की विचारधारा को स्वीकार किए जाने को दशार्ती है। योजना से लेकर कार्यान्वयन स्तर तक, शासन व्यवस्था को अम्बेडकर की प्रेरणा के अनुरूप बनाने और ढालने का प्रयास किया गया है। यह सरकार के ही अथक प्रयासों का परिणाम है जिसके कारण पंच तीर्थ, डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केन्द्र का समर्पित विकास हुआ है और जीवन को सरल बनाने के लिए गरीबों की सहायता करने वाले और जन-केंद्रित नीतिगत उपायों का कार्यान्वयन ऐसे कदम हैं जो सरकार को डॉ अंबेडकर के विचारों के और करीब ले जाते हैं। कई अन्य पहलों के अलावा स्टैंड-अप, स्टार्टअप, पीएम आवास योजना, भीम, मुद्रा, और जेएएम (जैम) ट्रिनिटी आदि इस बात का प्रमाण है कि सरकार, अपने लक्ष्यों को पूरा करने तथा और संतुष्टि स्तर तक कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सरकार के दरकिनार किए गए मुद्दों को मुख्यधारा में लानेह्न के परिवर्तन संबंधी एजेंडा ने देश की विकास संबंधी संभावनाओं को गति दी है।

मानव केन्द्रित विकसित भारत, गुलामी के सभी चिहनों से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे प्रधानमंत्री के पंच प्रण मंत्र में भी डॉ अंबेडकर का प्रतिबिंब है जिनका यह मानना था कि ह्नस्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक आदर्श और सामाजिक दर्शन, भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं जो उन्हें उनके गुरु महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं से प्राप्त हुए हैं, न कि फ्रांसीसी क्रांति से। आजादी का अमृत महोत्सव, राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले यशवंचित, गुमनाम नायकों की साहसपूर्ण गाथाओं को खोज निकालने की पहल है।

### खास बात

## बैसाखी का त्योहार

**बैसाखी** सिख धर्म का प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। यह पर्व हर साल विक्रम संवत के प्रथम माह में पड़ता है, इस साल यह पर्व 14 अप्रैल को मनाया जायेगा। हिंदू धर्म में जिस तरह होली व दीपावली का पर्व मनाया जाता है, उसी तरह सिख लोगों के लिए बैसाखी का त्योहार खास होता है। देश के अलग-अलग जगहों पर इस पर्व को अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे बंगाल में नबा वर्ष, केरल में पूरम विशु, असम में बिहू के नाम से लोग इस पर्व को मनाते हैं। बैसाखी को सिख समुदाय के लोग नए साल के रूप में मनाते हैं। बैसाखी मुख्य रूप से कृषि का पर्व मनाया जाता है।

मेष संक्रांति पर मनाया जाता है बैसाखी

बैसाखी का पर्व हर साल 14 अप्रैल को मनाया जाता है और इस दिन ही ग्रहों के राजा सूर्य मेष राशि में गोचर करते हैं, जिसे मेष संक्रांति कहा जाता है। भारतीय परंपराओं के अनुसार संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान के साथ जप-तप और ध्यान किया जाता है।

गुरु गोविंद सिंहजी ने की थी खालसा पंथ की स्थापना

बैसाखी के दिन सिख समुदाय के लोग गुरुद्वारों में विशेष उत्सव मनाते हैं क्योंकि इस दिन सिख धर्म के 10वें और अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंहजी ने 13 अप्रैल सन 1699 में आनंदपुर साहिब में मुगलों के अत्याचारों से मुकाबला करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। साथ ही गोविंद सिंहजी ने गुरुओं की वंशावली को समाप्त कर दिया था। इसके बाद सिख समुदाय के लोगों ने गुरु ग्रंथ साहिब को ही अपना मार्गदर्शन बनाया। साथ ही इस दिन सिख लोगों ने अपना सरनेम सिंह स्वीकार किया था।

गुरुद्वारे में जाकर गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ व कीर्तन करते हैं। बैसाखी के पर्व पर कई जगह मेले भी लगते हैं। पंजाबी लोग इस दिन अपना विशेष नृत्य भांगड़ा करके खुशी मनाते हैं। वैसे तो यह पर्व पूरे भारत में अलग-अलग नाम से मनाया जाता है। इस तरह गुरु नानकदेवजी ने बनाया था एकोंकार शब्द, पौराणिक कथाओं के अनुसार, बैसाखी के मौके पर गंगा में स्नान करना विशेष पुण्यदायी माना जाता है।

ज्ञान, विवेक और विचार का आश्रय लेकर किये गए शुभ कर्म निश्चित ही फलीभूत होते हैं, अतः असफलता के भय को त्याग कर अहर्निश पारमार्थिक कार्यों में संलग्न रहें ..! असफलता का अर्थ प्रयास की कमी के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। आलस्य एक ऐसा सुख है, जिसका परिणाम दुःख है।

**–अवधेशानंद गिरी**

### आपके ट्वीट

**आदरणीय** श्री हेमलाल मुर्मु जी का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत और जोहार। झारखण्ड और झारखण्डियत की रक्षा तथा झारखण्डवासियों को हक-अधिकार ही हमारा संकल्प, हमारा उद्देश्य है। जय झारखण्ड! **–हेमंत सोरेन**





**आज** दुनिया देख रही है कि कभी जिस माइक्रो-फाइनेंस के हमारे प्रयासों का कुछ लोगों ने मजाक उड़ाया, आज वो कैसे जमीनी स्तर पर इकोनॉमी की बड़ी शक्ति बनकर उभरा है।

**–नरेन्द्र मोदी**

## सूर्योपासना

### धर्म-प्रवाह

**प्रो भगवती प्रकाश**

**ईरान** के प्राचीन 4 भव्य सूर्य मन्दिरों में वजुर्वी का सूर्य मन्दिर है, जिसे इस्लाम के प्रसार पर मस्जिद में बदल दिया गया। अनेक कक्षों से युक्त ईरानी मारागेह शहर के इस मन्दिर के बारे में ह्यमारागेह के सांस्कृतिक विरासत संगठन ने 16 मई, 2004 को ईरान दैनिक पत्र में लिखा है,इस्लाम के पूर्व यह सूर्य उपासना का स्थल था, जहां मित्र के उपासकों के अनेक धार्मिक पर्व सासानी साम्राज्य काल से मनाए जाते रहे हैं। ईरान के निवासियों में इस्लाम के प्रसार के पूर्व पारसी परम्परा में सूर्य को सूर्य, विवस्वान व मिथ्र नामों से पूजा जाता था। भारतीय पुराणों में सूर्य को यम का पिता एवं विवस्वान् कहा गया है। ईरान मे स का उच्चारण होने से पारसी धर्मग्रंथ अवेस्ता में उसे विवाहवन्त कह यिम का पिता बताया गया है। इसी उच्चारण भेदवश सप्त सिन्धु को अवेस्ता में हफ्त हिन्दु लिखा है। यम को यिम कहने से भगवान विष्णु का नाम यिमक्षायेत भी है, जिसका अपभ्रंश जमशेद है। ईरान में मध्य युग के पूर्व सौर उत्सवों की सुदीर्घ परम्परा के अंतर्गत वैदिक सूर्य का स्वरूप रूपान्तरित हुआ है और टर्की व सीरिया में सूर्य या मिथ्र का स्वरूप और बदला था। यूरोप की ग्रीको-रोमन संस्कृति में मित्र या सूर्य या अपोलो का रूप और बदल गया। यूरोप में कोई संग्रहालय ऐसा नहीं है जिसमें इस हिन्द-ईरानी देवता (मित्र) का कोई न कोई चिन्ह, धातु या पत्थर में उभरा हुआ या खुदा हुआ न हो अथवा कोई न कोई शिलालेख या चित्र या कोई न कोई देखने योग्य स्मृतिचिन्ह।

### कॉर्टून वर्ल्ड

नये युग का बरताव ...




साभार कॉटूर्न मूवमेंट

### लेटर टू एडीटर

#### राजनीतिक पराभव

**अपनी** निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है पूरी मृदंग की थाप के साथ। अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। मतदाता इस ठगोरी में क्यूं आ जाता है। सार्थक पड़ताल के लिए साधुवाद! **– मीरा गौतम, रांची**

#### घोषणा बहादुर

**जब**-जब चुनाव का दौर शुरू होता है तब-तब पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए घोषणा पत्रों को तैयार करने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ती। सत्ता हासिल करने के बाद घोषणा पत्र को लागू करना भूल जाते हैं और केवल कागजों में ही सिमट कर रह जाते हैं। घोषणा पत्र लागू करवाने के लिए तय सीमा सुनिश्चित करनी चाहिए। चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दें।

**– प्रकाश सिंह, गढ़वा**

# मन की बात में झारखंड की चर्चा ने राज्य को दी बड़ी पहचान



**मनोज शर्मा**

### सामयिक

**झारखंड** के लोगों के लिए उपलब्धि का क्षण है। संचार का एक सामान्य तथ्य है कि वह आम जन के लिये सुलभ, रूचिकर, प्रेरणादायी भी हो। जब प्रधानमंत्री स्वयं आकर किसी विषय पर जनता के बीच संदेश दें उन लोगों का नाम लें जो अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं, संघर्ष से अपना लक्ष्य प्राप्त किये हैं ,या देश समाज के लिये निःस्वार्थ काम कर रहे हैं तो इसका आम जन में तो व्यापक सकारात्मक प्रभाव होता ही है। प्रधानमंत्री ने कई एपिसोड में झारखंड में गांव कस्बों तक में बेहतरीन कार्य कर रहे लोगों, युवाओं, महिलाओं, किसानों का नाम लेकर उनके बारे में लोगों को बताया। सितंबर 2022 में जब प्रधानमंत्री ने रांची के महिला समूह के शोभा दीदी और उनके सहयोगियों के कार्य की सराहना की तो पूरे झारखंड का गौरव बढ़ा।

75वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने रांची झारखंड के युवा नवीन का विशेष उल्लेख किया और देशवासियों को बताया कि युवा नवीन कैसे झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में लोगों को अवगत करा रहे हैं और बिरसा मुंडा से लेकर सिदो कान्हो व अन्य गुमनाम से स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी लाग अब जान रहे हैं तो यह झारखंड के लिये बड़ा ही उपलब्धि का क्षण था।

92वें एपिसोड में गिरिडीह के पीरटांर के मधुबन पंचायम के सिंहपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के कुपोषण के खिलाफ किये जा रहे कार्यों की दिल खोल कर सराहना की और झारखंड की यह खबर रेडियो और अन्य माध्यमों से पूरे देश में सुर्खियों में आया। दुमका के संजय कच्छप को जिन्होंने अपने प्रयास से चाइबासा समेत अन्य जिलों में 24 लायब्रेरी का निर्माण करवाया है उन्हें लायब्रेरीमैन कह कर जब पीएम ने रेडियो पर पुकारा तो यह झारखंड के लिये बड़ी उपलब्धि थी। वैसे ही गोमो रेलवे स्टेशन जिसे अब सुभाषचंद्र बोस स्टेशन नाम से जाना जाता है, उसके बारे में भी देशवासियों को पीएम ने रेडियो पर अपने कार्यक्रम के माध्यम से ही बताया कि कैसे अंग्रेजों को चकमा देकर इसी स्टेशन से रेल पर सवार होकर निकलने के बाद नेता जी अंग्रेजों के हाथ नहीं आये। उनके इस सफर को महानिष्क्रमण नाम दिया और स्टेशन का नाम गोमो से सुभाषचंद्र बोस स्टेशन रख दिया गया।

कोरोना काल में 31 जनवरी 2021 के अंक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में झारखंड के दुमका के शिक्षा मॉडल की चर्चा की। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान स्कूली शिक्षा जारी रखने के लिए दुमका में किए गए अनूठे प्रयास की सराहना की ।

अभी हाल में प्रसारित 99वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 मार्च को अंग दान करने वालों की तारीफ की। अपने संबोधन में उन्होंने झारखंड के जमशेदपुर की रहने वाली स्नेह लता चौधरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ह्नजब अंगदान या देहदान करने वाला कोई मिल जाता है तो उसमें ईश्वर का स्वरूप ही नजर आता है। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा, झारखंड की स्नेह लता चौधरी ऐसी ही थीं। जिन्होंने ईश्वर बनकर दूसरों को जिंदगी दी। 63 साल की स्नेह लता चौधरी अपना हार्ट, किडनी, आंख और लीवर दान कर के गईं। मन की बात रेडियो पर प्रसारित एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि एक लोकतांत्रिक देश के मुखिया का अपनी जनता से सीधा जुड़ाव और संवाद है जो जनता और सरकार के बीच संवादहीनता को खत्म करने के साथ ही विश्वास का संचार करता है। बेशक इसके लिये चुना गये माध्यम 'रेडियो' का इसमें बहुत बड़ा योगदान है।

**(पत्रकारिता विभाग रांची यूनिवर्सिटी रांची सह संपादक ग्रीन रिवोल्ट पर्यावरण पत्रिका)**

# लोग सत्तू खाना भी भूल रहे हैं : स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**मुरलीधर**

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम के वर्तमान स्वामी स्वामी सत्यानंद जी परमहंस कहते हैं कि आधुनिकता ऐसी हो रही है कि लोग सत्तू खाना भूल गये हैं। सत्तू विशेषकर बिहार प्रदेश के लोगों का एक मुख्य आहार रहा है।

अपने सतसंग में हमारी संस्कृति बोध, हमारे चिंतन, हमारा व्यवहार, हमारी वाणी और हमारी संकीर्णता से लेकर हमारे व्यापक, सर्व व्यापक होने के सिद्धांत की अनुपम व्याख्या करते हैं। स्वामी जी बताते हैं कि सत्तु एक ऐसा आहार है जिसे बिना किसी पात्र के भी खाया जा सकता है और यह संभव होता है गमछा या किसी विपरीत स्थिति में धोती में ही सत्तू और पानी मिलाकर खाने से। अपने साथ गमछा या गमछी रखने की आदत और सत्तु को उसमें गिला कर लेना भी एक कला है। सभी यह कार्य नहीं कर पाते हैं। स्वामी जी हर साल रामनवमी के अगले दिन रांची के टिपूदाना से पहले स्थित बसारगढ़ में ब्रह्म विद्यालय आश्रम के कुटी में आते है और लगभग दस दिन का प्रवास करते हैं।

108 स्वामी सत्यानंदजी परमहंस कहते हैं कि एक बार मैं रामेश्वरम गया था और मंदिर परिसर के समीप खड़ा था। महात्मागण भी खड़ें थे। इस बीच एक व्यक्ति आया और उसने मुझसे कहा कि क्या मुझे शिव का दर्शन हो सकता है। मैंने कहा कि लाइन में लग जाये एक डेढ़ घंटे लगेंगे अवश्य हो जाएगा। वह व्यक्ति बोला मैं उस शिव की बात नहीं कर रहा महाराजजी मैं जो हमारे अंदर शिव है उससे साक्षात्कार की बात कर रहा हूं। मैं बिहार से हूं और रामेश्वर मंदिर परिसर में विगत 35 साल से मेरी दुकान है। यह सवाल सबसे महत्वपूर्ण है जो हमारे ऋषि मुनियों द्वारा साफ बताया गया है।

**राम मिलाये रुप को जो जन खोली होय।**

अमेरिका में पहले दास बिकने बाजार में आते थे। इंग्लैंड, फ्रांस सहित अरब देशों के लोग दासों को खरीदते थे। जब खरीदने वाले बिकने वालों से उनका नाम पूछते थे तब बिकने वाला दास कहता था जिस नाम से आप पुकारेंगे वही मेरा नाम होगा। क्या काम कर सकते हो पूछने पर कहता कि जो काम मालिक देंगे वहीं काम करेंगे। दास का कोई च्वाईस नहीं होता।

यही बात हमारे संस्कृति और भक्ति में सबसे उपर है और वह है दास भाव। यह दास भाव प्रेम की उचांई में प्रकट होती है। समाधि सरकार कहा करते थे कि राधा की भक्ति सर्वोत्तम है। सीता के साथ राम हैं गौरी के साथ शंकर हैं लेकिन कृष्ण के साथ राधा है। कृष्ण ने रास में सभी गोपियों को बुलाया। राधा सहित सभी पहुंची। ये विवाहित परिवारिक थीं। लेकिन उनकी प्रेम की उचांई दासत्व और समझ में एक को स्वीकार करने की समझ थी। कृष्ण को सर्वस्व अर्पण किया था। कृष्ण ने कहा कि गोकुल में मेरा समय समाप्त हो गया है आपसब अपने घर लौट जाये।

गोपियों ने कहां हमारा घर कैसा हम सब कुछ आपको समर्पण कर चुके हैं। भक्ति की यही संपूर्णता है कृष्ण ने गोपियों से कहा कि तुमलोगों ने जब मुझे सर्वस्य समर्पित कर दिया है तो तुम्हारा घर कैसा? वह मेरा घर है और तुमसब जाकर मेरा घर संभालो। हमारे आश्रम में महात्मा दर्शनानंद जी का समर्पण इसी कोटि का था। वर्तमान में हमारे महात्मा व्यासानंद जी का भाव, कर्म और कृत्य सब कुछ गुरु को समर्पित है उनका अपना कुछ नहीं है। हमारे गुरुदेव समाधि सरकार ने रापुर आश्रम बनाकर उसे अपने गुरुदेव गढ़वा घाट काशी को सपर्पित कर दिया। जो कुछ किया गुरु आदेश का ही पालन किया। राजपुर आश्रम में बोर्ड लगा है दासनुदास का। ऐसी भक्ति की उंचाई आधुनिक काल में दूसरा कोई नहीं है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### घाघरा जल प्रपात में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज



केरेडारी। केरेडारी प्रखण्ड के पहरा अंतर्गत घाघरा जल प्रपात में प्रत्येक वर्ष के तरह इस साल भी बैसाखी मेला का आयोजन किया जा रहा है। पहरा के ग्रामीणों के द्वारा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्टा का आयोजन भी किया जा रहा है । केरेडारी प्रखण्ड में पर्यटक स्थलों में से एक घाघरा जल प्रपात है जहाँ की खूबसुरत वादिया लोगो को मनमोह लेती है। चारो ओर पहाड़ो से घिरा घाघरा जल प्रपात बीच मे बहता सीतल जल लोगो को अपने ओर आकर्षित करते रहता है। आचार्य बनारस मिश्रा ने बताया कि 14 अप्रैल को मीन संक्रान्ति मनाई जाती है। जिसे लोगो के द्वारा कुछ क्षेत्रों में बैसाखी पर्व के नाम से तथा सतुआ संक्रान्ति भी कहते है। इसके साथ खरमास समाप्त हो जाएगा किंतु गुरु के अस्त चलने के कारण विवाह आदि शुभ कार्यो के लिए मुहूर्त शुरू नही हो पाएगा । इस पर्व में सत्तू ,गुड़ , आम खाना खिलाना एवं ऋतु फल के साथ सत्तू दान करना पुण्य फल कारक होगा।

### विहिप ने चुरचू बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

चरही। जमशेदपुर में पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने महामहिम राज्यपाल के नाम से चुरचू बीडीओ को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में लिखा गया है कि एक समुदाय के लोग सनातन धर्म के संस्कृति को खंडित करने और सौहार्द वातावरण को बिगाड़ने को लेकर मंदिर के पवित्रता को भंग किया गया है ।मंदिर के समीप रहने वाले सनातन धर्म के लोगों ने इस घृणित कार्य को जमकर विरोध किया है ।तुष्टिकरण राजनीति करने वाली सरकार के विरोध करने वाले सनातन धर्म को मानने वाले सनातनियों के परिवार वालों को अभियुक्त बनाकर कार्रवाई की जा रही है ।जो न्यायपूर्ण नहीं है ।विश्व हिंदू परिषद ने इस घृणित घटना और बेकसूरों पर हो रही कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग महामहिम राज्यपाल से की गई है ।ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के सतीश कुमार साहू,गौतम सोनी,निर्मल उर्फ किट्टी ठाकुर और बिनोद ठाकुर शामिल थे।

### लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने फूंका पुतला

चरही। बीते दिन सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कार्यकताओं पर लाठी चार्ज किया गया था ।जिसके विरुद्ध में चरही चौक पर चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया ।तथा काला बिल्ला लगाकर विरोध किया गया ।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मरारी सिंह,उपाध्यक्ष रोहित महतो,वरिष्ठ नेता फुलेश्वर महतो,सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार साव,विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक आरिफ अंसारी, गब्बर सिंह, गौतम सिंह, घनश्याम करमाली,उमेश ठाकुर, आनंद ठाकुर,आनंद सिंह,गुड्डू बर्णवाल,लालन शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चनारो पैक्स के अध्यक्ष बने जुगेश्वर महतो

चरही । चनारो पंचायत भवन में कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स ) चनारो पैक्स का चुनाव गहमागहमी के साथ के साथ कि गई ।सुबह से ही सदस्य अपने मत को प्रयोग करने के लिए जमे हुए थे ।इस चुनाव में तीन प्रत्याशी जिसमें जागेश्वर महतो,जुगेश्वर महतो और नरेश यादव चुनाव मैदान में थे ।मतदाताओं की संख्या 231है ।इस चुनाव में जागेश्वर महतो को 91,जुगेश्वर महतो को 92 और नरेश यादव को 05 प्राप्त हुए ।जिसमें 02 मत रदद् हुए ।कुल 190 सदस्यों ने मतदान किया ।इस पैक्स के चुनाव में जुगेश्वर महतो विजय घोषित किये गए।

### पंचायत भवन की जमीन को मुक्त कराने की मांग

कटकमसांडी। प्रखंड के लुपुंग पंचायत के मुखिया दीलीप पासवान ने प्रखंड विकास पदाधिकारी वेदवती कुमारी अंचल अधिकारी अनील कुमार और थाना प्रभारी आनंद आजाद को आवेदन देकर लुपुंग गांव के सिकंदर राणा पर पंचायत भवन के उत्तर दिशा की खाली जमीन पर मनरेगा योजना के तहत पेड़ लगाया गया था। लेकिन सिकंदर राणा के द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर चारदीवारी किया जा रहा है। पंचायत के मुखिया दीलीप पासवान ने अवगत कराते हुए डीसी महोदय को आवेदन देकर सरकारी जमीन को मुक्त कराने की मांग किया है।

### मुखिया ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

दारू । दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत की मुखिया रीना देवी अपने पति राजेश कुमार के साथ गुरुवार को ग्राम गाड़ीसाडम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया । केंद्र में बच्चों की उपस्थिति कम देख कर सेविका विन्दा देवी से उपस्थिति पंजीकरण रजिस्टर मांगा गया तथा कितने बच्चों को पोशाक वितरण किया गया इसकी भी रजिस्टर सूची मांगी गई तो सेविका ने केंद में रजिस्टर उपलब्ध नही होने की बात कही और बताया कि रजिस्टर दूसरे आंगनबाड़ी केंद्र में है । मुखिया रीना देवी ने बताया की इस केंद्र की शिकायत ग्रामीणों द्वारा बार बार की जाती थी इसके पहले भी केंद्र की जांच के दौरान केंद्र संचालन में अनिमियता बरती जा रही थी।

### बड़कागांव में निकाली गयी शोभायात्रा



बड़कागांव ।प संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की रथ यात्रा निकाली गई। अधिकांश युवक ब्लू वेशभूषा में रथ के साथ अपने-अपने मोटरसाइकिल से प्रखंड के 23 पंचायतों में जागरूकता के लिए शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा बड़कागांव चौक स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा स्थल से शुरू की गई।14 अप्रैल को आदमकद प्रतिमा स्थल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी ।रथ यात्रा एवं शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव लखींद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष कृष्णा राम आर्ट,मनोरंजन मंत्री अजीत कुमार रवि,अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार,पूर्व पंसस राजीव रंजन,रामेश्वर राम,चंदन गुरु,संजय कुमार रवि ,सुरेंद्र राम ,रवि कुमार, जीत कुमार,रोशन मेहरा,निरंजन राम,जीतू राम,संतोष राम,वीरेंद्र कुमार दास,चिरंजीवी शेखर ,शंभू रविदास, धर्मेंद्र रविदास ,रामचंद्र राम ,छोटू राम ,राजू कुमार, जितेंद्र कुमार रवि समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### मोटरसाइकिल डिक्की से 10,000 की चोरी

बड़कागांव। बड़कागांव झारखंड ग्रामीण बैंक के पास खड़ा मोटरसाइकिल से 10,000 नगद, बैंक पासबुक, चेक बुक, आधार कार्ड सहित अन्य कागजात की चोरी की गई। भुक्तभोगी बड़कागांव प्रखंड के सोनबरसा गांव निवासी निर्मल साव द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि बैंक ऑफ इंडिया से पैसा निकासी कर झारखंड ग्रामीण बैंक के पास पैसा सहित सभी कागजात स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के डिक्की में रख कर डेली मार्केट में सब्जी खरीदने पति-पत्नी गए। सब्जी खरीद कर जब वापस आए तो डिक्की खुला हुआ देख खोजबीन करने लगे तो देखा गया कि डिक्की से पैसा एवं अन्य कागजात गायब है।

### राधा गोविंद विवि में लगा रक्तदान शिविर

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में ब्लड डोनेशन शिविर प्राइम हॉस्पिटल के तत्वाधान में लगा । सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि हम सभी को स्वस्थ्य समाज के परिकल्पना को साकार करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम को समय-समय पर आयोजित करते रहना चाहिए जिससे हमारा समाज स्वस्थ्य और सुरक्षित रहे । वहीं, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा की आए दिन न जाने कितने ही लोग रक्त की कमी जैसी परेशानी से जूझते हैं । यह परेशानी दुर्घटना और प्रसव के दौरान अधिक देखने को मिलती है ।

# शिलान्यास पट्ट पर नाम नहीं होने से जनप्रतिनिधियों में रोष

**केरेडारी प्रखड के 16 पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा कराया जा रहा सड़क निर्माण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**केरेडारी।** हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखड में 16 पंचायतों में जिले के विभिन्न विभागों के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। मगर, शिलान्यास पट्ट स्थानीय जनप्रतिनिधियो के नाम नहीं होने से विवाद खड़ा हो गया है।

दरअसल, सड़क निर्माण का शिलान्यास स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद द्वारा कि जा रही है। अब जनप्रतिनिधियो का आरोप है की इस शिलान्यास कार्यक्रम समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जानकारी तक नहीं देते है। विधायक शिलान्यास कर चली जाती है। बताते चलें की शिलान्यास पट्ट में विधायक अम्बा प्रसाद ,सांसद जयंत सिन्हा, जिला परिषद का नाम केवल अंकित रहता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों में प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य का नाम नही अंकित रहता है ।जनप्रतिनिधियों का यह भी आरोप है की शिलान्यास पट्ट उद्धघाटन के कार्यक्रम में केवल विधायक अम्बा प्रसाद और उनके सहयोगी होते है बाकी जनप्रतिनिधियों का पता ही नही चलता है। शिलापट्ट पर नाम नहीं होने को लेकर कई बार जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री तक शिकायत की गयी है मगर इस बात को जिला प्रशासन व राज्य सरकार द्वारा कोई तवज्जो नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण प्रखंड के मुखिया, प्रमुख व वार्ड सदस्यों में नाराजगी देखी जा रही है। केरेडारी प्रखंड के कई पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि ने कड़ी आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होंने कहा है कि यह प्रोटोकॉल के खिलाफ है। शिलान्यास पट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम भी होना चाहिए । यह दुर्भाग्य है कि दरकिनार कर शिलान्यास किया जा रहा है।

**क्या कहती है केरेडारी प्रखण्ड प्रमुख:** केरेडारी प्रमुख सुनिता देवी ने कहा कि स्थानीय विभाग से मांग करते है कि लगे हुए शिलान्यास पट्ट को हटाकर नया शिलान्यास पट्ट लगाई जाए। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम अंकित हो। फिर से शिलान्यास कार्यक्रम किया जाए। विधायक अपना छवि बचाने को लेकर उपायुक्त महोदय के पास ज्ञापन सौंपे है। जब जनप्रतिनिधियों के बारे में इतना ही ख्याल था तो वर्षों से कहा थे पिता,माता,बेटी।




### विस्थापितों ने भुरकुंडा पीओ को सौंपा ज्ञापन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित गांव बलकुदरा में विकास कार्य कराने को ले गुरूवार को विस्थापित सह झामुमो नेता योगेंद्र यादव ने भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र में योगेंद्र यादव ने कहा है कि सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत बलकुदरा खदान से विगत कई वर्षों से कोयला का आउटसोर्सिंग का कार्य बड़े पैमाने में किया जा रहा है। वर्षों से उक्त जमीन में कोयला उत्खनन कर राष्ट्रहित, उद्योगहित में कार्य कर प्रत्येक वर्ष सरकार को करोड़ों रूपये का मुनाफा हो रहा है। लेकिन दुर्भाग्य है कि यहां के स्थानीय विस्थापितों के सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहण के बावजूद न तो यहां कोई विकास का कार्य हुआ है।

# पूंजीपतियों के हाथों में है देश की बागडोर : अकेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुड़ियों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दूल मनान वारसी की अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित हुए। उन्होंने लोकतंत्र खतरे में बताते हुए कहा कि संविधान द्वारा दिये गए मौलिक अधिकारों को हनन करने की साजिश किया जा रहा है ।जिसमे अभिव्यक्ति के अधिकार को केंद्र द्वारा कुत्सित तरीके से समाप्त कर दिया जायेगा ।देश की बागडोर पूंजीपतियों ने अपने अधिकार में लेकर सरकार को मात्र कठपुतली की तरह प्रयोग करने की कोशिश की जा रही है ।देश की सरकारी कंपनियों को निजी कंपनियों के हाथों मोदी सरकार बेचने के लिए मजबूर दिखाई दे रही है ।जनहित मुद्दों को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा सवालों के पूछे जाने पर राहुल गांधी की सदस्यता मोदी सरकार ने साजिश के तहत सदस्यता रद्द करवा दी। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम कर रहा है। कहा कि देश को पूंजीपतियों को सौंपने की तैयारी हो रही है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, जागेश्वर यादव, संजय कुमार, मेघलाल महतो, रामेश्वर पांडे, रमजान जी, बाबू लाल यादव, बैजनाथ यादव, प्रकाश यादव, रामचंद्र यादव, बहादुर पासवान, रामानंद यादव, सुनील पांडे आदि उपस्थित रहे।

**गुड़ियो में जय भारत सत्याग्रह में शामिल हुए विधायक**



### आजसू ने निकाला न्याय मार्च, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़।** आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में गुरूवार को कोठार ओवर ब्रिज से उपायुक्त कार्यालय तक न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च में रामगढ़ ज़िले से सैकड़ों आजसू पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित सभा में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी , रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए।

पार्टी का प्रतिनिधि मंडल ने खतियान आधारित नियोजन नीति,सरना धर्म कोड लागू करना,जातीय जनगणना करवाना, आंदोलनकारियों को उचित सम्मान देना,पूर्व मे शामिल शामिल अनुसूचित जनजाति को पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करना, बेरोजगारों को रोजगार देना, संसाधनों की लूट बंद करना संबंधी सात सूत्री ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा।

# सदर विधायक का बेलरगड्डा में स्वागत

कटकमसाडी ।हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने दैनिक दिनचर्या के कार्य और सेवा कार्यालय में जनसमस्याओं से रूबरू होने के अलावे लगातर जनता के बीच उनकी समस्या जानने और समस्याओं के निराकरण के प्रयास के लिए बने रहते हैं। गुरुवार को अहले सुबह से देर दोपहर तक विधायक मनीष जायसवाल ने अपने सेवा कार्यालय में लोगों की समस्याओं से मुखातिब होने के बाद शाम को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कंडसार पंचायत स्थित ग्राम बेलरगड्डा पहुंचे। यहां पहुंचते ही विधायक मनीष जायसवाल के लिए पहले से एकजुट संपूर्ण ग्राम वासियों ने गाजे-बाजे के साथ विधायक मनीष जायसवाल का फूल- माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया। ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक मनीष जायसवाल ने यहां नवनिर्मित हनुमान मंदिर का निरीक्षण किया और नवनिर्मित मंदिर के जीर्णोद्धार में हर संभव सहयोग का भरोसा ग्रामीणों को दिया ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जनसेवा के साथ क्षेत्र का विकास और अपने धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करना ही हमारे जीवन का मकसद है। मंदिर सनातन संस्कृति का आधार है और जब तक आस्था का प्रतीक मंदिरों का सुदृढ़ीकरण नहीं होगा तब तक हम अपनी संस्कृति का विकास नहीं कर सकते। मनुष्य जीवन में अध्यात्म, एकाग्रता और आत्मचिंतन का मंदिर से बड़ा मध्यम ओर कुछ भी नहीं हो सकता। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि मंदिर के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार में यथाशक्ति अपना सहयोग अवश्य सुनिश्चित करता हूं और ईश्वर की कृपा रही तो आगे भी इस परंपरा को बरकरार रखूंगा।



### दो हाई स्कूल का निर्माण कार्य भाजपाइयों ने रोका

**बिष्णुगढ़ ।** 5 करोड़ के लागत से बन रहे +2 हाई स्कूल के निर्माण कार्य को भाजपाईयों ने रोका दिया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में बालू व इट घटिया किस्म के लगाए जा रहे हैं। वही पिलर की ढलाई में बांधे जा रहे रिंग की भी दूरी अधिक है। भाजपा मंडल अध्यक्ष केवी मंडल व डोमन गुप्ता ने कहा कि कार्य को तब तक बंद रखा जायेगा जब तक की गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं किया जाएगा।.वहीं नियम संगत कार्य करने के पूर्व लोगों के बीच ऐस्टीमेट दिखाना होगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष केबी मंडल ने कहा कि स्थल पर कार्य कर रहे श्रमिकों से बात करने पर श्रमिकों ने बताया कि ईट जुड़ाई के लिए 1:5 का मसाला तैयार किया जाता है । ढलाई के लिए 1:2 : 3 का मसाला तैयार किया जाता है जिससे निर्माण कार्य होता है।

### पहली बार दिखा ब्लैक हेडेड आइबिस

**रजरप्पा।** ब्लैक हेडेड आइबिस वेडिंग चिड़िया पहली बार बीआईटी मेसरा रांची के समीप एक खेत में देखी गईं है। यह चिड़िया आइबिस परिवार से आते है। जब इसकी ब्रीडिंग का समय आता है तो इनके टेल फेधर सफेद से काले हो जाते है। ये ईस्ट और साउथ इस्ट एशिया में पाए जाते है। ये समुंदर के आस-पास, झीलें या जहाँ पानी हो वहाँ रहना पसंद करते है। लेकिन पिछले कुछ सालो में इनकी संख्या में काफी गिरावट आयी है।

# धोबघट में सड़क निर्माण की उम्मीद बंधी

**बरही।** आजादी के दशकों वर्ष बीत जाने के बावजूद प्रखंड के रानीचुवां पंचायत के धोबघट में विकास की कोई किरण पहुँच पाने पर असमर्थ है।अभी भी पहाड़ की चोटी पर निवास कर रहे ग्रामीण महिलाओं को प्रसव के लिए खटिया द्वारा मुख्य सड़क पर लाया जाता है।

जिसके समाधान हेतु बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रानीचुंवा पंचायत के धोबघट में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों का दशकों से चीरप्रतीक्षित मांगो में से एक सड़क निर्माण की समस्या के समाधान को लेकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला संबंधित पदाधिकारियों के साथ गांव पहुंचे। जहां विधायक उमाशंकर अकेला की अध्यक्षता में ग्रामसभा आयोजित हुआ। जिसमे वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार, फोरेस्टर आनंद सिंह, दीपक कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ओड़िशा में जेएसपी लगायेगा रेल मिल

बासल (रामगढ़)। जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में निरंतर योगदान करने के अपने प्रयासों के तहत ओडिशा स्थित अपने अंगुल स्टील परिसर में 12 एमटीपीए की रेल और हेवी स्ट्रक्चर मिल लगाएगी। अंगुल में नई रेल मिल चालू होने के बाद जेएसपी की कुल रेल निर्माण क्षमता 22 एमटीपीए हो जाएगी। छत्तीसगढ़ स्थित रायगढ़ स्टील प्लांट में 1 एमटीपीए (प्रतिवर्ष 10 लाख टन) क्षमता की रेल मिल से जेएसपी ने 1175 एचटी, आर 350 एचटी, एसिमेट्रिक रेल और खासकर मेट्रो-मोनो ट्रेन जैसी तेज गति की गाड़ियों के लिए 1080 एचएच रेल भी विकसित की है। जेएसपी की इस पहल से राष्ट्र गर्वान्वित हुआ है। क्योंकि ये उत्पाद आयात के विकल्प हैं और 25 एमटी से अधिक के भारी-भरकम एक्सेल लोड के लिए आवश्यक भी हैं। इससे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हम एक कदम आगे बढ़े हैं। इन रेलों का उपयोग मुख्य रूप से मेट्रो, बुलेट ट्रेन समेत तेज गति से चलने वाली ट्रेनों के सुचारु संचालन में किया जाता है। रायगढ़ रेल मिल नियमित रूप से भारतीय रेलवे, डीएफसीसी और राष्ट्रीय महत्व की अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं को 260 मीटर रेल की आपूर्ति कर रही है। न्यूनतम वेल्डिंग वाली ऐसी लंबी रेलें ट्रैक सुरक्षा और आरामदायक यात्रा प्रदान करने में उपयोगी हैं। जेएसपी की 1080 एचएच ग्रेड की खास रेल का उपयोग देश की लगभग सभी मेट्रो और आरआरटीएस सिस्टम में किया जा रहा है।



**अंगुल में लगेगी नयी मिल 12 एमटीपीए होगी क्षमता**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल,डुमरी (गिरिडीह)**

**ई0 प्रोक्युरमेंट नोटिस**

निविदा प्रसंग सं0 ज0 सं0 वि0/को0 न0 प्र0 डुमरी/ IFB-03/2023-24 दिनांक :- 08.04.23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Fixation of Boundary Pillar and Plantation of trees Within demarcation line of Bagodar Branch Canal from k.m 11.15 to 41.15 का निर्माण कार्य । |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रूपये 1942996.06 ( रू0 उन्नीस लाख बेयालीस हजार नौ सौ छेयानबे एवं पैसे छः ) मात्र |
| 3. | परिमाण विपत्र का मूल्य | रूपये 5000.00 (रूपये पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | अग्रधन की राशि | रूपये 39000.00 मात्र |
| 5. | कार्य समाप्ति की अवधि | 1 वर्ष |
| 6. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.04.2023, पूर्वाहन 11:00 |
| 7. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023, अपराहन 5:00 बजे तक |
| 8. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवम अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने का स्थान। | कार्यपालक अभियन्ता, कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी (गिरिडीह) |
| 9. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवम अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने की अंतिम तिथि | 09.05.2023, अपराहन 5:00 बजे तक |
| 10. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10.05.2023, अपराहन 2:00 बजे तक |
| 11. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी (गिरिडीह) |
| 12. | ई. पदाधिकारी का संपर्क सं. | 9661727177 |
| 13. | ई. प्रोक्यूरमेंट कोषांग का हेल्पलाईन नं0 | 06546-267462 |

नोट :- केवल ई. निविदाएं ही स्वीकार्य होंगी।
समुचित जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता, कोनार नहर प्रमण्डल,डुमरी (गिरिडीह)

PR 295096 (Water Resource) 23-24 (D)

**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

पत्रांक:........................ दिनांक......................

**शुद्धि-पत्र**

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा GNP/RFP-01/2022-23 2nd Call (Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years) का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR No.293771 Urban Development (22-23)#D है। उक्त ई-निविदा को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा

PR 295089 Urban Development (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर।**

**ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना**

अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना संख्या
जल संसाधन विभाग/कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर/आई.एफ.बी. 02/2023-24 दिनांक 13/04/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Resectioning of Baraghat Distributory from K.M. 1.20 to K.M. 2.5 and Construction of 8 No's Outlets Under Konar Canal Divison, Bagodar. |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 66,52,831.41( रुपये छियासठ लाख बावन हजार आठ सौ एकतीस पैसे एकतालीस)मात्र। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रू0 10000.00 ( रुपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि ) |
| 4 | अग्रधन की राशि | रू0 1,34,000.00 मात्र |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 365 ( तीन सौ पैंसठ ) दिन। |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.04.2023 को 11.00 AM बजे |
| 7 | बीड समर्पित करने का अंतिम तिथि एवं समय | 02.05.2023 को 05.00 PM बजे |
| 8 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात जमा करने का स्थान(कार्यालय) | 1. कार्यपालक अभियंता कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर। 2. अधीक्षण अभियंता तेनुघाट बाँध अंचल, तेनुघाट। 3. मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग, हजारीबाग। |
| 9 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात जमा करने की अंतिम तिथि | 04.05.2023 को 05.00 PM बजे तक क्रमांक 8 पर वर्णित किसी भी कार्यालय में। |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | 09.05.2023 को 02.00 PM बजे |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर। (गिरिडीह) पिनकोड 825322 |
| 12 | ई-प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल नं0 | 8340285398 |
| 13 | ई-प्रोक्यूरमेंट सेल का दुरभाष संख्या | 06546-267462 |

नोट: (1) प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।
(2) केवल ई - निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(3) किसी भी विशेश जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर (गिरिडीह)।

PR 295064 (Water Resource) 23-24 (D)

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला (गुमशुदा की तलाश)**



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि **अपहृता सुमती कुमारी उर्फ अनिता कुमारी उम्र करीब 32 वर्ष पिता स्व0 घनु उरॉव ग्राम लपसर थाना घाघरा जिला गुमला** जिसका कद 4 फीट 6 इंच, रंग सावला, चेहरा चौड़ा, बाल काला, पहनावा सुट सलवार, शरीर सामान्य, ऑख- दाया ऑख खराब, भाषा सादरी, कुड़ुक एवं हिन्दी बोलती है। लापता की तिथि वर्ष 2013 में पीड़िता के द्वारा भेजे गये चिट्ठी में वर्णित पता- सन्त नगर, पालिका बाजार के पास, थाना आर्यानगर जिला रोहतक, राज्य हरियाणा है। इस लापता लड़की के संबंध में अगर किसी प्रकार की जानकारी/पहचान होने पर नीचे लिखे अंकित मो0 नं0 पर सम्पर्क कर सूचित कर सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक, गुमला - 9431706376
2. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला - 8789559911
2. थाना प्रभारी, अहतु - 6200383896

पुलिस अधीक्षक, गुमला।

PR 295142 Police(23-24)#D

# वादो की सरकार वादे पूरा करने के बजाय राज्य को खोखला कर दिया : सहिस

## आजसू ने निकाला न्याय मार्च यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के नेतृत्व में आम बगान (सुभाष मैदान) से न्याय मार्च यात्रा का शुभारंभ हुआ जो जिला मुख्यालय पर पर प्रदर्शन के रूप में तब्दील हुआ और फिर वक्ताओ द्वारा अपने अपने विचार रखे गए।

बतौर अतिथि न्याय यात्रा में शामिल हुआ राज्य के पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि हमारा मकसद यहा धरना प्रदर्शन करने का नही है, हम तो आपके द्वारा किए चुनावी वादे जो सदन में और अपने चुनावी घोषणाओं में जिक्र किया है बस उन्ही को याद दिलाने आए है कि मुख्यमंत्री जी आपने जो वादे किए थे बस उन्ही को पूरा कर दीजिए। आखिर कौन सा विडंबना है कि राज्य के युवा सड़को पर अपने अधिकार को लेकर संघर्ष करते है और आप उनके बातो को सुनने के बजाय उन्ही पर लाठियां बरसा रहे हैं। इसलिए इस राज्य के युवा आपको सत्ता से उखाड़ फेंकने को तैयार है। वही जिला प्रभारी सह केंद्रीय सचिव प्रो रवि शंकर मौर्या ने बताया कि राज्य के मुखिया हिटलरशाही पर उतर गए है उन्हे इतना भी ज्ञान नहीं है की जनता द्वारा चुनी सरकार से सेवा करने का राज्य की जनता की सेवा करने का अवसर मिला है लेकिन आपने तो हर क्षेत्र में लूट मचा रखी है। स्थानीय नीति और नियोजन नीति बनाने में आपकी बेबसी साफ झलक रही है लेकिन प्रचार प्रसार और जनता की आवाज दबाने में आप सबसे आगे निकल गए हैं। यात्रा का नेतृत्व पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने करते हुए बताया कि सरकार के होर्डिंग में लिखा हुआ दिखता है की हेमंत है तो हिम्मत है लेकिन ये हिम्मत लूट -खसोट और युवाओं के भविष्य को छलने और धोखा देने का है। यात्रा में युवा नेता आकाश सिन्हा सैकड़ो युवाओं संग सुदेश महतो के मुखौटा लगा और हाथो में सरकार विरोधी नारों के साथ शामिल हुए।



जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते राज्य के पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, कन्हैया सिंह, प्रो रविशंकर व टीम।

**सात सूत्री मांगों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु मांग पत्र इस प्रकार है**

आजसू पार्टी राज्य में अविलंब खतियान आधारित नियोजन नीति बनाकर रिक्त सभी सरकारी पदों को भरने की मांग पर जोर देती है। साथही रोजगार सृजन के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे बेरोजगारों में व्याप्त निराशा और हताशा दूर हो।

जातीय जनगणना : झारखंड में जातीय जनगणना निहायत जरूरी है। पिछड़ा आरक्षण तय करने के लिए भी यह मजबूत आधार है। झारखंड में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की बहुप्रतीक्षित मांग जातीय आंकलन जनगणना में होता है।

आजसू पार्टी पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थे, उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने और सरना धर्म कोड लागू करने की मांग पर जोर देती रही है।

संसाधनों की लूट बंद हो।

### न्याय यात्रा में उपस्थित आजसू नेतागण

न्याय मार्च यात्रा में केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह, प्रणव मजूमदार, सागें हंसदा, जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष फणिभूषण महतो, संजय मालाकार, बुद्धेश्वर मुर्मू, राजेश कर्मकार, संतोष सिंह, संजय सिंह, कमलेश दुबे, अप्पू तिवारी, दीपक अग्रवाल,मुन्ना सिंह, प्रमोद सिंह, सोमू भौमिक, अजय सिंह बब्बू, बुल्लू रानी सिंह सरदार, आकाश सिन्हा, अशोक मंडल, ललन झा, चंद्रेश्वर पांडेय, मानिक महतो, निरंजन महतो, देवाशीष चौधरी, शैलेंद्र सिन्हा, मृत्युंजय सिंह मनोज ठाकुर, के आलवे जिला के सभी मंडल के अध्यक्ष अपने पूरी टीम के साथ जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने पूरी टीम के साथ के साथ सभी अनूसंगी इकाई के सभी पदाधिकारी जैसे छात्र मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा महासभा, अनुसूचित जाति महासभा, अनुसूचित जन जाति महासभा, बुद्धजीवी महासभा, व्यापार एवम उद्योग महासभा, के अलावे आजसू के सभी कार्यकर्ताओं लगभग हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### एक्सएलआरआई में एचआर कॉन्क्लेव सिंक्रोनाइज का आयोजन कल

**जमशेदपुर।** अभूतपूर्व महामारी के दौरान दुनिया को वर्चुअल मोड के लिए मजबूर किया गया था, एक्सएलआरआई ने कल्पना की और एक्सओएल के माध्यम से अपनी तरह का पहला एआईसीटीई अप्रूव्ड दो वर्षीय ऑनलाइन स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम सफलतापूर्वक लॉन्च किया। एक्सएलआरआई 15 अप्रैल को सुबह 9 बजे से एक्सओएल पीजीडीएचआर हाई टेक, हाई पीपल पर एक विशेष एचआर कॉन्क्लेव सिंक्रोनी लॉन्च कर रहा है, जो विशेष रूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रदान करने के लिए क्यूरेट किया गया है, और प्रख्यात पेशेवरों और तेजी से विकसित एचआर परिदृश्य के क्षेत्र में नवीनतम रुझानों की खोज करता है। विशेष रूप से क्यूरेटेड कॉन्क्लेव में प्रतिष्ठित उद्योग के साथ चार सेशन होंगे। मुख्य वक्ता अमित सचदेव डेटा इंटेलीजेंस : एचआर की रणनीतिक क्षमता की कुंजी पर टाटा बिजनेस के चीफ पीपुल ऑफिसर हैं। हनीदीप सिंह- सीनियर डायरेक्टर- एचआर, पांडो, योगेश कुमार शर्मा पहली पैनल पर चर्चा करेंगे।

### शांतिपूर्वक अदा करें जुम्मे की नमाज : बाबर खान

जमशेदपुर। झामुमो नेता बाबर खान ने शहर के नमाजियों से अपील की है कि जुमा की नमाज शांतिपूर्वक तरीके से अदा करें और जिला प्रशासन को सहयोग करें। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि शास्त्री नगर मस्जिद क्षेत्र से धारा 144 हटाया जाए, और 2 नंबर रोड को आवाजाही के लिए खोला जाए। ज़िला प्रशासन शास्त्री नगर मस्जिद में सीसीटीवी लगवाए। यहां जुम्मे की नमाज सीसीटीवी की निगरानी में करायी जाए।

### शहीद जिरपा लाया के प्रतिमा पर विधायक ने दिया श्रद्धांजलि

**चांडिल।** गुरुवार को नीमडीह के बाड़ेदा टोला बुड़ीबासा में शहीद जिरपा लाया का शहादत दिवस मनाया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने शहीद जिरपा लाया के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया। विधायक ने कहा वीर पुरुषो के आदर्श पर हमें चलने की आवश्कता है। मौके पर समाजसेवी बिपुल सिंह सरदार, अरुण सिंह सरदार, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, हरिदास महतो, हरे कृष्ण सिंह सरदार, शंकर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### टाटा स्टील यूआइएसएल के कर्मियों को इस माह मिलेगा एरियर

**जमशेदपुर।** आज जुसको श्रमिक युनियन में कमेटी मीटिंग हुई। मीटिंग में 6 महीने का एकाउंट्स पास हुआ एंव डिपार्टमेंट से रिलेटेड बात हुई। अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय ने कमेटी मेंबरों को सूचित किया कि वेतन समझौते का एरियर इस महीना मिलेगा।

### बाबा साहेब की जयंती आज, पूरे कोल्हान में निकलेगी बाइक रैली

**जमशेदपुर।** स्वतंत्र भारत के संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव बाबा साहब अंबेडकर की 132 वीं जन्म जयंती के कार्यक्रम के उपलक्ष में आज जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित कार्यालय में डॉक्टर अंबेडकर एससी एसटी ओबीसी एवं माइनॉरिटी वेलफेयर समिति के तत्वाधान में बैठक हुई। समिति के प्रवक्ता शंभू मुखी डूंगरी एवं समिति के सचिव रविंद्र प्रसाद ने संयुक्त रुप से कहा कि 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती के उपलक्ष में पूरे कोल्हान स्तर पर विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी जो जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित एग्री को ट्रांसपोर्ट मैदान में आकर पूरी होगी। इसके उपरांत विभिन्न क्षेत्रों से आए अंबेडकर वादियों के द्वारा एकजुट होकर पूर्वाहन 9:00 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी यह शोभायात्रा ट्रांसपोर्ट मैदान एग्रिको से प्रारंभ होकर स्टेट माइल रोड बारहद्वारी कुंभारपाड़ा होते हुए साकची रामलीला मैदान से होते हुए नेताजी सुभाष मैदान मैदान पहुंचेगी।

# पूरे राज्य में तेज गर्मी ने बढ़ाई स्कूली बच्चों की परेशानी

धालभूमगढ़ में कक्षा तीन की छात्रा हुई बेहोश
कुणाल षाड़ंगी ने राज्य के मुख्य सचिव से की बात
स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड में गर्मी ने असली रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ती गर्मी से लोगों की परेशानी अब बढ़ने लगी है। दिन-प्रतिदन बढ़ते तापमान से दोपहर के वक्त सड़कों पर सन्नाटा रहता है। वहीं, सड़क पर गर्म हवा के झोंके राहगीरों को झुलसा रहे हैं। लगातार बढ़ रही गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल के छात्र-छात्राओं को हो रही है, जब उन्हें दोपहर की चिलचिलाती धूप में अपने घर लौटना पडता है।

गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिले का अधिकत्तम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम पूवार्नुमान की माने तो अगले पांच दिन में तापमान और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में पड़ रही अधिक गर्मी के कारण कई बच्चे स्कूल में बेहोश हो रहे हैं। जिसके चलते छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है। भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी से कई अभिभावकों ने फोन पर समस्याओं से अवगत कराते हुए हस्तक्षेप का आग्रह किया। जिसपर कुणाल षाड़ंगी ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से फोन पर बात करते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सुबह दस बजते ही तेज गर्मी शुरू हो जाती है। सरकारी स्कूलों के बच्चों को दोपहर की तपती धूप में पैदल घर आना होता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं दोपहर 12 बजते ही सड़क पर सन्नााटा पसरने लगा है। ऐसे में बच्चों के स्कूल समय में बदलाव करने की अत्यंत आवश्यकता है। कुणाल षाड़ंगी ने बतया कि गुरुवार को जिले के आदर्श मध्य विद्यालय, धालभूमगढ़ के कक्षा तीन की छात्रा दिव्यांशु कुमारी का बढ़ती गर्मी व तपिश के कारण नाक से खून बहने लगी और वे बीमार पड़ गए। कुणाल ने मुख्य सचिव से बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए स्कूल खुलना भी जरूरी है, लेकिन उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। ऐसे में उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्कूल को प्रातः 6:30 बजे से प्रारम्भ कर अधिकतम 11 बजे तक करने का आग्रह किया। जिसपर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने मामले में उचित संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है।


गर्मी से नाक से खून निकलने पर परेशान छात्रा और कुणाल षाडंगी।

## सीतारामडेरा में तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा आज से


अतर्राष्ट्रीय वक्ता डा नीतू पी चौधरी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** वेलफर मिशन ऑफ इंडिया , जमशेदपुर की ओर से आगामी 14, 15 एवं 16 अप्रैल को सीतारामडेरा स्थित आदिवासी एसोसिएशन हॉल प्रांगण में तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा उठ प्रकाशमान हो का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में 14 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक महिलाओं के लिये विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला को करने का मुख्य उद्देश्य आज के परिस्थिति में मानसिक रूप से जूझ रहे प्रत्येक महिलाओं के आत्मिक जीवन को मरम्मत कर के आध्यात्मिक एवं समाजिक दिशा में प्रज्वलित करना है। साथ ही साथ प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से प्रत्येक परिवारों के लिये विशेष आत्मिक जागृति सभा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में 15 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक युवाओं के लिये विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं परिवारों को आत्मिक रीति से मजबूत करने के लिए महान परमेश्वर के अभिषिक्त दासी सह अंतरराष्ट्रीय वक्ता डॉ नीतू पी चौधरी, चंडीगढ़ से पधार रही है।

# समुदाय विशेष के खिलाफ चैट करने पर तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हाल ही में जमशेदपुर जिला अंतर्गत शास्त्री नगर, कदमा में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक घटना के बाद जमशेदपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक एवमं व्हाट्सएप ग्रुप पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही थी इस क्रम में दिनांक- 12/04/23 को तकनीकी माध्यम से पुलिस को आसूचना प्राप्त हुई कि जमशेदपुर के कुछ लोगों के द्वारा एक 'हिन्दूत्वं' नाम से व्हाट्सएप ग्रुप क्रिएट कर चैटिंग के माध्यम से किसी खास समुदाय/वर्ग के लोगो के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है जिसकी निर्धारित तिथि 12/04/23 की रात्रि में रखी गई है। पुलिस को मिले तकनीकी साक्ष्य का त्वरित सत्यापन के क्रम में उपरोक्त हिंदुत्व ग्रुप के ग्रुप एडमिन 1.सुब्रतो मुखी उम्र-20 वर्ष,पे०- मुरली मुखी पता-धतकीडीह हरिजन बस्ती, थाना-बिष्टुपुर सहित धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अन्य दो उपरोक्त व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य 2. ऋषभ मुखी,


गिरफ्तार युवक।

उम्र-19 वर्ष, पे०-स्व० आलोक मुखी, पता-हरिजन बस्ती, धतकीडीह, थाना-बिष्टुपर 3. अंकित मुखी, उम्र-20 वर्ष, पे०- अमरनाथ मुखी, पता-राम नगर, थाना-कदमा सभी जिला-पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर की पूछताछ के दौरान धार्मिक उन्माद फैलाने में अपनी संलिप्तता की बात को स्वीकार की गई तत्पश्चात उन सभी के पास से उपरोक्त व्हाट्सएप ग्रुप से सम्बंधित मोबाइल फोन को जप्त कर उनकी गिरफ्तारी पश्चात न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

जमशेदपुर पुलिस ने पुनः सभी जमशेदपुरवासियों से आग्रह किया है कि किसी भी अफवाह में न आएं साथ कोई ऐसा कृत्य न करें जिससे विधि व्यवस्था प्रभावित हो।

## लक्ष्मीनगर और प्रेमनगर में जुस्को से पेयजल आपूर्ति शुरु




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विधायक सरयू राय के प्रयास से लक्ष्मीनगर, प्रेमनगर, बजरंगी बगान, मिश्रा बगान, झगरू बगान सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में जुस्को से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो गया है। इसके लिए जुस्को द्वारा रामाधीन बगान में एक नई पानी टंकी का अधिष्ठापन किया गया है ताकि इन क्षेत्रों में सुगमता से पेयजल आपूर्ति किया जा सके। इन क्षेत्र के लोग विगत कई वर्षों से जुस्को से पेयजल आपूर्ति प्राप्त करने के इच्छुक थे। सरयू राय के विधायक बनने के बाद लोगों ने अनुरोध किया था कि उनके बस्ती में जुस्को से पेयजल आपूर्ति करवाने में सहयोग करें। विधायक सरयू राय ने क्षेत्र का भ्रमण के दौरान भी लोगों से पेयजल का कोई सार्वजनिक स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी थी, जिसके बाद विधायक सरयू राय ने उन्हें आश्वस्त किया था कि उनकी बस्ती में जुस्को से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस से टैंकर से नियमित पेयजल आपूर्ति करने का निर्देश दिया था।

## डोबो पुल का नामकरण बिरसा मुंडा व रघुनाथ महतो के संयुक्त नाम से हो : कुड़मी सेना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** आदिवासी कुड़मी समाज के केन्द्रीय प्रवक्ता हरमोहन महतो के नेतृत्व में कुड़मी समाज का प्रतिनिधिमंडल सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर डोबो पुल (कमारगोडा) में प्रतिमा लगाने को लेकर उत्पन्न विवाद प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। उपायुक्त की अनुपस्थिति में ज्ञापन अपर उपायुक्त सुबोध कुमार को सौंपा गया। इस अवसर पर हरमोहन ने प्रशासन से आग्रह किया कि जिस प्रकार मानगो पुल का नामकरण लोकनायक जयप्रकाश नारायण और बिरसा मुंडा के नाम पर रखा गया है उसी तर्ज पर इस पुल का भी नाम बिरसा मुंडा और रघुनाथ महतो के संयुक्त नाम से नामकरण किया जाए। वहीं कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो ने कहा कि दूसरे गुट द्वारा रघुनाथ महतो महतो की प्रतिमा हटाने की चर्चा की है, शहीद शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा किसी भी हालत में नही हटेगा।शहीद रघुनाथ महतो का अपमान कतई बर्दाश्त नही करेगी कुड़मी समाज।इसलिए प्रशासन से मांग की कि जब तक जांच पूरी नही हो जाए उस स्थान पर यथास्थिति बनाकर रखा जाए। कुड़मी सेना के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद कुमार ने कहा कि दोनों स्वत्रंता सेनानी को एक समान सम्मान मिले क्योंकि वह दोनों अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए देश के लिए शहीद हुए है। ज्ञापन सौंपनेवालों में कुड़मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो, राष्ट्रीय महासचिव अरविंद कुमार, कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिशाल महतो, महेश्वर महतो, अचिंतो महतो, देवदीप महतो, मनोज महतो, जयप्रकाश महतो, पीडी महतो, सजय महतो, सचिन महतो आदि शामिल थे।

# कांग्रेस ने गोलमुरी में की नुक्कड़ सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस एवं पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के आह्वान पर गोलमुरी प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भाजपा सरकार के महंगाई नीति के खिलाफ नुक्कड सभा का आयोजन गोलमुरी बाजार एसबीआई बैंक के समक्ष प्रखण्ड अध्यक्ष लक्की शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष श्री आनन्द बिहारी दुबे ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज आम जनता को भाजपा सरकार ने अपने जाल में जकड़ लिया है। मोदी जी के राज में महंगाई पर महंगाई थोपा जा रहा है, और जनता कराह रही है। जब जब जनता आवाज उठाने की कोशिश करती है, तो जनता को महंगाई के मार से कुचल दिया जा रहा है। 2014 में गैस सिलेंडर का कीमत 450 रू थी, आज 1142 रू सिलेंडर कर दिया गया है, यही तो महंगाई रूपी जनता पर अत्याचार है, अब हम मोबाइल फोन के बारे में आप जनता जनार्दन से चर्चा कर रहे है कि 2014 में कांग्रेस के राज में 199 रू में रिचार्ज होता था, अब रिचार्ज को हाथी की तरह भारी भरकम बना कर 799 रू कर दिया गया है। हम जनता से मोदी सरकार कितना बड़ा धोखा किया है, कही ऑख में धुल झोंक कर अपने देश के जनता को ठगा जाता है क्या, अब जनता जागे हम कांग्रेस पार्टी के नेता महंगाई के खिलाफ नुक्कड पर पहुँच कर आप के दुख दर्द को सुनेंगे। आम जनता के समक्ष एक विषय ये रखना चाहता हूँ कि जब पेट्रोल का 21 मई 2022 से दाम स्थिर है, उस वक्त 107 डालर प्रति बैरल थी, जब आज पेट्रोल का किमत 38:97 रू है, और हमें 100 रू में क्यों बेचा जा रहा है। नुक्कड सभा में कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर, जाहिर सिंह जस्सी , सुखदेव सिंह मल्ली, अशोक कुमार सिंह,अतुल गुप्ता, प्रमोद मिश्रा , गुरदीप सिंह , संजय यादव , प्रभात रंजन श्रीवास्तव आदि नेताओं नें भी सम्बोधित किया।

## 30 जून को कोलकाता में सरना धर्म कोड विश्व जनसभा का आयोजन होगा

# देश विदेश के तीन लाख लोग शामिल होंगे : सालखन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पोटका।** आदिवासी सेंगेल अभिमान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा है कि आदिवासी गांव, समाज की स्थिति खतरे में है। उन्होंने इसके लिए तीन आदिवासी स्वशासन व्यवस्था, झामुमो और ईशाई मिशनरियों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। श्री मुर्मू अपने सांगठनिक पदाधिकारी संग गुरुवार को हाता में प्रेसवार्ता कर कहा कि आदिवासी अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी पर हमला तेज है। मगर लगभग सभी आदिवासी गांव- समाज में मरांग बुरु बचाने, सरना धर्म कोड लागू करने, संताली भाषा को झारखंड की प्रथम राजभाषा बनाने और अन्य आदिवासी भाषाओं को समृद्ध करने, सीएनटी, एसपीटी कानून लागू करने, एसटी के हिस्सेदारी को कुरमी / महतो आदि से बचाने, शिक्षित बेरोजगारों को झारखंड में रोजगार दिलाने सहित अहम मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हो रही है। प्रथा, परंपरा, रूढ़ि बचाने के नाम पर हँड़िया,शराब (नशापान), अंधविश्वास, डायन प्रथा, आदिवासी महिला विरोधी मानसिकता और वोट की खरीद बिक्री (राजनितिक कुपोषण) चालू है। इसमे अधिकांश वंश परंपरागत नियुक्त आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के माझी परगाना आदि शामिल हैं। जो जनतंत्र, संविधान, कानून और मानव अधिकारों को नहीं मानते हैं।



उन्होंने दूसरा कारण बताते हुए कहा कि वोट और नोट की लालच में झारखंड मुक्ति मोर्चा ऐसे तत्वों को बढ़ावा देने का काम करता है। झामुमो के सहयोगी संगठन असेका, माझी परगाना महाल, संताली लेखक संघ आदि समाज सुधार और आदिवासी अस्तित्व की रक्षा के बदले उसको बबार्दी और गुलामी की तरफ धकेलने का काम कर रहे हैं। अन्यथा आदिवासी गांव- समाज अबतक एकजुट होकर अपनी रक्षार्थ खड़ा हो सकता था। तीसरा कारण ईशाई मिशनरी को बताया। कहा कि ये अपनी धार्मिक लाभ के लिए भाजपा- आरएसएस का डर दिखाकर जेएमएम- कांग्रेस को साथ देते हुए नकली आदिवासी पैदा कर रहे हैं। जो आदिवासी अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी को लूटाने मिटाने का काम करते हैं। आदिवासियत से ज्यादा ईसाईयत की फिक्र करते हैं। संथाल परगना में सरना आदिवासियों की दुर्दशा इसका साक्षात प्रमाण है। इधर कुरमी, महतो को एसटी हेतु भड़काने के लिए जेएमएम और कांग्रेस मुख्यतः दोषी हैं। इसके लिए आदिवासी सेंगेल अभियान ( सेंगेल) फिलहाल सात प्रदेशों (झारखंड बंगाल बिहार ओडिशा असम अरुणाचल प्रदेश त्रिपुरा) के लगभग 300 प्रखंडों में क्रियाशील है। सेंगेल अभियान 30 जून 2023 को बिग्रेड परेड मैदान कोलकाता में सरना धर्म कोड विश्व जनसभा का आयोजन करेगी। इस जनसभा में तीन लाख लोग देश विदेश से शामिल होंगे। देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर सुमित्रा मुर्मू,बिमो मुर्मू,अर्जुन मुर्मू,भगीरथ मुर्मू,मंगल पाड़ेया,टार्जन मार्डी व सनत बास्के उपस्थित थे। आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा दाबांकी और चेमाईजुड़ी में सभा का आयोजन भी किया गया।




# गुजरात ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब को 6 विकेट से हराया

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.588 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.048 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.341 |
| कोलकाता | 3 | 2 | 1 | 4 | +1.375 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 | +0.225 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.226 |
| बेंगलुरु | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.800 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 0 | -0.879 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 | -1.502 |
| दिल्ली | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.576 |

**पर्पल कैप**



युजवेंद्र चहल
राजस्थान
विकेट: 10

**औरेंज कैप**



शिखर धवन
पंजाब
रन: 233





एजेंसी

**मोहाली।** गुरुवार को आइपीएल 2023 में गुजरात टाइट्ंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से मात दी। पंजाब ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 154 रनों का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में गुजरात ने मैच आखिरी ओवर की पांचवी गेंद पर जीत लिया। आखिरी ओवर में गुजरात को 7 रनों की जरूरत थी। पंजाब के लिए आखिरी ओवर डालने आए सैम करन ने पहली गेंद पर 1 रन दिया, जबकि दूसरी गेंद पर शुभमन गिल की विकेट चटकाई। वहीं इससे अगली दो गेंदों पर करन ने दो रन दिए। ओवर की पांचवी गेंद पर राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर मैच गुजरात को जीता दिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए ओपनिंग बल्लेबाज रिद्धिमान साहा और शुभमन गिल ने गुजरात को अच्छी शुरूआत दी। शुभमन गिल ने 49 गेंद में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 67 रन बनाए, जबकि साहा ने 19 गेंदों में 30 रन बनाए। इनके अलावा साई सुदर्शन ने 19 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पांड्या एक बार फिर फ्लॉप रहे और 8 रन बनाकर चलते बने। अंत में डेविड मिलर ने नाबाद 17 और राहुल तेवतिया ने नाबाद 5 रनों की पारी खेली। इससे पहले पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए थे। पंजाब की ओर से ओपनिंग करने आए प्रभसिमरन सिंह बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौट गए, जबकि कप्तान शिखर धवन 8 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट ने पारी को रफ्तार दी,लेकिन वह भी 36 रन बनाकर चलते बने। भानुका राजपक्षे ने 20 और जितेश शर्मा ने 25 रनों का योगदान दिया। अंत में जितेश शर्मा और सैम करन ने पारी को संभाला, लेकिन वह भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए। जितेश ने 25 और करन 22 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद शाहरुख खान ने 9 गेंदों में 22 रनों की तूफानी पारी खेली। वहीं आखिर में हरप्रीत बराड़ ने नाबाद 8 रन बनाए, जबकि ऋषि धवन 1 रन बनाकर चलते बने। गुजरात की ओर से मोहित शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ 2 विकेट चटकाए, जबकि अन्य चार गेंदबाजों ने 1-1 विकेट हासिल की।

## स्कोड़ कार्ड

**पंजाब : 153/8 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. खान बो. शमी | 00 | 02 | 0/0 |
| धवन कै. जोसफ बो. लिटिल | 08 | 08 | 2/0 |
| मैथ्यू शॉर्ट बोल्ड खान | 36 | 24 | 6/1 |
| राजपक्षे कै. गिल बो. जोसफ | 20 | 26 | 1/0 |
| जितेश शर्मा कै. साहा बो. शर्मा | 25 | 23 | 5/0 |
| सैम करन कै. गिल बो. शर्मा | 22 | 22 | 1/1 |
| शाहरुख रन आउट ( मिलर/ साहा) | 22 | 09 | 1/2 |
| हरप्रीत ब्रार नाबाद | 08 | 05 | 0/1 |
| ऋषि धवन रन आउट (साहा) | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 11

**विकेट पतन**: 1-0, 2-28, 3-55, 4-92, 5-115, 6-136, 7-152, 8-153.

**गेंदबाज** : मोहम्मद शमी : 4-0-44-1, जोशुआ लिटिल : 4-0-31-1, अल्जारी जोसफ : 4-0-32-1, राशिद खान : 4-0-26-1, मोहित शर्मा : 4-0-18-2.

**गुजरात: 154/4 (19.5ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा कै.शॉर्ट बो. रबाडा | 30 | 19 | 5/0 |
| शुभमन गिल बोल्ड करन | 67 | 49 | 7/1 |
| सुदर्शन कै. प्रभसिमरन बो. सिंह | 19 | 20 | 2/0 |
| हार्दिक पंड्या कै. करन बो. ब्रार | 08 | 11 | 1/0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 17 | 18 | 1/0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 05 | 02 | 1/0 |

**अतिरिक्त** :08

**विकेट पतन**: 1-48, 2-89, 3-106, 4-148.

**गेंदबाज**: अर्शदीप सिंह : 4-0-33-1, कगिसो रबाडा : 4-0-36-1, हरप्रीत ब्रार : 4-0-20-1, सैम करन : 3.5-0-25-1, राहुल चाहर : 3-0-24-0, मैथ्यू शॉर्ट :1-0-8-0.

## अश्विन लगा भारी जुमार्ना

चेन्नई। राजस्थान रॉयल्स के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के समय मैदानी अंपायर से पंगा लेना महंगा पड़ गया। उनके ऊपर इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए गुरुवार को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। अश्विन पर मैच के दौरान आइपीएल की आचार संहिता के नियम 2.7 के उल्लंघन के लिए जुमार्ना लगाया गया था। आइपीएल ने बयान में कहा, आइपीएल की आचार संहिता के नियम 2.7 के तहत अश्विन ने लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है। बयान में अपराध की प्रकृति का उल्लेख नहीं है लेकिन खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता का नियम 2.7 सार्वजनिक आलोचना, या किसी मैच से जुड़ी घटना या किसी खिलाड़ी, टीम अधिकारी, मैच अधिकारी से जुड़ी घटना के संबंध में अनुचित टिप्पणी से संबंधित है। मैच के बाद अश्विन ने कहा था कि बुधवार को चेपक में ओस के कारण अंपायरों द्वारा अपनी मर्जी से गेंद को बदलने के फैसले से वह हैरान रह गए थे और इस तरह के फैसले लेते समय निरंतरता होनी चाहिए।



## केकेआर का सामना सनराइजर्स से आज

**कोलकाता।** कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच ईडन गार्डंस में गुरुवार शाम 7.30 बजे कांट की टक्कर होने की उम्मीद है। इस सीजन के अपने पहले मैच में मोहाली में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने के बाद केकेआर को दो नए हीरो मिले, जिन्होंने उसे अगले दोनों मैचों में जीत दिलाई। पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ शार्दुल ठाकुर ने अपने बल्ले से कमाल दिखाया और 29 गेंदों पर 68 रन की तूफानी पारी खेलकर केकेआर को 81 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से केकेआर की निगाहें जीत की हैट्रिक पूरी करने पर लगी हैं।

**कोलकाता** : नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह और जेसन रॉय।

**हैदराबाद**: एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, वाशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मार्कंडेय, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील हुसैन और अनमोलप्रीत सिंह।

## अमन सहरावत का कमाल, एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को दिलाया पहला गोल्ड

एजेंसी



**अस्ताना (किर्गिस्तान)।** अमन सहरावत ने सीनियर स्तर पर प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को 57 किग्रा वर्ग में किर्गिस्तान के अल्माज समानबेकोव को हराकर भारत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। सहरावत ने फाइनल में समानबेकोव को 9-4 से शिकस्त दी। दिल्ली के प्रतिष्ठित छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग करने वाले सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में जापान के रिकुतो अराई को 7-1 से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन के वानहाओ झू को 7-4 से शिकस्त दी। पिछले साल अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले सहरावत ने 2023 सत्र में दूसरा पोडियम स्थान हासिल किया। उन्होंने फरवरी में जागरेब ओपन में भी कांस्य पदक जीता था। दो अन्य भारतीय पहलवान भी गुरुवार को कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहे। दीपक कुकना (79 किग्रा) और दीपक नेहरा (97 किग्रा) अपने सेमीफाइनल मुकाबले हारने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे।अनुज कुमार (65 किग्रा) और मुलायम यादव (70 किग्रा) पदक दौर में जगह बनाने में नाकाम रहे। भारत ने अब तक प्रतियोगिता में 12 पदक जीते हैं। ग्रीको रोमन पहलवानों ने चार पदक जीते जबकि महिला पहलवानों ने सात पदक अपने नाम किए।

## निशानेबाजी विश्व कप के लिए 39 सदस्यीय टीम चुनी

**नयी दिल्ली।** भारत ने जर्मनी के सुहल में एक से छह जून तक होने वाली आइएसएसएफ विश्व कप जूनियर राइफल/पिस्टल/शॉटगन निशानेबाजी प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को 39 सदस्यीय टीम घोषित की। जूनियर विश्व कप के बाद कोरिया में चांगवोन में जुलाई में जूनियर विश्व चैंपियनशिप भी होगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा घोषित टीम में कई ऐसे निशानेबाज हैं जो पिछले कुछ समय से जूनियर स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें पिस्टल वर्ग में सिमरनजीत कौर बरार, राजकंवर सिंह संधू और समीर तथा राइफल वर्ग में अभिनव साव और धनुष श्रीकांत के अलावा शॉटगन वर्ग में शारदुल विहान और प्रीति राजक शामिल हैं। गौतमी भनोट और स्वाति चौधरी (राइफल), अभिनव चौधरी और शुभम बिस्ला (पिस्टल) तथा सबीरा हैरिस और हरमेर सिंह लाली (शॉटगन) जैसे उभरते हुए निशानेबाजों को भी टीम में जगह मिली है।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप- राउंड 4 : डिंग का पलटवार, नेपोमनिशी को हराया, 2-2 हुआ स्कोर




**अस्ताना, कजाकिस्तान।** विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2023 के चौथे राउंड में एक अंक से पीछे चल रहे चीन के डिंग लीरेन नें शानदार वापसी करते हुए रूस के यान नेपोमनिशी के खिलाफ ना सिर्फ जीत दर्ज की बल्कि उन्होने विश्व चैंपियनशिप का कुल स्कोर भी 2–2 करने में सफलता हासिल कर ली है। चौथे राउंड में सफेद मोहरो से खेल रहे डिंग नें ऊंट के प्यादे को दो घर चलते हुए इंग्लिश ओपनिंग से खेल की शुरूआत की और नेपोमनिशी नें फोर नाइट वेरिएशन से जबाब दिया, खेल की शुरूआत से डिंग नें प्यादो का एक मजबूत केंद्र बना लिया था, खेल की 15वीं चाल में डिंग नें अपने एक प्यादे की कुबार्नी देकर केंद्र पर और मजबूत स्थिति से नेपोमनिशी पर दबाव बना दिया। नेपो के लिए मुख्य मुश्किल उनके मोहरो के बीच खराब तालमेल था और ऐसे में खेल की 28वीं चाल में नेपो घोड़े की गलत चाल खेल गए। डिंग नें यहां अपने हाथी को नेपो के घोड़े के बदले कुर्बान करते हुए बाजी अपने हाथ में ले ली और नेपो के राजा की खराब स्थिति और डिंग के घोड़े के शानदार स्थिति नें 47 चाल में डिंग की जीत सुनिश्चित कर दी। 14 राउंड के इस टूनार्मेंट में अब अगला राउंड 1 दिन के विश्राम के बाद खेला जाएगा।

## विश्व ट्रायथलॉन में वापसी करेंगे रूसी, बेलारूसी एथलीट

**मैड्रिड।** विश्व ट्रायथलॉन ने रूसी और बेलारूसी एथलीटों पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के दिशानिर्देश का समर्थन करते हुए कहा है कि दोनों देशों के खिलाड़ी तटस्थ रूप से उसके आयोजनों में हिस्सा ले सकेंगे। विश्व शासी निकाय ने कहा कि वह दोनों देशों के एथलीटों को अपनी प्रतियोगिताओं में लाने के लिये समीक्षा प्रक्रिया पर काम कर रहा है।

## शानमुखा ने टाईब्रेकर के बाद खिताब जीता

एजेंसी




**मुंबई।** आठवें वरीय शानमुखा पुल्ली ने गुरूवार को यहां छठी फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप में खिताब अपने नाम किया। टूनार्मेंट में कई उतार चढ़ाव देखने को मिले और शानमुखी के खिताब की दौड़ में शामिल होने की उम्मीद भी नहीं थी। अंतिम दौर में उन्होंने बीती रात के संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ी के तौर पर प्रबल दावेदार अर्णव खेरेडकर के साथ शुरूआत की। आंध्र के 24 वर्षीय पुल्ली ने दर्श शेट्टी के साथ ड्रा खेला और इस तरह वह तीन खिलाड़ियों के साथ टाईब्रेकर में पहुंच गये। अर्णव आईएम वीरामादित्य कुलकर्णी से हार गये जबकि आयुष शिरोडकर को सौरभ खेडेकर ने हरा दिया। कुलकर्णी, खेडेकर और पुल्ली सभी के नौ में 7.5 अंक रहे। फिर टाइब्रेकर में पुल्ली ने बाजी मारी और वह टूनार्मेंट के चैंपियन घोषित किये गये। उन्हें ट्राफी के साथ 75,000 रुपए का नकद पुरस्कार मिला। कुलकर्णी को दूसरे स्थान और खेडेकर को तीसरे स्थान का पुरस्कार मिला।

## जमाल ने बढ़त बनाई

**चंडीगढ़।** बांग्लादेश के जमाल हुसैन ने पांच अंडर 67 के दूसरे दिन के सर्वश्रेष्ठ स्केर के साथ गुरुवार को यहां एक करोड़ रुपये इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में बढ़त बना ली। ढाका के जमाल का कुल स्कोर सात अंडर 137 है। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर चल रहे जमाल ने नोएडा के अर्जुन शर्मा (68), कोलकाता के मोहम्मद संजू (71), चंडीगढ़ के हरेंद्र गुप्ता (70) और अमेरिका के वरूण चोपड़ा (71) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। कट दो ओवर 146 पर तय किया गया और 51 पेशेवर खिलाड़ियों ने कट हासिल किया। चंडीगढ़ के अंगद चीमा (70) चार अंडर 140 के कुल स्कोर से संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

## स्विट्जरलैंड में साब्ले की ट्रेनिंग की स्वीकृति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) ने राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज धावक अविनाश साब्ले के इस साल होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी के लिए स्विट्जरलैंड के सेंट मोरिट्ज के ट्रेनिंग दौरे को स्वीकृति दे दी है। तीन हजार मीटर स्टीपलचेज धावक साब्ले की स्विट्जरलैंड में ट्रेनिंग का खर्चा मंत्रालय की टार्गेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत उठाया जाएगा। इसमें साब्ले और उनके कोच का विमान किराया, वीजा शुल्क, स्थानीय परिवहन खर्च, रहने और खाने-पीने का खर्च और अन्य खर्चों के अलावा जेब खर्च (ओपीए) शामिल होगा। विश्व चैंपियनशिप के लिए हंगरी के बुडापेस्ट जाने से पहले साब्ले अपने कोच स्कॉट सिमंस के साथ सात से 16 अगस्त तक सेंट मोरिट्ज में ट्रेनिंग लेंगे। साब्ले के प्रस्ताव के अलावा एमओसी ने विभिन्न डब्ल्यूटीटी आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आठ टेबल टेनिस खिलाड़ियों के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी।

जिन टेबल टेनिस खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई उनमें मनिका बत्रा (डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर बैंकॉक, थाईलैंड), जी साथियान (डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर बैंकॉक, थाईलैंड), पायस जैन (डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर बैंकॉक, थाईलैंड), मानुष शाह (डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर बैंकॉक, थाईलैंड), श्रीजा अकुला (डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर बैंकॉक, थाईलैंड), अर्चना कामथ (डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर बैंकॉक, थाईलैंड), यशस्विनी घोरपड़े (डब्ल्यूटीटी यूथ स्टार कंटेंडर पॉडगोरिका और डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर बैंकॉक, थाईलैंड) और दीया चितले (डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर बैंकॉक, थाईलैंड) शामिल हैं। टॉप्स अन्य खर्चों के अलावा खिलाड़ियों का विमान किराया, वीजा शुल्क, स्थानीय परिवहन लागत, रहना और खाने–पीने का खर्चा उठाएगा।

## दोहा डाइमंड लीग के साथ सत्र की शुरुआत करेंगे नीरज चोपड़ा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दोहा में पांच मई को सितारों से सजी डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ सत्र की शुरूआत करेंगे। पिछले साल सितंबर में डाइमंड लीग का ग्रैंड फिनाले जीतने वाले गत चैंपियन 25 साल के चोपड़ा के अलावा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेच भी इस 14 चरण की एक दिवसीय सीरीज की सत्र की पहली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पिछले साल स्टॉकहोम में डाइमंड लीग प्रतियोगिता में रजत पदक के दौरान 89.94 मीटर का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चोपड़ा अभी तुर्किये में ट्रेनिंग कर रहे हैं और 31 मई तक वहां रहेंगे। चोट के कारण यह भारतीय सुपरस्टार दोहा 2022 डाइमंड लीग में नहीं खेल पाया था जहां पीटर्स ने 93.07 मीटर की दूरी के साथ खिताब जीता था जो इतिहास की पांचवीं सबसे लंबी दूरी थी। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वाडलेच 90.88 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस स्टार तिकड़ी के अलावा दोहा प्रतियोगिता में यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकोट (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.16 मीटर), पूर्व विश्व चैंपियन और 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता कीनिया के जूलियस येगो (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 92.72 मीटर) भी टूनार्मेंट में चुनौती पेश करेंगे। ट्रैक एवं फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय चोपड़ा की नजरें इस साल 90 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने पर टिकी हैं। चोपड़ा ने कहा, मैं 90 मीटर की दूरी के करीब पहुंच रहा हूं इसलिए इसे हासिल करना मेरे लिए काफी मायने रखता है। उन्होंने कहा, पिछला साल मेरे लिए अच्छा था जहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ मैंने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वांडा डाइमंड लीग जीती। यह साल नए मौके लेकर आएगा। मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के साथ एशियाई खेल हैं और वांडा डाइमंड लीग खिताब का बचाव भी करना है। वह हालांकि चोट के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक की रक्षा करने नहीं उतरे जो उन्होंने 2018 प्रतियोगिता में जीता था। चोपड़ा ने हालांकि चोट से उबरने के बाद स्विट्जरलैंड में डाइमंड लीग फाइनल जीता। डायमंड लीग 2023 सत्र की शुरूआत पांच मई को दोहा के कतर स्पोर्ट्स क्लब में होगी और इसका समापन अमेरिका के यूजीन (16-17 सितंबर) में दो दिन चलने वाले फाइनल के साथ होगा।

## पेज 1 का शेष

### छविरंजन और ...

**हजारीबाग में भरत प्रसाद के यहां भी छापा :** हजारीबाग बगोदर मार्ग बीएसएफ मेरु चौक में प्रज्ञा केंद्र संचालित करने वाले भरत प्रसाद के आवास और परिसर में संचालित एसबीआई शाखा में भी इडी की छापेमारी हुई। वहीं बिहार के गोपालगंज जिले में भी इडी की टीम गुरुवार को छापेमारी की। गोपालगंज जिले कुचायकोट थाना क्षेत्र के बनतैल गांव में ईडी के अधिकारियों ने परिजनों को अपने कब्जे में लेकर हुई। जिनके यहां छापेमारी हुई वह धनबाद जिले में एसडीपीओ पोस्टेड हैं। **वैभव मणि और घासीराम पिंगुआ से ही हो चुकी है पूछताछ :** इडी ने पहले ही तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी और घासीराम पिंगुआ से पूछताछ कर चुकी है और इसमें आधा दर्जन से ज्यादा अंचलाधिकारी इडी जांच की जद में हैं। यह सभी हेर-फेर आइएएस छवि रंजन के रांची डीसी के कार्यकाल में हुआ है। गौरतलब हो कि इडी रेड में जमीन संबंधी जालसाजी को लेकर कई बड़े खुलासे हुए हैं।

### रांची में मुंडा ने...

मौके पर श्री मुंडा और विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश विकास के रास्ते पर चल रहा है। सबसे अधिक 239 अभ्यर्थियों को रेलवे में नौकरी मिली है। 146 अभ्यर्थियों को रांची रेलवे और 93 अभ्यर्थियों को चक्रधरपुर डिवीजन में नौकरी मिली है। इस दौरान डीआरएम प्रदीप गुप्ता, एडीआरएम, सीपीआरओ निशांत कुमार सहित रेलवे और अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे। **26000 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू :** अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार युवाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा है कि 26000 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू की गयी है। जल्द ही उन शिक्षकों की भी नियुक्ति होगी। **इन विभागों में भी मिली नौकरी :** रोजगार मेले में रांची और चक्रधरपुर रेलवे डिवीजनों के अलावा पोस्टल डिपार्टमेंट (07), झारखंड रूरल बैंक (6), पीएनबी (5), नाबार्ड और रक्षा मंत्रालय के स्टोर डिपार्टमेंट (4-4), जीएसआई (2), सीआरपीएफ, इएसआईसी, सीएसई, यूबीआई, एनबीएस (1-1) में ज्वाइनिंग लेटर बांटे गये। पीएम के प्रोग्राम से झारखंड की टीम ऑनलाईन जुड़ी हुई थी। पीएम के हाथों शुभारंभ होने के बाद रांची में नियुक्ति पत्र दिये गये।

### तीन जिले...

सीएम ने कहा कि निजी तथा वन क्षेत्र की भूमि पर कौन से वनोपज का कितना वृक्ष है तथा उन वृक्षों के उत्पादों का उपयोग किस समूह द्वारा किया जा रहा है, इसका डेटाबेस तैयार करें। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के 12 जिलों में लाह प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही, राज्य में मेडिसिन प्लांट जैसे चिरईता, जामुन, अश्वगंधा, आंवला इत्यादि को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रथम फेज में रांची, गुमला तथा दुमका जिला में वनोत्पाद तथा कृषि उपज हब का निर्माण किया जा रहा है। **किया जा रहा है क्षमतावर्द्धन :** मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि लैम्प्स-पैक्स के लेवल पर ग्रामीण लोगों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य के ए ग्रेड वाले लैम्प्स-पैक्स की संख्या को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। वनोपज राज्य सहकारी संघ लि निरंतर जिला संघ के साथ बैठक आयोजित कर कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है। बैठक में कृषि मंत्री बादल, अपर मुख्य सचिव एल ख्यानग्ते, प्रधान सचिव वंदना डाडेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, व अन्य अधिकारी समेत सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अतीक अहमद का...

**अतीक ड्रोन के जरिये पकिस्तान से मंगाता था हथियार :** पुलिस ने कोर्ट में जो अतीक अहमद को कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए अर्जी दी थी, उसमें माफिया के पाकिस्तानी कनेक्शन की बात सामने आयी है। यह भी बताया गया है कि वह किस तरह से हथियार मंगाता था। कोर्ट में पुलिस की तरफ से दी गई कस्टडी रिमांड अर्जी से अतीक अहमद और अशरफ का पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। अतीक और अशरफ के पास पाकिस्तान से असलहे कारतूस आते थे। **उमेश पाल की मां और पत्नी बोलीं, सीएम ने निभाया फर्ज :** उमेश पाल हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों असद और गुलाम के मारे जाने पर उमेश पाल की मां और पत्नी ने संतोष जताया। मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें पहले से ही सीएम पर भरोसा है। वह हमारे साथ न्याय कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बेटी के सुहाग के कातिलों को सजा दिलवायी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि इस कार्रवाई से पति की आत्मा को शांति मिलेगी। मैं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं।

स्पीड न्यूज

## सेना, वायुसेना ने पूर्वी सेक्टर में अभ्यास किया

**नयी दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच भारतीय सेना और वायुसेना के सामरिक बलों ने पूर्वी सेक्टर में एक बहु-क्षेत्रीय अभ्यास किया। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य निर्दिष्ट क्षेत्रों में संयुक्त योजनाओं पर काम कर इनकी पुष्टि करना था। उन्होंने बताया कि यह अभ्यास पिछले सप्ताह हुआ था।

## सड़क हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत

**होशियारपुर (पंजाब)।** जिले के खुरालगढ़ साहिब में बैसाखी मनाने जा रहे सात श्रद्धालुओं की गुरुवार को तड़के एक ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल लोग हो गए। गढ़शंकर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दलजीत सिंह ने बताया कि जान गंवाले वालों में अधिकतर लोग उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मस्तान खेड़ा के रहने वाले हैं।

## कराची में आग से चार दमकलकर्मियों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में गुरुवार को एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से कम से कम चार दमकलकर्मियों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय जिला उपायुक्त ताहा सलीम ने बताया कि न्यू कराची में घनी आबादी वाले औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कारखाने में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। मामले की जांच की जा रही है।

## आंध्र प्रदेश में हत्या के दोषी 5 को उम्रकैद

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा की एक अदालत ने कोविड लॉकडाउन की पहली और दूसरी लहर के दौरान शहर के आसपास की वृद्ध महिलाओं की हत्या कर उन्हें कोविड से हुई मौतों का रूप देने के जुर्म में पांच लोगों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विजयवाड़ा महिला सत्र अदालत की न्यायाधीश आई. शैलजा देवी ने वेलपुरी प्रभु कुमार (22), सुनकारा गोपी राजू (22), पोनमला चक्रवर्ती (21), मोरम नागा दुर्गा राव (21) और मैडी फणींद्र कुमार (20) को सजा सुनाई और सभी पर 1,300-1,300 रुपये का जुर्माना लगाया।

## पालघर हत्या मामले में एक और गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 15 साल पहले एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसे मिला कर हिरासत में लिये गये लोगों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ताजा गिरफ्तारी ठाणे जिले के मीरा भायंदर इलाके से हुई है। इससे पहले इसी मामले में पिछले महीने उत्तराखंड से दो भाईयों को पकड़ा गया था।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में अभिषेक बनर्जी से पूछताछ करेगी इडी और सीबीआइ

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को सीबीआई और ईडी को तृणमूल कांग्रेस के निष्कासित नेता कुंतल घोष के आरोपों के सिलसिले में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से पूछताछ की अनुमति दे दी। बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार घोष ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियां उस पर घोटाले में अभिषेक बनर्जी का नाम लेने का दबाव बना रही हैं। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने ईडी और सीबीआई को अनुमति दी कि यदि केंद्रीय एजेंसियों को जरूरी लगता है तो वे इस मामले में कुंतल घोष से भी पूछताछ कर सकती हैं। घोष शिक्षक भर्ती घोटाले में न्यायिक हिरासत में है। उसने आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियां उस पर सांसद अभिषेक बनर्जी तथाअन्य बड़े नेताओं के नाम घोटाले से जोड़ने का दबाव बना रही हैं।

# अतीक अहमद को छुड़ाने की थी साजिश

## उप्र में अपराधियों के खिलाफ आगे भी ऐसी ही कार्रवाई होगी : डीजी

▶▶ झांसी एनकाउंटर करने वाली एसटीएफ टीम को डीजी प्रशांत कुमार ने दी बधाई

एजेंसी

**लखनऊ।** सरकार की अपराध और अपराधियों व माफियाओं पर कार्रवाई की मंशा है। सरकार शुरू से ही जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रदेश के झांसी जनपद में उमेश पाल और दो सुरक्षा कर्मियों के हत्याकांड में शामिल पांच-पांच लाख के इनामी आरोपित असद और गुलाम को उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुठभेड़ में मार गिराया है। यह जानकारी गुरुवार को विशेष पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर दी। इस दौरान एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश में उपस्थित रहें।

विशेष डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि 24 फरवरी को प्रयागराज में बड़ी घटना घटित हुई थी। जिसमें महत्वपूर्ण गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी गई थी। इस घटना में हमारे दो बहादुर पुलिस कर्मी भी शहीद हो गए थे। इस जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले पांच लोगों की पहचान कर ली गई थी। स्थानीय व मुख्यालय शासन स्तर से उन पर इनाम घोषित हुए थे।

**अरमान, असद, गुड्डू, शाबिर पर पांच-पांच लाख रुपये का था इनाम :** उन अपराधियों में अरमान, असद, गुड्डू, शाबिर पर पांच-पांच लाख का इनाम था। इनामी आरोपितों की धरपकड़ के लिए यूपी पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया था।



प्रशांत कुमार ने बताया कि आरोपितों की तलाश में लगातार एसटीएफ व सिविल पुलिस की टीमें फॉलो कर रही थी। इस घटना के सम्बंध में पुलिस की टीमें दो महत्वपूर्ण जगहों पर गई थी। इस दौरान साबरमती व बरेली गई टीमों द्वारा जब उमेश पाल हत्याकांड के जेल में बंद आरोपित अतीक और अशरफ को प्रयागराज लाये जाने पर उन्हें छुड़ाए जाने की सूचना मिली। इस इनपुट पर एसटीएफ की टीमों ने इस साजिश को नाकाम करते हुए प्रयागराज हत्याकांड की घटना में शामिल दो इनामी आरोपितों को आज लगभग साढ़े 12 से एक बजे झांसी में घेर लिया। यहां दोनों तरफ से गोलियां चली और एसटीएफ की टीम ने 24 फरवरी को प्रयागराज में जिन आरोपितों को जघन्य अपराध करते हुए सबने देखा था उनमें असद व गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया।

**ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर व पिस्टल बरामद :** आरोपियों के पास से अत्याधुनिक हथियार ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर व पिस्टल बरामद हुए हैं। अतीक अहमद के बेटे असद अहमद और गुलाम का एनकाउंटर करने वाली एसटीएफ की टीम में कुल 12 सदस्य शामिल थे। टीम में दो डिप्टी एसपी, दो कमांडो, दो इंस्पेक्टर, एक एसआई और पांच हेड कॉन्स्टेबल शामिल थे। विशेष डीजी लॉ एंड आर्डर ने कहा कि आगे भी अपराध व अपराधियों के प्रति अनुपालन में हमारी एसटीएफ, एटीएस व सिविल पुलिस ऐसी ही कार्यवाही करती रहेगी। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से एसटीएफ की टीम में शामिल सभी साथियों के कठिन परिस्थितियों में एक अच्छे ऑपरेशन को अंजाम दिए जाने पर धन्यवाद दिया।

### अखलाक की बेटी से होना था असद का निकाह



**मेरठ।** झांसी में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए माफिया अतीक अहमद के बेटे असद ने अपने फूफा डॉ. अखलाक अहमद के घर पर फरारी काटी थी। मेरठ से असद ने आर्थिक सहायता भी ली थी। अखलक की बेटी से असद का निकाह भी होना था। मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र के भवानी नगर में माफिया अतीक अहमद की बहन रहती है। अतीक और उसके बेटे मेरठ में लगातार आते रहते थे। मेरठ के रार्धना के पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे के साथ असद की फोटो वायरल हुई थी।

## राहुल गांधी की याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला

**सूरत/अहमदाबाद।** गुजरात की सूरत कोर्ट 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर 2019 के मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। कोर्ट से 2 साल की सजा सुनाने और संसद की सदस्यता रद्द किये जाने के बाद राहुल गांधी ने अपनी सजा को चुनौती दी है। इस याचिका गुरुवार को आज अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुना। सूरत की अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से विभिन्न जजमेंट के आधार पर दलील दी गई। अदालत ने शिकायतकर्ता और बचाव पक्ष की दलीलें सुनीं। राहुल गांधी की लीगल टीम ने गुरुवार को नए दस्तावेज कोर्ट में पेश कर जवाब देने के लिए समय मांगा। इसके बाद फरियादी पक्ष के वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इस तरह कोर्ट का समय क्यों बर्बाद किया जा रहा है। अदालत ने इस पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाने की घोषणा की है।

# शाह से मिले मांझी, नये समीकरण की अटकलें

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस घटनाक्रम के बाद राज्य में नए सियासी समीकरण बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं। मांझी ने शाह से यह मुलाकात ऐसे समय में की है, जब जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ गठबंधन बनाने के अपने प्रयास के तहत राष्ट्रीय राजधानी में हैं, जहां वह कई विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं।

हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने किसी भी तरह की अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की और अपने इस दावे को दोहराया कि नीतीश में देश का प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण हैं। मांझी ने कहा कि उन्होंने नीतीश के साथ बने रहने की शपथ ली है। भाजपा के साथ हाथ मिलाने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि उसने हम जैसे छोटे दलों के अस्तित्व के खिलाफ बोला है।दलित नेता मांझी के बेटे राज्य में राजद-जद(यू)-कांग्रेस और वामपंथी दलों की महागठबंधन सरकार में मंत्री हैं। मांझी की शाह से मुलाकात, दशरथ मांझी को

### बिहार में होबे खेला




भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की हम की मांग की पृष्ठभूमि में हुई है। उल्लेखनीय है कि दशरथ मांझी ने पहाड़ की दो दशक तक खुदाई कर एक मार्ग बनाया था। उनकी इस उपलब्धि पर एक फिल्म भी बनी है। शाह के साथ अपनी बैठक के बाद हम प्रमुख, नीतीश से मिलने भी पहुंचे ताकि ऐसी किसी भी धारणा को दूर किया जा सके कि वह फिर से अपना रुख बदल सकते हैं। वहीं, भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बिहार में छोटे दलों को साधने में जुटी हुई है। जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण हैं और वह 2024 में बदलाव लाने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने का ईमानदार प्रयास कर रहे हैं। वह जहां भी हैं, मैं उनके साथ हूं। उल्लेखनीय है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में जद(यू) की करारी हार के बाद नीतीश कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए चुने गए जीतन राम मांझी ने 2015 में उन्हें (नीतीश को) कुर्सी सौंपने को कहे जाने पर बगावत कर दी थी और भाजपा से हाथ मिला लिया था।

## जलसंकट से निपटने को देश के 150 जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने देश भर में जल संकट वाले 150 जिलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं ताकि कैच द रेन कार्यक्रम के तहत काम का जायजा लिया जा सके। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कैच द रेन कार्यक्रम वर्षा जल के संचय और संरक्षित करने पर केंद्रित है। अधिकरियों ने एक आधिकारिक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि नोडल अधिकारी वर्षा जल संचयन, संरक्षण उपायों सहित विभिन्न पहलुओं के कार्यान्वयन के समन्वय के लिए संबंधित जिलों का दौरा करेंगे। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस संबंध में, भारत सरकार के अधिकारियों को पानी की कमी वाले चिन्हित 150 जिलों में जेएसए: सीटीआर-2023 के तहत कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय नोडल अधिकारी (सीएनओ) नियुक्त किया जाता है, साथ ही उन्हें जिलों का दौरा करने के निर्देश दिए जाते हैं। केंद्रीय नोडल अधिकारी राज्य और जिला टीमों के अलावा तकनीकी अधिकारियों की टीम के साथ काम करेंगे।पानी की कमी का सामना करने वाले जिले अंडमान निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और तमिलनाडु आदि में हैं।

# शाहरुख की फिल्म डंकी का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म डंकी का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी की आने वाली फिल्म डंकी में शाहरूख खान और तापसी पन्नू की मुख्य भूमिका है। शाहरुख खान की फिल्म डंकी का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी एक फ्रेम में नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान को ग्रीन रंग की टी शर्ट पहने देखा जा सकता है, वहीं उन्हें कंधे पर एक बैग टांगा हुआ है। बताया जा रहा है कि



फिल्म डंकी ऐसे प्रवासियों पर आधारित कहानी है जो यूएस या कनाडा में शिफ्ट होना चाहती है। फिल्म डंकी इसी साल दिसंबर में रिलीज हो सकती है।

### 'जरा हटके जरा बच के' में नजर आयेगी विक्की और सारा की जोड़ी

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान और अभिनेता विक्की कौशल की जोड़ी फिल्म जरा हटके जरा बच के में नजर आयेगी।यह एक फैमिली फिल्म है। इसमें विक्की इंदौर के युवा के रोल में हैं। उन्होंने इस फिल्म के लिए हिंदी को इंदौरी टोन में बोलने का लहजा भी सीखा है। सारा का किरदार प्रॉपर इंदौर से नहीं रखा गया है।




सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा के द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल, 2023 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" अर्थात "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरुकता" रखा गया है।

अग्निकांड एक भयावह प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जन सेवा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

जोहार!

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक पूरे राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि आग की विभीषिका के प्रति वे सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरुकता" रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परतापूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

जोहार!

PRNO : 295105 (IPRD)23-24

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार



EAR LOBE REPAIR
HLCCS
SKIN, HAIR, COSMETICS AESTHETIC AND LASER CENTER
(कटे हुए कान को ठीक करवाएँ)





- बिना टांके (Stitches) के कान ठीक किये जाते है।
- किसी प्रकार का दर्द नहीं होता है।
- किसी प्रकार का कोई परहेज नहीं करना पड़ता है।
- 100% प्रतिशत पक्का Treatment
- किसी प्रकार का कोई भी साईड इफेक्ट नहीं होता है।

Mob. 09334334935, 09431529553
हरमु बाई पास रोड, पुरण विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट अरगोड़ा, राँची 834002



SN संजीव नेत्रालय
सुपरस्पेशलिटी रेटिना हॉस्पिटल
डिमना रोड, उलिडीह थाना के बगल में, मानगो, जमशेदपुर - 831012.
मोबाईल नं॰ : 7283008800 / 9297992288

**संजीव नेत्रालय एक नजर में:** संजीव नेत्रालय विगत 16 वर्षों से भी अधिक समय से चाईबासा, चक्रधरपुर एवं पिछले 4 वर्षों से जमशेदपुर में अर्थात पुरे कोल्हान एवं इसके बाहर के नेत्र मरीजों में एक सर्वश्रेष्ठ नेत्र सेवा प्रदाता के रूप में विख्यात है, जहाँ 20 वर्षों से अधिक समय से 1.50 लाख सफल नेत्र ऑपरेशन करने वाले डॉ॰ संजीव कुमार तिरिया एवं उनकी अनुभवी सर्जनों के साथ प्रतिबद्ध डाक्टरों की टीम द्वारा हर वक्त अपने मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर रहतें हैं। जिनमें दर्द रहित मोतियाबिन्द सर्जरी, एडवान्स विट्रियो रेटिना सर्जरी, काला मोतिया का ऑपरेशन एवं चिकित्सा, आँखों की जाँच, चश्में एवं कान्टेक्ट लेंस के लिए दृष्टि परिक्षण के अलावा सभी तरह के जटिल से जटिल नेत्र रोग के समाधान की सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध है। कोल्हान का एक मात्र आँख का अस्पताल जहाँ रेटिना का अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा आँखों का पर्दा का अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही साथ अत्याधुनिक लेजर मशीनों के द्वारा पर्दा का लेजर ट्रीटमेंट भी किया जाता है। संजीव नेत्रालय में अंतराष्ट्रीय स्तर के एडवांस्ड तकनीक के मशीन द्वारा सभी प्रकार की जाँच एवं ऑपरेशन की जाती है, जिससे मरीजों को ऑपरेशन के पश्चात् आँखों की रौशनी वापस आने में काफी सहायक होती है। संजीव नेत्रालय में फैको पद्धति के द्वारा मोतियाबिन्द का सफलता पूर्वक ऑपरेशन करने के कुछ ही घंटों में छुट्टी लेकर मरीज अपने घर जा सकते हैं। संजीव नेत्रालय हर साल शहर के अलग-अलग स्थानों पर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन करते है जिसमें हजारों मरीजों का नेत्र जाँच एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत ऑपरेशन करवाने का सुविधा उपलब्ध कराती है। संजीव नेत्रालय हर साल 12 हजार से भी ज्यादा आँखों के सफलता पूर्वक ऑपरेशन करते आ रहा है जो अपने आप में एक उपलब्धि है क्योंकि वहां के अनुभवी डॉक्टर, टेक्निशियन एवं सपोर्ट स्टाफ की टीम निरंतर तत्पर रहतें हैं कि कैसे मरीजों को बेहतर से बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान कर सकें। आँखों से संबंधित कोई भी जानकारी के लिए अस्पताल के वेबसाईट www.sanjeevnetralaya.org पर विजिट कर सकते हैं।



डॉ. संजीव कुमार तिरिया
एमबीबीएस एमएस, नेत्र रोग विशेषज्ञ (एम्स न्यू दिल्ली) : जो पटना मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के पश्चात् एम्स नई दिल्ली से एमडी (ऑपथैल्मोलॉजी) करने के अलावा नेपाल के लहान आई हॉस्पिटल से एन्टीरिया सीगमेन्ट सर्जरी में फेलोशिप भी किये हैं। आँख से संबंधित किसी भी बिमारी का ईलाज का अनुभव 20 वर्षों से अधिक का है एवं अब तक उन्होंने 1.5 लाख से अधिक आँख से संबंधित रोगों का सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर चुके हैं। ये अपने आप में एक सम्मानजनक बात है जिनका सेवा अब पूरे कोल्हान क्षेत्र को मिल रहा है।




**जमशेदपुर वासियों के लिए संजीव नेत्रालय लाया है आई चेक-अप की सुविधा अब आपके घर पर**

डिमना रोड, उलिडीह थाना के बगल में, मानगो स्थित संजीव नेत्रालय 14 अप्रैल को अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है उक्त अवसर पर शहर के आँख के मरीजों को विशेष सहायता देने के लिए एक स्किम "आपके घर तक" लाँच किया जा रहा है। बहुत सारे मरीज जो अधिक उम्र के हैं और चलने फिरने में असमर्थ हैं एवं जिन मरीजों के पास समय का अभाव है वैसे मरीजों के लिए उनके घर पर ही जाकर संजीव नेत्रालय की टीम के द्वारा आँख की जांच की जायेगी तत्पश्चात् अगर जरूरी हुआ तो उन्हें अस्पताल पर भी बुलाया जा सकता है और उसके लिए उन्हें अलग से नम्बर लगाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी वे मरीज सीधे अस्पताल आकर डॉक्टर से सम्पर्क कर सकते हैं, इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए मरीज को अग्रिम बुकिंग कराना आवश्यक होगा एवं उन्हें अस्पताल से अग्रिम बुकिंग अथवा मोबाईल नं॰ 7283008800 / 9297992288 पर सम्पर्क की जा सकती है।

Associates for Cashless Services
- ADITYA BIRLA HEALTH INSURANCE
- AYUSHMAN BHARAT JAN AROGYA YOJANA
- APOLLO MUNICH HEALTH INSURANCE COMPANY LIMITED
- BAJAJ ALLIANZ
- BHARTI AXA GENERAL INSURANCE + FHPL TPA
- CHOLA MS GENERAL INSURANCE
- ERICSON INSURANCE TPA PRIVATE LIMITED
- EAST WEST FTA
- ESIC HOSPITAL, ADITYAPUR
- FAMILY HEALTH PLAN (TPA) LIMITED
- FUTURE GENERAL HEALTH INSURANCE
- HEALTH INSURANCE TPA
- HEALTH INDIA TPA PVT. LTD.
- HDFC ERGO GENERAL INSURANCE COMPANY Ltd.
- HERITAGE HEALTH INSURANCE TPA PVT. LTD.
- ICICI LOMBARD
- IFFCO TOKIO GENERAL INSURANCE
- MD INDIA TPA
- MEDI ASSIST TPA
- SAFEWAY INSURANCE TPA PVT. LTD.
- STAR HEALTH GENERAL INSURANCE
- TATA AIG (TPA FHPL)
- UNITED HEALTHCARE INDIA PAREKH
- UNIVERSAL SAMPO GENERAL INSURANCE CO. LTD.
- VIPUL MEDCORP TPA PVT. LTD.
- VIDAL TPA

ADVT.